# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-03-2023

# छात्रा के अपहरण का आरोप, केस दर्ज

**CHAURICHAURA:** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के एक गांव की 11वीं की एक छात्रा को उसी गांव का युवक लेकर फरार हो गया है. छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा चौहान के खिलाफ धारा 363 व 366 के तहत केस दर्ज किया है. छात्रा के पिता का आरोप है कि उनकी पुत्री से गांव का युवक एक साल से फोन पर बात करता था. 11 मार्च को युवक पुत्री को भगा ले गया. प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि कृष्णा चौहान पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है. जल्दी ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पति सहित सात पर दर्ज कराया केस

**CHAURICHAURA:** चौरीचौरा पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, दो ननद, ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के तहत केस दर्ज किया है. ममता पत्नी सत्री उर्फ अंगद पुत्री राघव प्रसाद ग्राम भरतपुर (अमुरतानी टोला) थाना चौरीचौरा ने बताया कि उसका विवाह 21, अप्रैल, 2022 को राजी जगदीशपुर टोला बड़की राजी में हुआ था. शादी के कुछ दिन बाद ससुराल वाले तीन लाख रुपया नकद और बुलेट की मांग करने लगे. बीते 6 मार्च को मारपीट कर घर से भगा दिया. प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है.

# पुलिस चौकी बनने का रास्ता साफ

**BHATAHAT:** गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल डुमरी नंबर दो के खपड़हवा चौराहे पर पुलिस चौकी निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. सोमवार को राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने पुलिस चौकी की भूमि पैमाईश करके चिन्हित और सीमांकन किया. इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि जमीन का सीमांकन हो गया है. उम्मीद है कि अगले तीन के भीतर पुलिस चौकी निर्माण का कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा.

# 300 पुलिसकर्मियों का हुआ हेल्थ चेकअप

**GORAKHPUR (13 March):** रचित मल्टीस्पेशियालिटी हॉस्पिटल की ओर से पुलिस लाइन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं कैंसर जागरूकता अभियान चलाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत एडीजी अखिल कुमार ने दीप प्रज्जवल से की. कैंप में रचित हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. रवि राय, डॉ. रश्मि राय, डॉ. अविनाश रेड्डी, डॉ. संतोष कुमार गुप्ता, डॉ. बृजेश कुमार चौधरी, डॉ. अक्षय प्रसाद ने 300 प्लस



पुलिसकर्मियों और उनके परिवार का निशुल्क शुगर, हिमोग्लोबिन, थायराइड और कैल्शियम चेक किया. इसके साथ उन्हें जरूरी सलाह भी दी.

# कर्मचारियों की हड़ताल को देखते बिजली घरों पर तैनाती होगी पुलिस

**16 मार्च को विद्युत कर्मचारियों को 72 घंटे का हड़ताल**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (13 March):** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से 16 मार्च को 72 घंटे की हड़ताल का एलान किया है. इसे देखते हुए बिजली निगम के अफसरों ने सभी बिजली घरों पर पुलिस तैनात करने का फैसला लिया है. ताकि निर्बाध सप्लाई में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न ना हो सके. उधर समिति, यूपी ने ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते को प्रभावी नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है. समिति ने कहा कि प्रबंधन ऊर्जा मंत्री को गुमराह करने का काम कर रही है. समझौते के तहत अगर मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज करेंगे.

## आज लखनऊ में प्रदर्शन

कर्मचारी नेता बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि संघर्ष समिति के अपील पर 14 मार्च को राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन किए जाएंगे. मशाल जुलूस निकाले जाएंगे. शहर में मुख्य अभियंता कार्यालय से शाम 5 बजे बजे मशाल जुलूस प्रारंभ होकर मोहद्दीपुर चौराहा, पैडलेगंज, छात्र संघ चौराहा, शास्त्री चौक होते हुए टाउन हाल गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगा. इस मशाल जुलूस के बारे में संघर्ष समिति की तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दे दी गई है. इसके बाद भी अगर प्रबंधन मांगों को लेकर गंभीर नहीं हुई तो 16 मार्च को रात 10 बजे से 72 घंटे के लिए सभी कर्मचारी और अभियंता हड़ताल पर चले जाएंगे.

गोरखपुर में रिश्तों का आए दिन हो रहा कत्ल

# इतना निर्दयी कैसे हो गया इंसान!

**GORAKHPUR (13 March):** लोगों में संवेदनाएं मर चुकी हैं. सब अपने लिए जीने में लग गए हैं. भाई-भाई का दुश्मन बना बैठा है तो वहीं बेटा-बाप का. जमीन हो या रिलेशन, इसके लिए अपने ही अपनों का खून बहा रहे हैं. आखिर इंसान इतना निर्दयी कैसे हो गया है? ये एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब सभी के पास है, लेकिन मगर जब भी रिश्तों का ऐसे कत्ल होता है तो उनका दर्द फिर बाहर आ जाता है. हाल में हुई घटनाएं उनके जख्मों को कुरेदने के लिए काफी हो जाती हैं. शनिवार को एक बेटे ने अपने पिता को मारकर जहां उनका शव दो टुकड़ों में करके उसे सूटकेस में भर दिया. वहीं गुलरिहा में भी बीतें दिनों ऐसी घटना सामने आ चुकी है, जहां एक बेटे ने अपनी मां की हत्या कर दी थी.

FILE PHOTO



सहजनवां में ट्रिपल मर्डर के बाद रोते-बिलखते परिवार वाले.

## महिला ने पति और बच्चों को मार डाला

गोरखपुर के सहजनवां में 25-26 फरवरी की रात एक महिला नीलम ने अपने पति और दो सौतेले बेटों की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी. पति अवधेश से उसकी रोज लड़ाई होती थी. इसके बाद पत्नी ने उसे मारने का फैसला लिया. रात में पहले पति को पैसा देकर खूब शराब पिलाई. इसके बाद सोते समय उसका गला रेत दिया. पति को मारने के बाद दो छोटे सौतेले बच्चों की भी नीलम ने हत्या कर दी.

- कलयुगी बेटे ने मां को मारकर चार दिन पलंग के नीचे रखा था शव, दुर्गंध हटाने के लिए जलाता रहा अगरबत्ती

## चार दिन तक शव रखकर जलाता रहा अगरबत्ती

गुलरिहा में साल 2022 दिसंबर माह में शिवपुर शहबाजगंज में एक बेटे ने मां के शव को पांच दिन तक बेड के नीचे दबाकर रखा. उसकी दुर्गंध को दूर करने के लिए वो रोज अगरबत्ती जलाता रहा. यहां के रहने वाले 47 वर्षीय निखिल मिश्रा की मां 82 वर्षीय शांति देवी एडी स्कूल से रिटायर्ड थी. दिसंबर माह में निखिल की पत्नी उससे लड़कर अपने मायके चली गई. इसी दौरान उसकी सास यानी निखिल की मां ने दम तोड़ दिया. निखिल ने अपनी मां के शव को पांच दिन तक बेड के नीचे दबाए रखा. इस दौरान उसने शव की दुर्गंध को हटाने के लिए सैकड़ों रुपए की अगरबत्ती जला डाली.

## बेटे ने ही किया पिता का कत्ल

तिवारीपुर एरिया में शनिवार को 62 वर्षीय मधुर मुरली गुप्ता की उनके ही बेटे ने बेरहमी से जान ले ली. शनिवार की शाम करीब 7 बजे मधुर पूजा कर रहे थे. तभी बड़े बेटे प्रिंस ने उनके सिर पर सिल-बट्टे से प्रहार कर बेहोश कर दिया. इसके बाद उसने आरी से उनकी गर्दन रेतकर अलग कर दी. इतना से ही उसका मन नहीं भरा इसके बाद उनके शव को ठिकाने लगाने के लिए प्रिंस ने बॉडी को सूटकेस में भरी और उसे ठिकाने लगाने के लिए रात का इंतजार करने लगा. छोटे बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कुछ ही देर में केस का खुलासा कर कातिल बेटे को अरेस्ट कर लिया. जांच में पता चला कि आरोपी बेटे ने पैसे के लिए बेटे की जान ले ली.

## फैक्ट फिगर

- साल 2023 में सहजनवां में एक महिला ने अपने पति और दो मासूम बेटों की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी.
- साल 2023 में गोला के देवकली में इंद्रबहादुर मौर्य ने पत्नी, बेटे और बेटी की गला रेतकर हत्या की, इसके बाद खुद भी सुसाइड कर लिया.
- साल 2023 में बड़हलगंज में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या कर दी.
- 18 मार्च 2022 को गुलरिहा में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक ने अपने पिता का सिर कूचकर हत्या कर दी.
- 24 मार्च 2022 को गगहा में 60 वर्षीय जगदीश की उनके बेटे ने हत्या कर दी.

## मनौवैज्ञानिक अनुभूति बोली

- आदमी केवल अपने बारे में सोच रहा है.
- केवल अपने उद्देश्य पूरा करना चाह रहा.
- उद्देश्य को पूरा करने के लिए वो कुछ भी करने से परहेज नहीं कर रहे हैं.
- ये लोग ये भी नहीं जानते हैं कि क्या गलत और सही है.
- ये गुंडे मवाली या गलत को ही सही या आईडियल मानते हैं.

## परिवार परमार्श केन्द्र पर देख जाएंगे हर तरह के मामले

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि इधर लगातार परिवार से संबंधित हत्या के मामले आ रहे हैं. जिसमे पत्नी पति की बेटा पिता की हत्या कर रहा है. महिला थाने में परिवार परामर्श केन्द्र पति पत्नी से संबंधित मामलों को हैंडल कर रहा है. अब इसका दायरा बढ़ाया जाएगा. यहां पर पति पत्नी के अलावा परिवार से रिलेटेड जो भी मामले आएंगे उनकी भी गंभीरता से काउंसिलिंग की जाएगी.

# घर में सो रही युवतियों से की छेड़खानी

गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही युवतियों के साथ दो युवकों ने छेड़खानी की. विरोध करने पर आरोपितों ने पिटाई कर दी. सोमवार को पीड़ित युवतियों की तहरीर पर पुलिस ने सुरेश और अभिषेक के विरुद्ध छेड़खानी और एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज किया है. युवतियों ने बताया कि रविवार की रात वह घर में सो रही थी. इसी दौरान आरोपित घुस गए और छेड़छाड़ करने लगे. विरोध करने पर मारा-पीटा. शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर दोनों आरोपित फरार हो गए.

# अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

अपहरण के आरोपित को तिवारीपुर थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया. दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया. थानाध्यक्ष तिवारीपुर चंद्रभान सिंह ने बताया कि पिपरापुर निवासी कलाम के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज था. सोमवार आरोपित को गिरफ्तार किया गया.

# चोरी के सामान के साथ आरोपित गिरफ्तार

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट परिसर में खड़ी एंबुलेंस से उपकरण चोरी करने वाले आरोपित बड़हरिया गांव निवासी अब्दुल कलाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया. सोमवार को पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया. चौकी प्रभारी ज्योति नारायण तिवारी ने बताया कि आरोपित की निशानदेही पर पांच किलो तांबे का तार व तीन फ्लो मीटर समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं.

# बाइक चोरी के मामले में पांच वर्ष कारावास

चोरी की बाइक सहित पकड़े जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कैंट थाना के इंदिरानगर निवासी अभियुक्त मनोज कुमार पांडेय उर्फ बबलू पांडेय को पांच वर्ष के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है. अर्थदंड न देने पर 15 माह का कारावास अलग से भुगतना होगा.

# जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से सीएम योगी ने कहा, 'मत घबराइए, मैं हूं ना'



**GORAKHPUR (13 March):** गोरखनाथ मंदिर में सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिल्कुल मत घबराइए, आपके साथ मैं हूं ना. किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा. उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं. जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए.

## समाधान के लिए दिए निर्देश

गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में सीएम ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की. कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए. उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए. अपराध से संबंधी शिकायतों पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया. जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले इस भरोसे से बहुत संबल मिला.

# जनता दरबार में भाजपा नेता ने लगाई गुहार

**GAGHA:** गगहा के भाजपा मंडल महामंत्री जर्नादन मौर्य ने प्रभारी निरीक्षक के ऊपर तहरीर बदलवाने का आरोप लगाते हुए जनता दरबार में सीएम से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है. उज्जरपार निवासी जर्नादन मौर्य सोमवार को जनता दरबार पहुंचकर अपने बेटे उत्तम मौर्य व निर्भय मौर्य के साथ होली के दिन हुई घटना का मुकदमा दर्ज करने से मना करने पर उच्चाधिकारियों से मुकदमा दर्ज करवाने की गुहार लगाई थी. एसएसपी के निर्देश के बावजूद दो दिन बाद प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर बदलकर मुकदमा दर्ज किया. उन्होंने बताया आरोपी अपने भाई के साथ मिलकर हत्या की धमकी दे रहा है. पुलिस कुछ नहीं कर रही.

# जानलेवा हमले में सात नामजद पर केस दर्ज

**CHAURICHAURA:** चौरीचौरा थानाक्षेत्र के जोधपुर में रविवार देर शाम जमीन के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई. इसमें चंदन भारती (35) के सिर में गंभीर चोट आई. घायल युवक की पत्नी रीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने राम्जीत, संदीप, प्रदीप, सुरहू, राहुल, पिंटू उर्फ अखिलेश व चंद्रदेव उर्फ बृजेश सहित सात नामजद व अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है.

# सिर पर प्रहार से मौत के बाद काटा था पिता का गला

**हि फॉलोअप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। व्यापारी मधुरमुरली गुप्ता की सिर पर सिल-बट्टे के प्रहार से ही मौत हो गई थी। मौत के बाद उनके बेटे ने चाकू और फिर आरी से अपने पिता का गला काटकर सिर को धड़ से अलग किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है।

अभी तक यह आशंका जताई जा रही थी कि मधुर मुरली सिर पर चोट लगने से बेहोश हो गए थे। उसके बाद बेटे ने गला काट दिया था, जिससे उनकी मौत हुई थी। तिवारीपुर के सूर्यकुंड निवासी एक बेटे ने 40 हजार रुपये के लिए न सिर्फ अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी थी, बल्कि मौत के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए उनका गला काटकर अलग कर दिया था। जब यह खबर सामने आई तो बेटे की हैवानियत से पूरा मोहल्ला सन्न रह गया। बताया गया था कि व्यापारी मधुर मुरली गुप्ता के बेटे प्रिंस ने पूरी प्लानिग के साथ अपने पिता की हत्या की थी। शनिवार की शाम को वह कहीं से घर आया। घर पर उसकी दादी और पिता मौजूद थे। प्रिंस के मां की पहले ही मौत हो चुकी है, जबकि प्रिंस की पत्नी नाराज होकर होली के पूर्व ही बेटे संग मायके चली गई थी। छोटा भाई प्रशांत भलोटिया मार्केट में एक दुकान पर काम करता है, वह काम पर गया था।

प्रिंस ने पहले अपनी दादी को पिता के पास से हटाया। उसने दादी से कहा आप चाचा के यहां घूम जाइए, मैं और पापा कहीं जा रहे हैं। उधर, शाम के वक्त मधुरमुरली गुप्ता संध्या पूजा कर रहे थे। इसी बीच मौका पाकर प्रिंस ने सिल-बट्टे से उनके सिर पर पीछे से जोरदार प्रहार किया। चोट लगने से उनकी तत्काल मौत हो गई, जिसके बाद उसने पिता के शव को ठिकाने लगाने का तैयारी करने लगा। उसका इरादा था कि अगर शव बरामद भी हो तो पहचान न हो पाए। इसके लिए उसने सिर को धड़ से अलग करने का प्रयास किया, पहले चाकू से काटा लेकिन चाकू से नहीं कटने पर आरी से पिता का गला काट दिया। पहले एक बोरे में फिर चद्दर में लपेट कर सूटकेस में शव रख दिया। सूटकेस को घर के पीछे नाले के पास रखा था। रात में किसी समय पिता के शव को ठिकाने लगाने वाला था। इसी बीच छोटा भाई प्रशांत आया और पिता को घर पर न देखकर खोजने लगा। पूछने पर प्रिंस ने प्रशांत को बताया कि पिताजी सात बजे कहीं निकले हैं। लेकिन दादी ने बताया कि उसके पिता प्रिंस के साथ ही थे। प्रशांत को घर के अंदर सिलाई मशीन के पास खून दिखा। हालांकि अन्य जगह से प्रिंस ने खून को साफ कर दिया था। शक होने पर प्रशांत ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने शव बरामद करते हुए घटना का खुलासा किया।

## सट्टेबाजी में पैसा हारने से चढ़ा था प्रिंस पर कर्ज

गोरखपुर। सट्टेबाजी की लत ने प्रिंस को कर्जदार बना दिया था। वह आईपीएल सहित तमाम तरह के ऑनलाइन क्रिकेट में सट्टा लगाता था। प्रिंस के दोस्त ने बताया कि एक महीने पहले एक मैच में वह कर्ज लेकर 14 हजार रुपये का सट्टा लगाया था और हार गया था। बढ़ते कर्ज की वजह से ही कर्जदारों ने प्रिंस की बाइक गिरवी रखी थी। 40 हजार रुपये देकर उसे बाइक छुड़ानी थी। आर्थिक तंगी से पहले से ही परेशान चल रहे पिता मधुर मुरली से वह रुपये मांग रहा था।

## गलत आदतों की वजह से पिता ने नहीं की मदद

पिता को उसकी आदतों की जानकारी थी। लिहाजा वह मदद को तैयार नहीं थे, जिसकी वजह से उसने पिता की जान ले ली। पति की गलत आदतों की वजह से परेशान होकर होली के पूर्व प्रिंस की पत्नी अपने बेटे शिवांश के साथ रामजानकीनगर स्थित मायके चली गई थी। शनिवार को प्रिंस ने पिता की हत्या की और रविवार तक उसकी करतूत सभी के सामने आ गई थी। लेकिन उसके बाद भी पत्नी घर नहीं आई। प्रिंस के जेल जाने के बाद सोमवार की सुबह बेटे के साथ पत्नी घर पहुंची और अपने ससुर की शोक संवेदना में शामिल हुई।

## साक्ष्य मिटाने में करीब ढाई घंटे का वक्त लगाया

पूरे दिन परिचितों और रिश्तेदारों के आने का सिलसिला जारी रहा। कुछ लोगों ने परिवार को आर्थिक रूप से मदद का भी भरोसा दिया। सोमवार को घरवाले मीडिया से दूरी बनाते रहे। छोटे बेटे प्रशांत ने पुलिस से ही मामले में जानकारी करने को कहा। वहीं, दूसरी तरफ प्रिंस के एक दोस्त श्रवण ने बताया कि सट्टे की लत ने प्रिंस को कर्जदार बना दिया था। उधर, पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रिंस ने अपने पिता की हत्या करने के बाद साक्ष्य मिटाने में करीब ढाई घंटे लगाया था।

# चोरी की बाइक रखने के जुर्म में 5 साल की सजा

गोरखपुर। चोरी की बाइक बरामद होने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने कैंट थाना के इंद्रानगर निवासी अभियुक्त मनोज कुमार पांडेय उर्फ बबलू पांडेय को पांच साल के कठोर कारावास एवं 20 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को 15 माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल कुमार शुक्ल एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि चार दिसम्बर 2008 को वादी प्रभारी निरीक्षक पद्माकर राय अपने हमराहियों के साथ मोहद्दीपुर चौराहे पर मौजूद थे। मुखबीर से सूचना मिली कि बदमाश चोरी की मोटरसाइकिल लेकर तारामंडल से चम्पा देवी पार्क की तरफ जा रहे है। सूचना पर विश्वास कर पुलिस वाले मौके पर पहुंचे और बदमाशों को घेरकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुए पकड़ लिए। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम मनोज कुमार पांडेय बताया और उसके पास से एक मोटरसाइकिल बरामद हुई जो चोरी की थी। कड़ाई से पूछने पर बताया कि उसने यह मोटरसाइकिल विकास भवन के पास से चोरी की है और इसका नम्बर प्लेट बदलकर इसे चला रहा है और बेचने के फिराक में है।

# अपहरण के आरोपित को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। गोरखनाथ पुलिस ने अपहरण के आरोपित को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपित की पहचान तिवारीपुर क्षेत्र के पिपरापुर निवासी कलाम पुत्र अजीमुल्लाह के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसके खिलाफ धारा 363 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। सोमवार को कलाम को गिरफ्तार किया गया।

### दबाव न मानने पर की छेड़खानी, पुलिस ने आरोपित को दबोचा

# आपत्तिजनक वीडियो बना कर रहा था ब्लैकमेल




**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** राजघाट क्षेत्र में दुकान पर काम करने वाली युवती को एक शोहदा ब्लैकमेल कर रहा था। उसकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देने के साथ ही शनिवार को उसने युवती के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दिया।

युवती की शिकायत पर अश्लील हरकत करने, छेड़खानी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने शोहदे को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ताल क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह काम्प्लेक्स में स्थित दुकान में काम करती है। 11 मार्च की रात आठ बजे घर आने के लिए निकली तो काम्प्लेक्स में काम करने वाले अनस नाम के युवक ने उसे घेर लिया। उसने कहा कि तुम्हारा आपत्तिजनक वीडियो बनाया हूं। मुझसे बात करो और जैसा कहता हूं वैसा करती रहो। विरोध करने पर गाली देने के साथ ही छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। युवती ने दुकान मालिक से शिकायत की तो उन्होंने काम पर आने से रोक दिया।

- युवती से छेड़खानी का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी
- युवती की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया

“ युवती से छेड़खानी करने वाले राजघाट के रायगंज उत्तरी पाकड़ निवासी शहनवाज उर्फ अनस को सोमवार की सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

**कृष्ण कुमार बिश्नोई,** एसपी सिटी

# बीए छात्रा की रिश्तेदार युवती ने वायरल किया अश्लील वीडियो

**सहजनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** 2 गीडा थाना क्षेत्र के गीडा सेक्टर-23 स्थित किराये के मकान में परिवारीजनों के साथ रह रही बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा को उसके रिश्तेदारी की एक युवती फेसबुक पर अश्लील फोटो वायरल कर बदनाम कर रही है। छात्रा ने युवती के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में शिकायत की है।

बिहार के सिवान जिले की मूल निवासी छात्रा अपने परिवार के साथ गीडा इलाके में एक किराये के मकान में रहती है। वह सहजनवां स्थित एक महाविद्यालय से बीए द्वितीय वर्ष में पढ़ाई कर रही है जबकि पास के एक चौराहे पर मेडिकल स्टोर पर काम भी करती है। छात्रा ने पुलिस में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसके रिश्तेदारी की एक युवती जो कि बेंगलुरु में रहती है। वह उसकी अश्लील फोटो फेसबुक पर वायरल कर उसे बदनाम कर रही है। पीड़ित छात्रा ने आरोपी युवती के खिलाफ पहले सहजनवा थाने तहरीर दी लेकिन वहां की पुलिस ने गीडा क्षेत्र का मामला बताकर गीडा थाने पर भेज दिया। अब छात्रा ने गीडा थाने में तहरीर दी है।

- युवती के खिलाफ छात्रा ने थाने में दर्ज कराई शिकायत
- बिहार की छात्रा परिवार के साथ गीडा में किराये के मकान में रहती है

# छात्रा के अपहरण का आरोप, केस दर्ज

**चौरीचौरा।** क्षेत्र के एक गांव की 11वीं की एक छात्रा को उसी गांव का एक युवक बहला-फुसला कर भगा ले गया है। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा चौहान के खिलाफ केस दर्ज किया है। छात्रा के पिता का आरोप है कि उनकी पुत्री एक बालिका विद्यालय में 11वीं की छात्रा हैं। उनकी पुत्री से गांव का एक लड़का कृष्णा चौहान पिछले एक साल से फोन पर बात करता था।

# किशोरी को भगाने पर मां-बेटी पर केस दर्ज

**घघसरा।** सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने गांव की मां-बेटी पर बेटी को बहला-फुसला कर भगाने का आरोप लगाते हुए रविवार को थाने में तहरीर दी। पाली क्षेत्र के एक गांव के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है की मेरे घर में मां-बेटी आती जाती थी। मेरी बेटी को 23 दिसम्बर को बहला-फुसला कर महिलाओं ने कहीं भगा दिया है। उसका मोबाइल भी बंद है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दलित बहनों से बदसलूकी करने पर मुकदमा

**सहजनवा।** सहजनवा के एक ग्राम पंचायत में होली की रात दो सगी बहनों से उनके घर में घुसकर जबरदस्ती करने और मारपीट करने वाले दो लोगों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गीडा थाने में सोमवार को दिए तहरीर में एक युवती ने बताया कि आठ फरवरी की रात 10 बजे उसके गांव के दो लोग घर मे घुस गए और दोनों बहनों से जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर पीट दिया।

# युवती के अपहरण मामले में दो पर केस दर्ज

**सहजनवा।** सहजनवा थाना अंतर्गत पाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती दो महीने से लापता है। लोक लाज के डर से युवती के परिजन दो महीने तक तलाशते रहे। कहीं से कोई सुराग न मिलने पर रविवार को सहजनवा थाने पहुंचे युवती के पिता ने दो नमाजद लोगों पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। सहजनवा पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# रेलवे की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया

**कैम्पियरगंज।** सोमवार को कैम्पियरगंज रेलवे स्टेशन परिसर,उत्तरी रेलवे गेट सहित कई अन्य रेलवे की भूमि से रेलवे विभाग के आईडब्ल्यू ने आरपीएफ एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के संयुक्त टीम के साथ अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। इस दौरान आई डब्ल्यू ने भारी पुलिस बल एवं आरपीएफ टीम की मौजूदगी में रेलवे के दर्जनों कर्मचारियों ने अवैध अतिक्रमण को लेकर तोड़ फोड़ कर अनाधिकृत तरीके से अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण को हटवाया।

# बिजली संविदाकर्मियों ने हड़ताल कर सीई दफ्तर पर धरना दिया

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। विद्युत संविदा कर्मचारी संघ के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बिजली संविदा कर्मचारी सोमवार को हड़ताल पर रहे। इस दौरान कर्मचारियों ने मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर कारपोरेशन के खिलाफ नारेबाजी की। मांगों पर चर्चा करते हुए नेताओं ने कहा कि कारपोरेशन के जिम्मेदार वादा खिलाफी कर रहे हैं। उन्होंने मृतक कर्मियों के आश्रितों को 20 लाख मुआवजा राशि देने की मांग की।

विद्युत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अजय शाही ने बताया कि संविदा श्रमिकों को नियमित कर्मचारियों के बराबर वेतन अथवा आईटीआई को 25,000 तथा श्रमिक को 22,000 वेतन दिया जाए। मृतक संविदा कर्मी के आश्रितों को मुआवजा 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया जाए। संविदा कर्मियों की सेवा नियमावली बनाई जाए। प्रत्येक जिले में ईएसआई की सुविधा प्रदान की जाए।

संविदाकर्मियों की सेवा अवधि 55 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की जाए। संविदा श्रमिकों को 200 यूनिट बिजली मुफ़्त दी जाए। प्रांतीय महामंत्री प्रमोद कुमार पांडेय ने ऊर्जा मंत्री से हस्तक्षेप कर संविदा कर्मियों की न्यायोचित मांगो को पूरा करने की अपील की। इस दौरान धनंजय राजभर, अशोक कुमार, सैयद जुल्फिकार, केदारनाथ गौतम, हरिओम, युवराज यादव, रहमान, अशोक गौड़ीया , चंद्रमणि तिवारी, अशोक रावत आदि मौजूद रहे।



मुख्य अभियंता कार्यालय पर सोमवार को मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन करते बिजली निगम के संविदा कर्मचारी। •हिन्दुस्तान

**55** वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की जाए संविदाकर्मियों की सेवा अवधि

**20** लाख मुआवजा राशि मृतक कर्मियों के आश्रितों को देने की मांग की

- केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मांगों को लेकर आंदोलन पर रहे संविदा कर्मी
- सीई कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर कारपोरेशन के खिलाफ नारेबाजी की

### वादाखिलाफी के विरोध में जताया विरोध

गोरखपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सोमवार की शाम मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन कर ऊर्जा मंत्री के साथ हुए लिखित समझौते को प्रभावी नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। समिति ने कहा कि प्रबंधन ऊर्जा मंत्री को गुमराह करने का काम कर रहा है। समझौते के तहत अगर मांगों पर विचार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज करेंगे। कर्मचारी नेता बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि संघर्ष समिति की अपील पर 14 मार्च को राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिलों में प्रदर्शन किए जाएंगे। मशाल जुलूस निकाले जाएंगे। शहर में मुख्य अभियंता कार्यालय से शाम 5 बजे बजे मशाल जुलूस प्रारंभ होकर मोहद्दीपुर चौराहा, पैडलेगंज, छात्र संघ चौराहा, शास्त्री चौक होते हुए टाउन हाल गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगा। इस मशाल जूलूस के बारे में संघर्ष समिति की तरफ से प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। इसके बाद भी अगर प्रबंधन मांगों को लेकर गंभीर नहीं हुई तो 16 मार्च को रात 10 बजे से 72 घंटे के लिए सभी कर्मचारी व अभियंता हड़ताल पर चले जाएंगे।

# नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज

पिपराइच। पिपराइच क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग के अपहरण के मामले में पुलिस ने किशोरी की मां के तहरीर पर थाना क्षेत्र के ग्राम तिनकोनिया नंबर-दो पंडित टोला निवासी खुशीहाल निषाद पर अपहरण का केस दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। बांसगांव पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के दो आरोपितों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनको कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार आरोपितों की पहचान उरुवा बाजार क्षेत्र के उसरी खास निवासी जयदीप और पवन मौर्य के रूप में हुई है। पुलिस उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी।

# कोर्ट के आदेश पर अज्ञात बाइक चालक पर केस दर्ज

सहजनवा। सड़क हादसे में एक जूट कर्मी के घायल होने के मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रविवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिगिना सहजनवा के रहने वाले रामसिंह ने कोर्ट में दिए दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि 20 दिसम्बर 2021 को मेरे भाई राधेश्याम महावीर जूट मिल में ड्यूटी जाते वक्त हादसे के शिकार हो गए थे।

# पेड़ न काटने को लेकर विवाद में चार पर केस

पीपीगंज,हिन्दुस्तान संवाद। पीपीगंज थाना क्षेत्र के भवनबारी में किसान द्वारा बैनामा की गई जमीन में लगे पुराने पेड़ को न कटवाने को लेकर दोनों पक्षों में चल रहे विवाद में पुलिस ने क्रेता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट एवं गाली गलौज की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जंगल कौड़िया के भवनपुरवा निवासी ईसा सहानी पत्नी दिग्विजय सहानी ने पुलिस को दी तहरीर बताया कि 12 वर्ष पूर्व अपने ही गांव के निवासी बृजेश से 30 एयर 4 डिसमील जमीन रजिस्ट्री कराई थी। बेची गयी जमीन में बृजेश का कुछ पेड़ मौजूद है जिसे बृजेश ने स्वयं कटवाने की बात कही थी लेकिन 12 वर्ष हुए उसके द्वारा जमीन बिक्री किए लेकिन कई बार कहने के बाद भी न तो पेड़ को बेच रहा है और न ही काट रहा है। 22 फरवरी की शाम करीब 4 उसके पति दिग्विजय उस जमीन पर गए तो जमीन पर न आने की बात कह कर बृजेश, सीमा,दिनेश, तथा व सोनी निवासी जंगल कौड़िया थाना पीपीगंज ने गालियां देते हुए लात मुक्का लाठी डण्डा से मारने लगे। शोर मचाने पर जब वह बचाने गई तो उसे भी मारपीटा गया। ईशा की तहरीर पर पीपीगंज पुलिस ने बृजेश, दिनेश, सरजू, सीमा पत्नी बृजेश के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

# दहेज उत्पीड़न व मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बांसगांव पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के दो आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान उरुवा बाजार के उसरी खास निवासी जयदीप और पवन मौर्या के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# पुलिस ने चस्पा किया कुर्की का नोटिस

चिलुआताल। पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे धोखाधड़ी के आरोपित के घर मुनादी कराकर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की।

सिक्टौर बाजार निवासी जितेन्द्र कुमार यादव के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है। वह एक साल से फरार चल रहा है। कोर्ट ने उसके हाजिर नहीं होने पर कुर्की को नोटिस चस्पा करने का आदेश दिया है।

# दो हत्यारोपितों के घर कुर्की की कार्रवाई

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने हत्या और हत्या की कोशिश जैसे गंभीर मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों के घर सोमवार को कोर्ट के आदेश पर मुनादी करा कुर्की नोटिस चस्पा किया। बड़हलगंज कोतवाल जयनारायण शुक्ल ने बताया कि क्षेत्र के कल्याणपुर मिश्रौली निवासी गोपाल यादव पुत्र हरिनाथ यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज है जबकि कल्याणपुर निवासी रिंकू उर्फ प्रेमनारायण यादव के खिलाफ वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# समस्याओं के समाधान पर दें ध्यान

## जनता दर्शन

**400 लोगों की सीएम योगी ने सुनी फरियाद, दिया समाधान का भरोसा**

- सीएम ने फरियादियों से कहा- घबराइए मत, आपके साथ मैं हूं ना

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखनाथ मंदिर में सोमवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, आपके साथ मैं हूं। किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या का समाधान हर हाल में होगा।

उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। इसमें कोई कोताही न हो। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। गोरखनाथ मंदिर में दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात आराम से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

**इलाज के लिए हर किसी को मिलेगी मदद:** जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले इस भरोसे से बहुत संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से उपलब्ध कराए।

### सीएम ने बच्चों को दुलारा भी

जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। जनता दर्शन में लोगों से मिलने के पूर्व उन्होंने गुरु गोरखनाथ का दर्शन, कर अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर मत्था टेका।

# चोरी के तार के साथ एक आरोपी पकड़ा गया

**गोरखपुर।** गुलरिहा पुलिस ने चोरी के पांच किलो तार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान भटहट के बड़हरिया निवासी अब्दुल कलाम के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

चौरीचौरा। पुलिस ने एक विवाहिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, दो ननद, ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के तहत केस दर्ज किया है।

भरतपुर निवासी ममता की शादी झंगहा के राजी जगदीशपुर निवासी सन्नी उर्फ अंगद के साथ 21, अप्रैल 2022 को हुई थी। ममता ने अपने तहरीर में बताया कि उसके पिता ने हैसियत के मुताबि दहेज देकर विदा किया था। ससुराल आने के बाद पति, सास-ससुर व ससुराल के अन्य लोगों का सेवा करते हुए वह स्त्री धर्म का निर्वहन करती रही। कुछ दिन बाद से ससुराल के लोगों में लालच आ गई। दहेज के लिए मारने-पीटने लगे।

# बदमाशों ने लूटा महिला का पर्स

## राहगीरों के पीछा करने पर भाग गए, बाइक पुलिस कब्जे में

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** गोरखनाथ मंदिर के पास रविवार की शाम बाइक सवार बदमाशों ने बेटे के साथ खरीदारी करने निकली महिला का पर्स लूट लिया। शोर मचाने पर राहगीरों ने बदमाशों को दौड़ा लिया। आगे जाम में फंसने और भीड़ से घिरने पर बाइक छोड़कर बदमाश फरार हो गए। बाइक को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी गोरखनाथ थाना पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर ली है। उनकी तलाश में शहर के अलावा संतकबीनगर जिले में छापेमारी चल रही है।

गोरखनाथ मंदिर के पास रहने वाले राजन कश्यप फुट वियर की दुकान चलाते हैं। उनके घर 14 मार्च को बेटी की शादी है। इसमें शामिल होने के लिए बलरामपुर से उनकी बहन रिशू अपने पति रिंकू और परिवार संग मायके आयी हैं। रविवार की शाम वह बेटी के साथ खरीदारी करने निकली थीं। मंदिर के पास पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर पर्स छीन लिया। घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंची गोरखनाथ थाना पुलिस को रिशू ने बताया कि पर्स में सोने की चेन, दो हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन था। प्रभारी निरीक्षक थाना गोरखनाथ दुर्गेश सिंह ने बताया कि लुटेरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- **पर्स में थी सोने की चेन, दो हजार नकद और मोबाइल फोन**
- **लुटेरे की तलाश में शहर के अलावा संतकबीरनगर में हुई छापेमारी**



पीड़ित रिशू •जागरण

### अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर:** अपहरण के आरोपित को तिवारीपुर थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष तिवारीपुर चंद्रभान सिंह ने बताया कि पिपरापुर निवासी कलाम के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज था। सोमवार की सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर अपहृता को छुड़ाया गया।

### यह और अन्य खबरें देखें-

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## युवती को कर रहा था ब्लैकमेल, गिरफ्तार

गोरखपुर : राजघाट क्षेत्र में दुकान पर काम करने वाली युवती को शोहदा ब्लैकमेल कर रहा था। आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित करने की धमकी देने के साथ ही शनिवार को उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के साथ ही गाली देने लगा। युवती की शिकायत पर अश्लील हरकत करने, छेड़खानी व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। रामगढ़ताल क्षेत्र की रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि वह काम्लेक्स में स्थित दुकान में काम करती है। 11 मार्च की रात आठ बजे वह घर आने के लिए निकली तो काम्लेक्स में काम करने वाले अनस नाम के युवक ने घेर लिया। उसने कहा कि तुम्हारा आपत्तिजनक वीडियो बनाया हूं। मुझसे बात करो और जैसा कहता हू वैसा करती रहो। विरोध करने पर गाली देने के साथ ही छेड़खानी करने लगा और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मालिक से शिकायत की तो उन्होंने काम पर आने से रोक दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि युवती से छेड़खानी करने वाले राजघाट के रायगंज उत्तरी पाकड़ निवासी शहनवाज उर्फ अनस को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## एक नजर में

# फरार आरोपितों के घर कुर्की की नोटिस

डेरवा : बड़हलगंज कोतवाली क्षेत्र के कल्याणपुर मिश्रौली निवासी गोपाल यादव और रिंकू उर्फ प्रेमनारायण यादव के घर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा की। यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर की गई। कोतवाल जयनारायण शुक्ल ने बताया कि आरोपितों के विरुद्ध कई मुकदमे दर्ज हैं। कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस देने के बावजूद वे उपस्थित नहीं हुए। (जासं)

# सभी उपकेंद्रों पर रहेगा पुलिसबल, होगी कड़ी निगरानी

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों की 16 मार्च की रात 10 बजे से प्रस्तावित हड़ताल को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बिजली निगम प्रबंधन ने सभी उपकेंद्रों पर पुलिस बल की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। सोमवार को कार्य बहिष्कार के बीच मांगों पर आश्वासन मिलने के बाद संविदाकर्मियों ने हड़ताल वापस ले ली। इससे विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति को झटका लगा है। लाइन में गड़बड़ी यही संविदाकर्मी ही ठीक करते हैं। अभियंताओं की हड़ताल के दौरान यदि किसी उपकेंद्र में गड़बड़ी आई तभी बिजली मिलने में दिक्कत हो सकती है। यद्यपि विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति हड़ताल को लेकर अडिग है। 14 मार्च की शाम मोहद्दीपुर से टाउनहाल तक मशाल जुलूस भी निकाला जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के अभियंताओं व कर्मचारियों ने सोमवार को दोपहर बाद तीन बजे से शाम पांच बजे तक कार्य बहिष्कार किया। मोहद्दीपुर में मुख्य अभियंता के कार्यालय में बैठक कर मंगलवार को मशाल जुलूस की रणनीति बनाई। अधिशासी अभियंता सोमदत्त शर्मा, अखिलेश गुप्ता ने कहा कि ऊर्जा मंत्री के साथ बैठक में लिखित समझौता हुआ था, लेकिन इसका क्रियान्वयन नहीं हो रहा है।



मोहद्दीपुर में धरना देते बिजली कर्मी • जागरण

## संविदाकर्मी करेंगे काम : अजय शाही

विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को विद्युत मजदूर संगठन, विद्युत मोर्चा संगठन और विद्युत संविदा संगठन ने तीन दिन का कार्य बहिष्कार शुरू किया। मुख्य अभियंता के कार्यालय के सामने धरने पर बैठे जिलाध्यक्ष अजय शाही ने कहा कि कर्मचारियों की 12 मांगों पर शाम को लखनऊ में चेयरमैन ने आश्वासन दिया। इसके बाद कार्य बहिष्कार स्थगित कर दिया गया। अब संविदाकर्मी पूर्व की भांति काम करेंगे। इस दौरान प्रांतीय महामंत्री प्रमोद कुमार पांडेय, धनंजय राजभर, अशोक कुमार, सैयद जुल्फिकार, केदारनाथ गौतम, हरिओम, युवराज यादव, रहमान आदि मौजूद रहे।

## अफसर कर रहे नेताओं से बात

अभियंताओं और कर्मचारियों की हड़ताल खत्म कराने के लिए अफसर कर्मचारी नेताओं से बात कर रहे हैं। वह उनसे हड़ताल में शामिल न होने के लिए कह रहे हैं और न मानने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दे रहे हैं। अफसरों का फोन आने पर कर्मचारी नेताओं को समझ में नहीं आ रहा है कि क्या जवाब दें। हालांकि ज्यादातर कर्मचारी नेता संगठन का हवाला दे रहे हैं।

# चालक के सिर पर बोतल से हमला कर गला काटने का प्रयास

**जासं, गोरखपुर** : तिवारीपुर क्षेत्र में रविवार की रात शराब पीने के दौरान विवाद होने के बाद युवक ने चालक के सिर पर बोतल तोड़ दी। अचेत होने पर चाकू से गला रेतकर फरार हो गया। भरपुरवा के कच्चीबाग निवासी दिलजान उर्फ गोलू महेवा नवीन मंडी में पिकअप चलाता है। रविवार की रात में मंडी से लौटने के बाद वह नरसिंहपुर पुलिया के पास बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान घासीकटरा के रहने वाले रिंकू उर्फ शाकिर से कहासुनी हो गई। मामला बढ़ने पर शाकिर ने शराब की बोतल से दिलजान के सिर पर हमला कर दिया। अचेत होने पर चाकू से गला रेतने लगा। आसपास के लोग जुटे तो आरोपित भाग निकला। जानकारी होने पर पहुंचे स्वजन गंभीर स्थिति में दिलजान को जिला अस्पताल ले गए, जहां से बीआरडी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। दिलजान के बड़े भाई जमील ने रिंकू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

# कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** राजघाट पुलिस ने 650 लीटर कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिकरीगंज के दौसा निवासी अनिल मौर्या, नौसड़ के रामू साहनी और मुक्तेश्वरनाथ मंदिर के पास रहने वाले विवेक यादव के रूप में हुई। आरोपियों के पास शराब के अलावा उसे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली यूरिया और नौसादर भी पुलिस ने बरामद किया। ब्यूरो

# जमीन के विवाद में मारपीट, सात पर केस

**सरदारनगर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र के जोधपुर में रविवार की देर शाम जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में चंदन भारती (35) के सिर पर गंभीर चोट आ गई थी। उनका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल चंदन भारती की पत्नी रीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने रामजीत, संदीप, प्रदीप , सुरहू, राहुल, पिंटू उर्फ अखिलेश, चंद्रदेव उर्फ बृजेश पर मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने, धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। ब्यूरो

# दो महिलाओं पर अपहरण का केस

**सहजनवां।** इलाके के एक गांव से युवती लापता हो गई। आरोप के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं पर अपहरण का केस दर्ज कर लिया। युवती के पिता ने दी गई तहरीर में लिखा है कि 23 दिसंबर 2022 को दिन में एक बजे के करीब दोनों आरोपी घर आई थीं। इसके बाद बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले गईं। पुलिस ने माडर निवासी मालती और धर्मावती के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर दी धमकी, गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट इलाके में युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर धमकी देने का मामला सामने आया। आरोप है कि बात न मानने पर आरोपी ने शनिवार को युवती से छेड़खानी भी की। राजघाट पुलिस ने युवती की तहरीर पर अश्लील हरकत करने, छेड़खानी व धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजघाट के रायगंज उत्तरी निवासी शहनवाज उर्फ अनस के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक, रामगढ़ताल इलाके में रहने वाली युवती राजघाट की एक दुकान पर काम करती है। पुलिस की दी तहरीर में उसने लिखा है कि 11 मार्च की रात आठ बजे वह घर आने के लिए निकली तो पास की दुकान में काम करने वाले अनस नाम के युवक ने घेर लिया। उसने कहा कि तुम्हारा आपत्तिजनक वीडियो बनाया हूं। मुझसे बात करो और जैसा कहता हूं, वैसा करती रहो। विरोध करने पर गाली देने के साथ ही छेड़खानी करने लगा। उसने जान से मारने की धमकी भी दी।

युवती ने इसकी शिकायत दुकान मालिक से की तो उन्होंने काम पर आने से रोक दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि युवती से छेड़खानी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न का केस

अमर उजाला ब्यूरो

## विवाहिता का आरोप, दहेज में मांगे जा रहे तीन लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल

चौरीचौरा (गोरखपुर)। चौरीचौरा थाने में विवाहिता ने पति समेत सात लोगों के विरुद्ध मारपीट, दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। आरोप है कि दहेज में तीन लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जा रही है। इसके लिए कमरे में बंद कर पीटा गया। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

जगदीशपुर निवासी ममता पत्नी सन्नी ने तहरीर में लिखा है कि उनका विवाह 21, अप्रैल 2022 को उनके मायके राजी जगदीशपुर टोला बड़ी राजी से हिन्दू रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ।

उस समय उनके पिता ने पति सन्नी उर्फ अंगद, ससुर अवधेश, सास गीता देवी, ननद सीमा पत्नी ओमनाथ व रीमा पत्नी पप्पू, ननदोई ओमनाथ, पूजा पुत्री अवधेश की मांग पर पांच लाख रुपये नगद, सोने की तीन अंगूठी, सोने की माला सहित तमाम जेवर व कपड़े देकर शादी की थी। 24 अप्रैल को विदा होकर वह अपने ससुराल आई।

कुछ दिन बाद से ससुराल के लोगो ने तीन लाख रुपये और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की। विरोध करने पर 6 मार्च, 2023 को पति और परिवार के अन्य लोगों ने मारपीट कर अधमरा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। मामले की जांच करके कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बंटवारे के विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट

खोराबार। इलाके के जगदीशपुर में बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, खोराबार क्षेत्र की जगदीशपुर निवासी सुभावती देवी पत्नी स्व. रामसिंह और उनके पट्टीदार कमलावती देवी पत्नी श्रीनिवास के बीच काफी दिनों से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। सोमवार को दोनों पक्षों में जमकर विवाद हो गया और कई लोग घायल हो गए।

एक पक्ष की सुभावती देवी की तहरीर पुलिस रीना, सीमा, सोनी, सौम्या और राजू के खिलाफ और दूसरे पक्ष की कमलावती की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने सुभावती देवी व बेटी सुषमा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

आदि लोग उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सहारा दि०-14/03/23

# दर्जनों चोरियों का नही हुआ पर्दाफाश

**लार (एसएनबी)**। सरकार अपराध को कम करने के लिए हर नुक्कड़ व चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात करती है। फिर भी इन कैमरो के सामने से हो रही चोरियों का कोई खुलासा नही हो पा रहा है। लार क्षेत्र में दर्जनों चोरियों के मामले में पुलिस के हाथ अब भी खाली है। गत 7 जनवरी को सुबाष चन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बिन्ध्याचल सिंह ग्राम मझवलिया नम्बर 3 पोस्ट इसरौली वाया भागलपुर की बाइक लार कस्बे के घारी वार्ड स्थित आशनरायण सिंह चौराहे के समीप से एक एजेन्सी से यूपी 52 यू 7473 चोरी चला गया जिसका साक्ष्य एजेंसी के कैमरे में मौजूद है। इस बाइक के पीछे इंडियन आर्मी का लोगो लगा था और बाइक में हेलमेट भी लाक है। वहीं 9 फरवरी को सलेमपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चकरवाबहोर दास निवासी चन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र उमाशंकर शर्मा यूपी 52 ए पी 0512नम्बर की बाइक सहजौर चौराहा से एक शादी समारोह से गायब हो गई थी। वही 27 फरवरी को लार के घारी वार्ड निवासी नन्दलाल विश्वकर्मा पुत्र स्व राम छबिला विश्वकर्मा की मोटर साइकिल हीरो स्पेलेन्डर प्लस यूपी 52 ए एक्स 8223 गायब हो गई। वही 1 मार्च को लार थाना क्षेत्र के फरियावडीह गांव स्थित प्राथमिक विद्यालयके स्कूल का गेट तोड़कर में स्कूल में रखा दो चूल्हा व भोजनालय का दरवाजा तोड़कर दो सिलिण्डर, पानी की मोटर, दो बोरी चावल और एक भगौना गायब कर दिया गया। पुनः 7 मार्च को लार कस्बा के मठ वार्ड निवासी ओम प्रकाश मोदनवाल की बाइक संख्या यूपी 52 ए वाई 0515 लेकर सोनाराबारी स्थित एक क्लीनिक से गायब हो गई।

# सात नामजद व अज्ञात पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय उपनगर के चौहट्टा वार्ड निवासिनी सोनी पाण्डेय पत्नी अजय पाण्डेय ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि मेरे पति बाउण्ड्रीवाल कराने के लिये मिस्त्री से बातचीत कर रहे थे, कि कुछ लोग गोलबन्द होकर गाली गुत्ता देते हुए मारने पीटने लगे। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 14/03/23

# सरैया के युवक की आबू धाबी में मौत, एक सप्ताह बाद आया शव

**पिंडी** । लार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कौसड़(सरैया) निवासी मनीष कुमार सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह 30 वर्ष पलंबर कार्य से आबू धाबी देश में कमाने गए थे। जिनकी मौत विगत 7 मार्च को हो गया। जिसका 1 सप्ताह बाद जब घर शव आया तो परिजनों पर गम का पहाड़ टूट गया। ज्ञात हो कि मनीष कुमार सिंह अत्यंत ही मृदुल स्वभाव के थे और परिवार का एक मात्र कमायु सदस्य थे जो विगत 26 अक्टूबर 2021 को आबू धाबी के एमी स्टेट वर्क्स विलेज ई एम आई फेब्रेक्श कंपनी में प्लंबर कार्य में कमाने गए थे कि विगत 4 मार्च 2023 को ब्रेन हेमरेज( ब्रेन स्ट्रोक) हो गया ब्रेन हेमरेज होते हैं मनीष को आबू धाबी में स्थित शेख वट मेडिकल सिटी उपचार हेतु ले जाया गया जहां उपचार के दौरान मनीष की मौत 7 मार्च को हो गया। मौत की सूचना मिलते ही पूरे गांव में एवं परिजनों में मातम छा गया। मौत के पश्चात शव को स्वदेश लाने हेतु परिजनों ने क्षेत्रीय सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक देवरिया सदर सल्लभ मणि त्रिपाठी, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम सहित मदद डट कम पर सहयोग का अनुरोध किया था जनप्रतिनिधियों के सहयोग के पश्चात मृतक मनीष कुमार सिंह का शव एक सप्ताह के अंदर स्वदेश आया। तत्पश्चात परिजनों द्वारा मनीष का अंतिम संस्कार किया गया। शव के आते ही परिजनों में पिता जितेंद्र सिंह, माता सुगंधी सिंह, भाई पुनीत सिंह बंटी ,चाचा गजेंद्र सिंह ,वीरेंद्र सिंह दहाड़ मार कर रोने लगे। मृतक मनीष कुमार सिंह एक व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी थे हर व्यक्ति उनकी सरल स्वभाव के चर्चा करते नहीं थक रहे थे असमय मनीष को चले जाने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है।

रा० सहारा दि०-14/03/23

# मारपीट कर चेन समेत 70 हजार की लूट

## पीड़ित ने दिया तहरीर

**लार (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के खेमादेई गांव में 11 मार्च की रात अपने बहन के घर आये लोगों से मनबढ़ युवकों ने दबंगई के बल पर मारपीट कर सोने की चेन सहित 70 हजार रुपए लूट लिया। पीड़ित ने लार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। राकेश कुमार सिंह पुत्र राम पाल सिंह निवासी मुड़ा खाप थाना दरौली बिहार ने लार पुलिस को लिखित तहरीर देकर शिकायत किया है कि यह 11 मार्च की रात लार के खेमादेई गांव में अपने बहन के यहां शादी निमंत्रण में मैं आया था। अपने बड़े भाई संजय सिंह के साथ भांजे की बरात में नेमा गांव गया था। नेमा गांव से वापस लौटते समय खेमादेई गांव के बाहर लगभग आधा दर्जन की संख्या में घात लगाए बैठे मनबढ़ लोगों ने हम बाइक सवार को रोक लिया। उसके बाद गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। गाली देने से मना करने पर हम दोनों भाईयों को मारपीट कर एक सोने की चेन सहित 70 हजार रुपया लूट कर फरार हो गए। उक्त संबंध में थानाध्यक्ष लार नवीन चौधरी ने बताया कि मारपीट की घटना की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस गई थी मामले की छानबीन कर रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

# डॉक्टर से लूट करने वाले को दबोचा

- बाइक सवार बदमाशों ने सात मार्च को घटना को दिया था अंजाम
- बिहार के गोपालगंज का रहने वाला है दबोचा गया पिंटू सिंह

**भाटपाररानी, हिन्दुस्तान संवाद।** एसओजी देवरिया व श्रीरामपुर पुलिस ने सोमवार को लूट की एक घटना का खुलासा किया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व लूट का मोबाइल भी बरामद कर लिया।

अखिलेश्वर शर्मा निवासी-मिश्रौली होमियो पैथिक चिकित्सक हैं। 7 मार्च को वे अपनी क्लीनिक प्रतापपुर बाजार से घर जा रहे थे कि एक मोटरसाईकिल पर सवार दो बदमाशों के द्वारा तमंचा दिखाकर उनके पास रखे 11 हजार और मोबाइल लूट लिया। इस मामले में डॉ. अखिलेश्वर शर्मा की तहरीर पर श्रीरामपुर थाने में बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था। प्रभारी निरीक्षक श्रीरामपुर राजू सिंह व एसजोओी प्रभारी सादिक परवेज ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर भवानी छापर के पास से अभियुक्त पिन्टू कुमार सिंह निवासी-धोरण थाना भोरे जनपद गोपालगंज (बिहार) को मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने चिकित्सक के साथ हुई लूट में शामिल होने के बात कबूल की। उसके पास से कुछ रुपए व लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष स एसओजी प्रभारी के अलावा मु0आ0 मुकेश कुमार यादव आदि शामिल रहे।

राष्ट्रीय सहारा दि०-14/03/23

# स्कार्पियो की ठोकर से महिला घायल, रेफर

भाटपार रानी (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र भाटपार रानी -लार मार्ग पर मझौली मोड़ के समीप स्कार्पियों व बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक पर सवार बभनौली जाते समय मालती देवी पत्नी रामचन्द्र यादव गम्भीर रूप से घायल हो गयी। जिसमें उनका पैर बुरी फैक्चर हो गया था। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे देवरिया रेफर कर दिया। मालती देवी अपने घर देवघाट से बभनौली किसी कार्य से अपने परिजन के साथ हीरो एचएफ 9486 से जा रही थी कि अचानक तेज गति से आ रही स्कार्पियों ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि इस आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय चनुकी के समीप अंधा मोड़ होने के कारण आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते है। इस दौरान ग्राम प्रधान सतीश वर्मा उर्फ गोल्डेन बाबा ,सतेन्द्र यादव ने पुलिस को सूचना दे दिया। मौके पर पहुंचे एसआई राकेश शुक्ल हमराही गोविंद कुशवाहा,विशाल चौहान, अमीत कुमार,चौकीदार रामनरेश पासवान चनुकी गाडी को कब्जे मे लेकर थाने चले गए ध्रुवदेव पान्डेय ,संजय खरवार आदि मौजूद रहें।

हिन्दुस्तान दि०-14/03/23

# बंटवारे को लेकर मारपीट

खुखुन्दू। हिस्सा बंटवारे को लेकर मारपीट के लगाए गए आरोप में पुलिस ने चार लोगों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के धोबी छापर गांव की कुसुम देवी ने आरोप लगाया है कि हिस्सा बंटवारे को लेकर कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिए। पिंटू को भी उन लोगों ने मारा पीटा। पुलिस ने इस मामले में रोहित, रंजीत, प्रेम शीला देवी व आरती देवी पर मारपीट का केस दर्ज किया है।

हि-स्तान हि०- 14/03/23

# अज्ञात शव का पांच दिन बाद हुआ पोस्टमार्टम

देवरिया। पांच दिन पहले मिले एक अज्ञात व्यक्ति के शव का पुलिस ने सोमवार को पोस्टमार्टम कराया। अज्ञात शव की पहचान करने के लिए पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया था। जिसकी पहचान न हो सकी थी। नौ मार्च को शहर के भटवलिया चौराहे पर स्थित शहीद गेट के समीप नाले में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि शव की शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही थी लेकिन नहीं हो सकी।

दैनिक जागरण दि०- 14/03/23

# युवक पर हमले के मामले में सात के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, देवरिया**: नौ माह पूर्व भलुअनी के शिवधरिया गांव में हुए युवक पर हमले के मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। गांव के विपिन यादव का कहना है कि गांव के राज यादव के यहां से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। 30 जुलाई 2022 को उनके दरवाजे पर चढ़कर विपक्षियों ने हमला बोल दिया और घायल कर दिया। इस मामले में उन्होंने थाने में तहरीर दी, लेकिन भलुअनी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद वह न्यायालय का दरवाजा खटखटाए। इस मामले में पुलिस ने राज यादव, अंकित यादव, सुनीला देवी व चार अज्ञात के विरुद्घ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष बीबी राजभर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। जांच के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

**चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज**: दो दिन पूर्व बरहज के बड़का गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें विशाल पाठक, आर्यन पाठक, अमन पाठक व नमन पाठक शामिल हैं। यह कार्रवाई पुलिस ने प्रमोद यादव के तहरीर पर की है।

दैनिक जागरण दि० 14/03/23

# छेड़खानी के आरोपित पूर्व सभासद का शांतिभंग में चालान

जास, रुद्रपुर: उपनगर के एक वार्ड की रहने वाली एक महिला द्वारा दर्ज कराए गए छेड़खानी व मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपित का शांतिभंग में चालान कर दिया है। आरोपित पूर्व सभासद बताया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई पर लोगों ने अंगुली उठाना शुरू कर दिया है। उपनगर की रहने वाली महिला का आरोप है कि आरोपितों ने चहारदीवारी चलाने की बात को लेकर मेरे पति के साथ मारपीट की। बचाने गई तो मेरे साथ भी मारपीट व अभद्रता की गई। पुलिस ने पूर्व सभासद उत्तम पांडेय, गोटे, मृत्युंजय व अन्य ज्ञात के विरुद्ध छेड़खानी, बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से लोकेश अजय, देवी शरण व एक महिला के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने एक पक्ष से पूर्व सभासद उत्तम पांडेय व दूसरे पक्ष के लोकेश का शांतिभंग में चालान कर दिया। सभासद के किए गए चालान पर लोगों ने अंगुली उठाया है। सीओ पंचमलाल ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है।

**आबूधाबी से युवक का आया शव** : **लार**: घर की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए आबूधाबी गए युवक की मृत्यु के बाद शव सोमवार को लार विकास खंड के कौसड़ गांव पहुंचा, युवक का शव घर पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। कौसड़ के रहने वाले मनीष सिंह आबूधाबी में प्लंबर का कार्य करते थे। सात मार्च को उनकी मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से ही स्वजन वतन को शव मंगाने में जुटे हुए थे। सांसद रविन्दर कुशवाहा, विधायक देवरिया डा. शलभ मणि त्रिपाठी, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम से भी मांग की। जनप्रतिनिधियों के प्रयास से मनीष का शव सोमवार को गांव पहुंचा। पिता जितेंद्र सिंह, मां सुगंधी देवी, दहाड़ मारकर रोने लगे।

दैनिकजागरण दि०- 14/03/23

## सात नामजद व 25 अज्ञात पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, देवरिया:** विवाद के बाद युवक पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने सात नामजद व 25 अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने एसपी के आदेश पर किया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

बनकटा थाना के अहिरौली गांव के रहने वाले प्रमोद सिंह का आरोप है कि उनके गांव में 22 फरवरी को तिलक था, जिसमें में वह शामिल होने को गए थे। इस बीच अजीत सिंह उर्फ जड़ी भी आ गया और एक गाय को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। उसी विवाद को लेकर 25 फरवरी को जड़ी अपने लोगों के साथ प्रमोद के दरवाजे पर आ गया और मारपीट करने के साथ ही प्रमोद के ऊपर फायर झोंक दिया। गोली फाटक में जाकर लगी। ग्रामीणों के पीछे करने पर आरोपित भाग गए, हालांकि एक हमलावर की बाइक दरवाजे पर ही छूट गई। मौके पर पुलिस गई और जांच की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने अजीत सिंह उर्फ जड़ी, अहिरौली के रहने वाले अभिकांत, रविकांत, प्रभाकर मिश्र निवासी रामपुर बुजुर्ग, रंजन, बेचू यादव निवासी सिकटिया, शुभम मिश्र निवासी सिगरहटा व 25 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

### नौ लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा

**गौरीबाजार:** खैरटिया में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने नौ लोगों के विरुद्ध मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम खैरटिया रहने वाले नगीना का आरोप है कि रंजिश में दरवाजे पर चढ़कर मारपीट की गई। पुलिस ने रमाकांत, अजय, भोलू समेत नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

### तीन के विरुद्ध मुकदमा

**देसही देवरिया:** क्षेत्र के हरैया बसंतपुर में हुई मारपीट के मामले में महुआडीह पुलिस ने गांव के राजू प्रसाद, भोला प्रसाद, बिट्टू प्रसाद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने हरदेव प्रसाद की तहरीर पर की है। (जासं)

### महिला के साथ मारपीट

**देसही देवरिया:** महुआडीह थाने के सूरचक में गुड्डी देवी शौच को जा रही थी, इस बीच कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने रिंकू तिवारी, अंशुमान सिंह, सूरज तिवारी व सुमित तिवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। (जासं)

### रेल यात्री का सामान चोरी

**देवरिया:** बिहार जा रही रेल यात्री का बैग व अन्य सामान चोरी हो गया। इस मामले में रेल यात्री ने जीआरपी थाना भटनी में मुकदमा दर्ज कराया है। बिहार के मुजफ्फरपुर के साहेबगंज थाना के मोरहर गांव की रहने वाली कृष्णा देवी गोरखपुर से अपने गांव जा रही थी, ट्रेन संख्या 15203 में यात्रा के दौरान उनका बैग व अन्य सामान चोर चुरा ले गए। (जासं)

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**देवरिया:** होली के दिन अकटहां में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी में जुट गई है। भलुअनी के अकटहां गांव के रहने वाले अजीत यादव का कहना है कि गांव के संतोष यादव ने होली के दिन मारपीट की और सामान तोड़ दिया। (जासं)

हिन्दुस्तान दि० 14/03/23

# आठ नामजद समेत 25 के विरुद्ध केस

भाटपाररानी। बनकटा थाना क्षेत्र की अहिरौली बघेल निवासी प्रमोद कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आठ नामजद समेत 25 के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत मारपीट व बलवा का केस दर्ज किया है।

अहिरौली बघेल निवासी प्रमोद कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय परमानंद सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए तहरीर में बताया है कि उनके गांव में 22 फरवरी को तिलक था। जिसमें वह शामिल होने गए थे। आरोप है कि वहां मौजूद अजीत सिंह उर्फ जड़ी पुत्र ध्रुव जी सिंह निवासी ग्राम जंजीरहा से एक गाय को लेकर कहासुनी हो गई। पुलिस नेअजीत सिंह उर्फ जड़ी, अभिकांत उर्फ सत्यम, रविकांत उर्फ विक्की, प्रभाकर, रंजन, बेचू, शुभम मिश्रा, प्रताप छापर निवासी शुभम मिश्रा व अज्ञात 20-25 लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# सात पर मारपीट धमकी का केस

खुखुन्दू (देवरिया)। महिला समेत सात लोगों पर पुलिस ने मारपीट, धमकी व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के सुमन पुत्री भोलाशंकर ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसका विवाह उचित दान दहेज देकर एक वर्ष पूर्व अमित कुमार पुत्र रामप्रवेश निवासी शेरवा बभनौली के साथ हुआ था।

ससुराल में कुछ दिनों बाद एक अनजान महिला के फोन आने से पता चला कि उसके पति अमित का एक दूसरी महिला से अवैध संबंध है। महिला द्वारा गंदी-गंदी गालियां देकर धमकी दी जाती थी। पुलिस ने इस मामले में दहेज प्रतिषेध, अधिनियम 1961 के धारा तीन व चार के तहत केस दर्ज किया है।

दैनिक जागरण दि० 14/03/23

# पति समेत सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरिया: दहेज के लिए महिला को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

खुखुंदू के अहिरौली गांव के रहने वाले भोला शंकर की बेटी सुमन की शादी शेरवा बभनौली के अमित कुमार से हुई है। सुमन का आरोप है कि जब से वह वह ससुराल गई, तभी से ससुराली दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। साथ ही पति का एक अंजान महिला से अवैध संबंध है। वह महिला भी सुमन को फोन कर गाली देती थी और अमित की खुद को पत्नी बताती थी।

प्रताड़ित करने वालों में ससुराल के अन्य लोग भी शामिल रहे। पुलिस ने सुमन की तहरीर पर पति अमित कुमार, सास प्रेमशीला, ससुर राम प्रवेश, ननद नेहा, रिशु, देवर आनंद कुमार, लालमुनी देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अमर उजाला दि०- 15.03/23

# जीजा समेत दो आरोपियों का पुलिस ने किया चालान

## स्कूटी में रखे रुपये चुराने और पीटने के मामले में कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने अपने जीजा पर मारने-पीटने और गाड़ी में रखे 30 हजार रुपये गायब करने का आरोप लगाते हुए दो दिन पूर्व थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने जीजा सहित चार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

घटना में जीजा समेत दो के शामिल होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने दो अन्य को छोड़ दिया। उधर, पुलिस जांच में मामला मारपीट का निकलने पर दोनों आरोपियों का पुलिस ने सोमवार को शांतिभंग में चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की मां का ऑपरेशन क्षेत्र के पड़री पांडेय स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में हुआ था। युवती सात मार्च को अपनी स्कूटी से अस्पताल गई थी।

उसने आरोप लगाया था कि क्षेत्र के एक गांव निवासी उनके जीजा सहित बरहज थाना क्षेत्र के टीकर निवासी कुछ युवकों ने अस्पताल पहुंचकर उसे मारा-पीटा और जबरन गाड़ी की चाबी छीनकर चले गए।

दूसरे दिन जब गाड़ी लाकर अस्पताल पर खड़ा की तो उसमें रखे 30 हजार रुपये और गाड़ी के कागजात गायब थे। पीड़ित ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद शनिवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी।

पुलिस ने जीजा समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जांच पड़ताल में मामला मारपीट और पुराने विवाद का निकला।

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# दो के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का केस

**पटहेरवा।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में पेड़ काटने की फर्जी सूचना डायल 112 को देने के मामले में पूछताछ करने गए पीड़ित के साथ मारपीट करने पर पीड़ित ने दो लोगों पर धमकी व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों आरोपियों के खिलाफ धमकी सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# जनसुनवाई कक्ष का किया लोकार्पण

**बरवापट्टी।** पीड़ितों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कराये जाने के उद्देश्य से बरवापट्टी थाने में नवनिर्मित जनसुनवाई कक्ष का सोमवार को एसपी धवल जयसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मौजूद लोगों से जनसंवाद कर पूछा कि कोई शिकायत हो तो बताएं। लोगों ने कहा कि कोई शिकायत नहीं है। इस पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की।

एसपी ने कहा कि जनसुनवाई कक्ष का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का निस्तारण करना है। इससे जनता के लिए पुलिस से संवाद करना वं उनको अपनी समस्याएं बताना सुगम होगा। उन्होंने कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाय।

# बाइक चोर गैंग का फरार सदस्य पकड़ा

**रामकोला।** पिछले हफ्ते रामकोला पुलिस ने 8 बाइकों को बरामद कर अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश किया था। इसमें गैंग के 6 सदस्यों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें से 4 तो गिरफ्तार हो गए थे जबकि दो आरोपी फरार थे। फरार दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

बीते 4 मार्च की रात करीब 9 बजे मुखबिर की सूचना पर धर्मसमधा मंदिर के पास से चोरी की चार बाइकों के साथ एसएचओ एके सिंह व उनकी टीम ने गिरफ्तार कर लिया था। उनकी निशानदेही पर उनके घर से चार और बाइकों को बरामद किया था। दो अन्य अभियुक्त राज ग्राम पपऊर व अगस्त ग्राम कुस्महा थाना रामकोला की पुलिस को तलाश थी। राज को करीब 10 बजे मेहदीगंज चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

# निजी अस्पताल पर कार्रवाई की मांग

**पडरौना।** पटहेरवा के लोहलंगड़ी गांव निवासी गुड्डू गुप्ता ने एसपी धवल जायसवाल व सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया को शिकायती पत्र सौंप लापरवाह डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। 30 जनवरी को अपनी पत्नी को फाजिलनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां लापरवाहीपूर्वक उपचार से उसकी पत्नी बबीता व पेट में पल रहे बच्चे की मौत हो गई थी।

# यौन अपराध के मामलों में 20 दिनों में दाखिल करें आरोप-पत्र

- नेबुआ-नौरंगिया, रामकोला व सेवरही थाने में दर्ज मुकदमों की हुई समीक्षा
- पीड़िता के मेडिकल परीक्षण न हो देरी, साक्ष्य संकलन में बरतें सतर्कता

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि यौन अपराध से जुड़े मुकदमों की विवेचना हर हाल में 20 दिनों में पूरी कर ली जाए। ऐसे मामले संज्ञान में आते ही प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच सुनिश्चित कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले विवेचकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

वे सोमवार को नेबुआ-नौरंगिया, रामकोला, सेवरही, विशुनपुरा व कोतवाली हाटा की समीक्षा कर रहे थे। एसपी ने कहा कि दुष्कर्म, छेड़खानी के दर्ज मुकदमों की विवेचना तथ्य व सबूतों के साथ जल्द से जल्द निस्तारित कराएं। ताकि इस तरह के मामलों पर प्रभावी रोकथाम लग सके। ऐसे मामलों का त्वरित संज्ञान लेकर एफआइआर दर्ज की जाए। इसमें देरी अक्षम्य होगी।



अपने कार्यालय में रामकोला व सेवरही थाना के विवेचनाओं की समीक्षा करने के बाद विवेचकों को निर्देश देते एसपी धवल जायसवाल दाएं से दूसरे ● जागरण

एफआइआर दर्ज करने के साथ ही विवेचक अपनी जिम्मेदारियों को लेकर सतर्क हो जाएं। लापरवाह विवेचकों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान बीते एक माह में निस्तारित विवेचनाओं की स्थिति संतोषजनक मिली। सेवरही व विशुनपुरा में लंबित विवेचनाओं पर एसपी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित विवेचकों को 10 दिनों के भीतर मुकदमों के निस्तारण का निर्देश दिया।चेताया भी कि निर्धारित अवधि बीतने पर भी अगर विवेचना पूरी नहीं हुई तो विवेचक खामियाजा भुगतने को तैयार रहें।

समीक्षा 21 मुकदमों में आरोप-पत्र कोर्ट में प्रस्तुत करने की जानकारी विवेचकों ने दी। सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा सहित विवेचक मौजूद रहे।

# युवक की बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**फाजिलनगर।** कस्बे में एक सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित कन्याओं की सामूहिक शादी समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

फाजिलनगर निवासी जटाधारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि रविवार को कस्बे के जूनियर हाई स्कुल में सामूहिक शादी समारोह था। अपनी बाइक खड़ी कर कार्यक्रम में भाग लेने चला गया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद मै बाइक खडें किये स्थान के पास गया, तो बाइक वहां नहीं था। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया की बाइक चोरी के मामले में पीड़ित के तहरीर पर अज्ञात पर केस दर्ज कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

# कोरियाई दल पहुंचा कुशीनगर पूजा-अर्चना कर चढ़ाया चीवर



सोमवार को मुख्य मंदिर में पूजा करते कोरियाई दल।

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में सोमवार की शाम को 263 सदस्यीय कोरियाई विशिष्ट दल पहुंचा। इस दल ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में लेटी भगवान बुद्ध की प्रतिमा के सामने विशेष पूजा अर्चना की और धम्म पाठ के साथ चीवर चढ़ाया।

कोरियाई दल की अगुवाई कर रहे भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डा. हीरो होतू ने बताया कि दल बीते नौ मार्च को यूपी के मेरठ से 116 वर्षीय बौद्धि वृक्ष से यात्रा प्रारंभ हुई थी। दल मंगलवार को भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी के लिए रवाना हो जाएगा। दल कुशीनगर पहुंचने से पूर्व बिहार के प्रमुख बौद्ध तीर्थ स्थल सारनाथ, वैशाली, नालंदा, बोधगया, केसरिया समेत प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। होतु ने बताया कि दल के भ्रमण का प्रमुख ध्येय विश्व शांति व भारत कोरिया के बीच मधुर संबंध बनाए रखना है। बताया कि बीते 10 मार्च से एक कोरियाई दल भारत भ्रमण कर रहा है। 50 वर्ष राजनयिक सम्बन्ध पूरा होने को लेकर संबंध को और मजबूत बनाने व विश्व शांति को लेकर पूजा अर्चना करने दल आया है। ऐसे यात्रा से दोनों देशों के बीच मैत्री संबंध प्रगाढ़ होंगे। इसके उपरांत दल म्यांमार बुद्ध विहार पहुंचा, जहां विहार के सभागार में कुशीनगर भिक्षु संघ अध्यक्ष की अगुवाई में दल के प्रमुख व विशिष्ट लोगों का स्वागत व विशेष प्रार्थना आदि की गई। एक टूरिस्ट फेसिलेटर ने बताया कि पूर्व में 108 विशिष्ट कोरियाई दल के खाने व पीने का सामना लुंबिनी में सौंपा जाएगा।

# सीओ के नेतृत्व में हुई वाहनों की जांच

**जासं, सलेमगढ़ :** बहादुरपुर पुलिस चौकी पर सीओ तमकुहीराज जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में सोमवार को हाईवे पर वाहनों की सघन जांच हुई। लगभग दो घंटे तक चले जांच में कुछ पकड़ा नहीं जा सका।

बिना कागजात दर्जनों बाइक चालकों को अल्टीमेटम देकर छोड़ा गया। सीओ ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के बिहार ले जाने की सूचना पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चौकी प्रभारी बहादुरपुर अवनीश कुमार सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# हल्का लेखपाल पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप

**जागरण संवाददाता, सेवरही:** विशुनपुरा के दुदही उपनगर निवासी एक व्यक्ति ने हल्का लेखपाल पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिकायती पत्र सौंप कार्रवाई की मांग की है। उपनगर निवासी अनिरुद्ध प्रसाद ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि सिविल जज (जूडि) कसया में बंटवारा का वाद विचाराधीन होने के बावजूद कुछ लोगों ने चोरी से विवादित भूमि में लगे दो सेमर के पेड़ को बीते 23 फरवरी को काट दिया और लोगों के पहुंचने पर फरार हो गए। आरोप है कि प्रभारी निरीक्षक द्वारा मांगे जाने पर हल्का लेखपाल ने आरोपितों के प्रभाव में अप्रमाणित नजरी नक्शा तथा तथ्यहीन रिपोर्ट प्रस्तुत दे कर विवाद बढ़ा दिया है। एसडीएम विकास चंद ने बताया कि मामला संज्ञान में है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक चुराने का पांचवा आरोपी गिरफ्तार

**रामकोला।** बाइक चोरी के आरोप में दर्ज मुकदमे में फरार पांचवें आरोपी को रामकोला पुलिस ने सोमवार को मेहंदीगंज के पास गिरफ्तार कर लिया। इसके पहले इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस आठ बाइक बरामद कर चुकी है। एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में एक आरोपी की तलाश थी। सोमवार को टीम ने आरोपी मेंहदीगंज निवासी राज को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# मारने-पीटने का आरोप मुकदमा

**पटहेरवा :** क्षेत्र के लछिया देवरिया निवासी एक व्यक्ति को पेड़ काटने का आरोप लगाकर दो लोगों द्वारा मारने-पीटने मे मामले में पुलिस सोमवार को आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की। घटना 16 फरवरी की है। नारद यादव यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव के ही अशोक यादव ने 112 डायल पुलिस को पेड़ काटने की झूठी सूचना दी। झूठी सूचना पुलिस को क्यों दी है, पूछने पर मारने-पीटने लगे तथा साथ में शामिल रीना ने जानमाल की धमकी दी। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, महिला की हालत में सुधार

**जासं,दुद्धी :** मारपीट तथा दुष्कर्म के मुकदमे में विवेचक पर आरोपित का पक्ष लेने का आरोप लगाकर रविवार को विशुनपुरा थाने में कीटनाशक पीने वाली महिला की हालत में सुधार है। सोमवार को विवेचक ने जिला अस्पताल पहुंच महिला का बयान दर्ज किया। उधर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। विशुनपुरा के एक गांव की 28 वर्षीय महिला ने अपने देवर राजन कुशवाहा के विरुद्ध मारपीट तथा दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। बीते रविवार को महिला अपने पिता व भाई संग मुकदमे की प्रगति जानने थाने गई थी। विवेचक पर आरोपित की मदद करने का आरोप लगाते हुए उसने झोले में रखी एक शीशी निकाली और उसे पी गई। उसकी हालत बिगड़ने पर पुलिसकर्मी सीएचसी फिर जिला अस्पताल ले गए।

बता दें कि महिला के पति का दो साल पूर्व बीमारी से निधन हो गया। महिला की एक चार वर्ष की बच्ची है। पति की मृत्यु के बाद वह देवर संग रहने लगी। देवर शादी कर उससे अलग हो गया। महिला ने देवर पर दुष्कर्म तथा मारने-पीटने का मुकदमा पंजीकृत कराया है। सीएमएस डा.एसके वर्मा ने बताया कि महिला की हालत में सुधार है।

# जन सुनवाई कक्ष से होगी जनता को सहूलियत : पुलिस अधीक्षक



बरवापट्टी थाना में जन सुनवाई कक्ष का लोकार्पण करते बाएं से एसपी धवल जायसवाल व सीओ जितेंद्र सिंह कालरा● जागरण

**जासं,बरवापट्टी:** एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि थाने आए पीड़ितों की बात सुन उनकी समस्या का त्वरित समाधान कराएं। यह ध्यान रहे कि कोई भी व्यक्ति खड़ा न रहे, सभी को बैठने का उचित स्थान मिले। थानों में जन सुनवाई कक्ष का निर्माण इसी उद्देश्य से कराया जा रहा। जनसुनवाई कक्ष से पीड़ितों को काफी सहूलियत होगी। पीड़ितों की अनदेखी करने वाले पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनकी जवाबदेही तय होगी।

वे सोमवार को बरवापट्टी थाने में नव-निर्मित जन सुनवाई कक्ष का उद्घाटन करते हुए पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने कहा कि जनसुनवाई कक्ष का उद्देश्य थाने आए नागरिकों को उचित स्थान देकर सुगमतापूर्वक उनकी समस्या सुनना तथा उसका निस्तारण कराना है। नागरिकों की समस्या गंभीरतापूर्वक सुनकर उसका समाधान कराने को लेकर थानेदारों को निर्देश दिए गए हैं। इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। इससे पूर्व एसपी ने थाना परिसर में बने नव-निर्मित जनसुनवाई कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया।

जन सुनवाई कक्ष में थाने आए पीड़ितों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में कुर्सियां रखीं गईं हैं। ताकि कोई भी पीड़ित खड़े होकर अपनी बात न कहे। सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार टंडन, पीआरओ भुपेंद्र दुबे सहित थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

# एसपी ने किया जनसुनवाई कक्ष का शुभारंभ



**बरवापट्टी।** स्थानीय थाना परिसर में बने जनसुनवाई कक्ष का सोमवार को एसपी धवल जायसवाल ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस भवन के बनने से थाने में आने वाले फरियादियों की समस्या सुनने और उसके निस्तारण में आसानी होगी। इस दौरान एसपी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं है। कार्यक्रम को सीओ जितेंद्र सिंह कालरा, एसओ जितेंद्र कुमार टंडन आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान एसआई अभिषेक कुमार यादव, सूर्यमान यादव, रामजन्म यादव, ग्राम प्रधान अवधकिशोर कुशवाहा, संजय यादव, सीताराम कुशवाहा, शत्रुघ्न यादव, नरसिंह यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस ने दर्ज किया महिला का बयान

## थाने में महिला के कीटनाशक पीने के बाद पुलिस ने दिखाई तेजी

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला फॉलोअप

दुदही (कुशीनगर)। देवर पर शादी का झांसा देकर संबंध बनाने का आरोप लगाकर विशुनपुरा थाने में कीटनाशक पीने वाली महिला की हालत में सुधार है। सोमवार को जिला अस्पताल में भर्ती महिला का बयान पुलिस ने लिया। चर्चा है कि महिला का बयान दर्ज करने के बाद आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि, एसओ इसकी पुष्टि नहीं कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, विशुनपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 27 वर्षीय महिला के पति की दो साल पहले बीमारी से मौत हो गई थी। महिला का आरोप है कि देवर ने उससे शादी का झांसा देकर संबंध बनाया। बाद में देवर ने शादी से इन्कार कर दिया।

महिला का आरोप है कि देवर की शादी दूसरी जगह तय हो गई। महिला ने दो माह पहले थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को उसके देवर शादी हुई और शनिवार को दुल्हन घर चली आई। उसके बाद रविवार को उसे थाने पर बुलाया गया।

रविवार को दिन में करीब 11 बजे थाने पहुंची महिला ने पुलिसकर्मियों के सामने ही कीटनाशक पी लिया। उसके हाथ में शीशी देखकर एक सिपाही ने थानाध्यक्ष को बताया। पुलिस ने महिला को तत्काल दुदही सीएचसी में भर्ती कराया। बताया जाता है कि कीटनाशक पीने के बाद महिला को उल्टी होने लगी और पेट दर्द होने लगा। सीएचसी में इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वहां उपचार के बाद महिला की हालत सुधार हुआ। सोमवार को पुलिस ने जिला अस्पताल में महिला का बयान दर्ज किया। इसके बाद आरोपी देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई।

इस संबंध में विशुनपुरा के थानाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति ने बताया कि महिला की तहरीर पर उसके देवर के खिलाफ सात मार्च को मुकदमा दर्ज हो चुका है। इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# महिला संबंधी अपराध के मामलों की शीघ्र पूर्ण करें विवेचना

**जासं, महराजगंज**: पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने सोमवार को पुलिस कार्यालय के तथागत सभागार में जिले के समस्त थानों पर नियुक्त थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षकों तथा पुलिस कार्यालय के शाखा प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी की गई। गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक ने जिले के अपराधों की समीक्षा के दौरान जहां महिला संबंधी अपराधों में त्वरित विवेचना पूरी करने का निर्देश दिया, वहीं थानों पर सुनवाई में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया।

अपराध गोष्ठी में विभिन्न थानों पर दर्ज होने वाले मुकदमों और उनके निस्तारण पर चर्चा की गई। समीक्षा में थानों पर लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटिओं की गिरफ्तारी, शिकायत प्रार्थना पत्र के निस्तारण एवं उनके कार्रवाई की समीक्षा के संदर्भ में पुलिस अधीक्षक द्वारा दिशा निर्देश दिए गए। पिछले थाना समाधान दिवस पर पनियरा में दिखी लापरवाही पर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को सुधार का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने महिला संबंधी अपराधों में ससमय विवेचना पूरा करने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह, सदर सीओ अजय सिंह चौहान, सूर्यबली मौर्य, कोमल मिश्र, अनुज कुमार सिंह मौजूद रहे।

# 4.54 लाख नेपाली करंसी के साथ युवक गिरफ्तार

भगवानपुर, हिन्दुस्तान संवाद। परसामलिक पुलिस ने सोमवार को झिंगटी गांव से भारी मात्रा में नेपाली करेंसी के साथ कोठीभार थाना क्षेत्र के एक युवक को गिरफ्तार कर किया। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की गई।

परसामलिक थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर झिंगटी से आरोपित इन्द्रजीत गोंड पुत्र जवाहर (18) निवासी ग्राम पकड़ी चौबे थाना कोठीभार के कब्जे से 4 लाख 54 हजार 600 नेपाली करेंसी बरामद किया गया। उसके खिलाफ कस्टम अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर बरामद नेपाली करेंसी व अभियुक्त को आगे की कार्यवाही के लिए कस्टम विभाग को सौंप दिया है।

इस कार्रवाई में सेवतरी चौकी इंचार्ज सूरज कुमार, कांस्टेबल त्रिवेणी प्रसाद यादव, मोहित शामिल रहे।

# तीन वर्षों से एक ही जगह डटे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण

- सात उपनिरीक्षकों समेत 150 पुलिसकर्मियों का बदला कार्यक्षेत्र
- रविवार की रात पुलिस अधीक्षक ने दिया स्थानांतरण का आदेश

**जासं, महराजगंज**: एक ही थाने पर तीन वर्षों से जमें पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने स्थानांतरित करते हुए दूसरे क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी है। रविवार की रात में हुए इस स्थानांतरण में पुलिस अधीक्षक ने सात उपनिरीक्षकों समेत कुल 150 पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र बदल दिया है।

स्थानांतरण में सदर कोतवाली के जेल चौकी प्रभारी से हटाते हुए कोतवाली में पोस्ट कर दिया है, वहीं निचलौल थाने पर तैनात उपनिरीक्षक बृजभान यादव को जेल चौकी का प्रभारी बनाया है। बागापार चौकी प्रभारी बिजय द्विवेदी को अड्डा चौकी प्रभारी, जबकि सोनौली के भगवानपुर चौकी प्रभारी रहे भूपेंद्र सिंह को बागापार की जिम्मेदारी सौंपी है। अड्डा बाजार के चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। कोठीभार में तैनात दुर्गेश सिंह को कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी और जनसुनवाई में तैनात अरुण कुमार को भगवानपुर का चौकी प्रभारी बनाया है। 143 पुलिसकर्मियों का भी स्थानांतरण किया गया है। एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि तीन वर्षों से एक ही थाने पर जमे पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण किया गया है।

# मिशन शक्ति को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

**जासं, श्यामदेउरवा:** थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सोमवार को महिला सुरक्षा को लेकर मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर एंटी रोमियों प्रभारी उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में महिला कांस्टेबल द्वारा महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों ने वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सीय सहायता एंबुलेंस बुलाने के लिए 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 आदि के बारे में जानकारी दी। उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव ने बताया कि हमारी टीम की तरफ से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

# टोल मांगने को लेकर विवाद कर्मियों को पीटा, तहरीर

**जासं, आनंदनगर**: फरेंदा-धानी मार्ग पर स्थित हड़हवा टोल प्लाजा पर सोमवार की दोपहर टोल कर्मियों द्वारा टोल मांगने को लेकर विवाद हो गया। आक्रोशित लोगों ने टोल कर्मियों की पिटाई कर दी। सिद्धार्थनगर की तरफ से बसों एवं छोटे वाहनों में बैठकर लोग रैली में शामिल होने गोरखपुर की तरफ जा रहे थे। सभी आरोपित एक पार्टी विशेष के कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं। टोल प्लाजा पर एकाउंटेंट गौरव वाहन स्वामियों से टोल देने के लिए कहा, जिस पर वाहन में बैठे लोग आक्रोशित हो गए और हाथापाई करने लगे। आक्रोशित लोगों ने एकाउंटेंट को खींच लिया और हाथापाई करने लगे। आक्रोशित लोगों ने शौचालय का दरवाजा तोड़ दिया। थानाध्यक्ष फरेंदा सत्येंद्र कुमार राय ने कहा कि सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## टोल कर्मियों के खिलाफ दी तहरीर

**आनंदनगर** : लोटन थाना क्षेत्र के परसौना बड़हरा निवासी मुरारी सिंह ने फरेंदा थाने में तहरीर देकर हड़हवां टोल प्लाजा के कर्मचारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। मुरारी सिंह ने बताया कि वह सोमवार को अपने साथियों के साथ गोरखपुर में रैली में शामिल होने जा रहे थे। फरेंदा थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय ने बताया कि टोल प्लाजा पर विवाद में एक पक्ष से तहरीर मिली है।

# आटो से भिड़ी बोलेरो, 12 लोग घायल

जासं, नौतनवा : गोरखपुर- सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के संपतिहा चौराहे से करीब सोमवार की दोपहर ट्रेलर की ठोकर से बोलेरो अनियंत्रित होकर टैंपो से भिड़ गई। जिसमें 12 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से लक्ष्मीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। आटो में सवार छह घायलों में पांच की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आटो चालक रहीमुल्लाह निवासी बटइडिहा थाना कोल्हुई से नौतनवा जा रहा था। मरियम निवासी परमेशरापुर, आबिद निवासी खरहरवा थाना कोल्हुई, जमिउनिशा व रिजवान अहमद निवासी हथियहवा थाना नौतनवा, स्वतंत्र पासवान निवासी महरी थाना परसामालिक आटो में बैठे थे। इसी दौरान नौतनवा से बोलेरो में सवार घर लौट रहे खजुरिहा फरेंदा निवासी निशा, सुनील, विश्वनाथ,अंजली, नेहा तथा चालक राहुल निवासी चेहरी थाना कोतवाली के वाहन

- **आटो में सवार छह घायलों में पांच की हालत गंभीर, रेफर**
- **बोलेरो में सवार थे फरेंदा खजुरिहा निवासी पांच सदस्य**



संपतिहा चौराहे के पास दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त टैंपो व पलटी बोलेरो ● जागरण

में पीछे से ट्रेलर ने ठोकर मारी और फरार हो गया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके स्वजन को सूचना दी गई है।

**मक्का के साथ एक तस्कर गिरफ्तार: कोल्हुई**: कोल्हुई क्षेत्र के इलाहाबास के महावीरपुर के पास से पुलिस व एसएसबी की टीम ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में ट्रक पर लदा मक्का बरामद किया। सूचना पर पुलिस व एसएसबी की टीम मौके पर पहुंची तो ट्रक पर मक्का लादा जा रहा था। नेपाल से छोटे वाहनों द्वारा मक्का लाकर ट्रक पर लोड कर भारतीय बाजारों में भेज दिया जाता था। आरोपित की पहचान गोरखपुर के बांसगांव थाना क्षेत्र के राकेश के रूप में हुई। आरोपित को ट्रक के साथ थाने ले आए और गिनती कराया तो 163 बोरी मक्का निकला। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव, एसआइ जयप्रकाश, राम रतन यादव, सुनील सिंह, शैलेंद्र यादव, राजेश यादव, मंजेश यादव, एसएसबी एसआई जाबिर अली,जयंता गोगोई शामिल रहे।

**बाइक चोरी के आरोपित का फोटो वायरल : नौतनवा** : बाइक चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस चौक, चौराहे, घरों व दुकानों में लगे सीसी कैमरे से जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। सोमवार को भुंडी मोहल्ले की एक दुकान के कैमरे में कैद हुए युवक को पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर वायरल किया है।

# 163 बोरा मक्का लदे ट्रक के साथ किया गिरफ्तार

कोल्हुई, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के इलाहावास के महावीरपुर के पास से पुलिस व एसएसबी की टीम ने भारी मात्रा में ट्रक पर लोड मक्का बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक आरोपित भी गिरफ्तार किया गया है।

एसओ कोल्हुई महेन्द्र यादव ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि महावीरपुर के पास ट्रक पर अवैध ढंग से मक्का लोड किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस व एसएसबी की टीम मौके पर पहुंची। उस समय ट्रक पर मक्का लोड किया जा रहा था। एक आरोपित को ट्रक पर मक्का लोड करते समय गिरफ्तार कर लिया। अरोपित ने पूछताछ में अपना नाम राकेश बताया। वह गोरखपुर जिले के बांसगांव थाना क्षेत्र का रहने वाला है। टीम ट्रक के साथ आरोपित को थाने ले गई। जांच में ट्रक के अंदर 163 बोरी मक्का मिला। थानाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने बताया कि अग्रिम करवाई के लिए बरामद मक्का को नौतनवा कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है।

## टोल प्लाजा पर मारपीट

फरेंदा। सिद्धार्थनगर जिले के एक जन प्रतिनिधि समर्थकों के साथ गोरखपुर जा रहे थे। फरेंदा धानी रोड पर स्थित एन एच 730 हडहवा टोल प्लाजा पर टोल देने को लेकर विवाद के बाद टोल कर्मचारियों व उनके समर्थकों के बीच मारपीट व हाथापाई हो गई। इससे दो टोल प्लाजा कर्मियों को चोटें भी लगीं। फरेंदा कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि टोल प्लाजा पर पैसे देने को लेकर समर्थकों व टोल प्लाजा कर्मियों में कहासुनी हुई है। जांच किया जा रहा है।

# विवाद होने पर चार लोग पाबंद

निचलौल। शहर में जमीन कब्जा करने के मामले में चार लोगों को पुलिस ने सोमवार को पाबंद किया। उप जिलाधिकारी रामसजीवन मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम शहर में गश्त कर रही थी। इसी बीच शहर के महाशय वार्ड में मकान और जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्ष कहासुनी कर रहे थे। कुछ देर बात दोनों पक्ष के लोग आक्रोशित हो उठे। मौके पर पुलिस टीम विवाद कर रहे चार लोगों को पकड़कर थाने लाई। एक पक्ष से सचिन पांडेय, संदीप पांडेय निवासी पांडेय मुहल्ला व द्वितीय पक्ष के सुनील शर्मा और देवेंद्र शर्मा निवासी कस्बा निचलौल के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर पाबंद किया गया है। संवाद

# ट्रक में लदा 163 बोरी मक्का बरामद

कोल्हुई। स्थानीय थाना क्षेत्र के इलाहावास के टोला महावीरपुर के पास से सोमवार सुबह पुलिस व एसएसबी की टीम ने छापा डालकर ट्रक पर लदा 163 बोरी मक्का बरामद किया है। थानाध्यक्ष महेंद्र यादव ने बताया कि बरामद मक्का नौतनवां कस्टम को सौंप दिया गया। संवाद

# पुलिस चौकी का शिलान्यास

अड्डा बाजार। दशकों से न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अड्डा बाजार में चल रहे पुलिस चौकी को अब अपना भवन जल्द मिल सकेगा। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सन्तोष पाण्डेय व एसडीएम नौतनवां दिनेश कुमार मिश्र ने विधि पूर्वक भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सन्तोष पाण्डेय ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी होने से आम जन को सुविधा मिलेगी। अपराध पर रोक लगेगा।

# जंगली सुअर को मारने का वीडियो वायरल, होगा केस

निचलौल, हिसं। सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग में कुछ लोगों द्वारा बेरहमी से सुअर को जान से मारने का वीडियो वायरल हो रहा है। अलग अलग समय पर सोशल मीडिया पर वायरल हुए तीन वीडियो में सुअर की हत्या किया जाना दिखाया गया है। हालांकि हिन्दुस्तान इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

वायरल वीडियो सोहगीबरवा वन क्षेत्र का बताया जा रहा है। हालांकि विभाग इसे पुराना और किसी अन्य जगह का बता रहा है। फिर भी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। इंटरनेट मीडिया पर बीते दो दिनों से सुअर की हत्या से जुड़ा तीन वीडियो वायरल हो रहा है। कुछ लोग मामला ठूठीबारी थाना क्षेत्र का बता रहे हैं। वहीं कुछ लोग इसे बरगदवां थाना क्षेत्र का मामला बता रहे हैं। दोनों क्षेत्र मधवलिया रेंज का है। रेंजर मधवलिया सुनील राव ने बताया कि वायरल वीडियो के बारे में जांच की जा रही है। इसका सही लोकेशन मालूम नहीं हो पा रहा है। इसके पहले वायरल हुए वीडियो का लोकेशन नौतनवा के तरफ का प्रतीत हो रहा था, फिर दूसरी बार वायरल हुआ वीडियो ठूठीबारी के तरफ का बताया गया था, लेकिन सटीक लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि प्रकरण में केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी की लापरवाह थानेदारों को चेतावनी



पुलिस कार्यालय सभागार में बैठक करते एसपी डॉक्टर कौस्तुभ। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में सोमवार को थानाध्यक्ष/ प्रभारी निरीक्षक व पुलिस कार्यालय के शाखा प्रभारियों की बैठक हुई, इसमें अपराध नियंत्रण के प्रगति की समीक्षा की गई। एसपी ने लापरवाह कुछ थानेदारों को कड़ी चेतावनी दी।

थानों पर लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, पुरस्कार घोषित अपराधियों, वारंटी की गिरफ्तारी, शिकायत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की भी समीक्षा हुई।

पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने कहा कि विवेचना के निस्तारण में देरी नहीं होनी चाहिए। अपहृतों की बरामदगी के लिए ऑपरेशन तलाश चलाया गया, इसमें कार्रवाई तेज करें। आईजीआरएस तथा जनसुनवाई प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन थानों की फीडबैक की स्थिति ठीक नहीं है, उन्हें सुधार लाने की चेतावनी दी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क दुर्घटना वाले स्थानों की फीडिंग जल्दी पूरा करें। दोपहिया वाहनों पर हेलमेट का प्रयोग करने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** मार्ग दुर्घटना में गम्भीर रूप से जख्मी हुए एक व्यक्ति को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थाना क्षेत्र के असनहरा स्थित तेज रफ्तार वाहन संख्या यूपी 70 बीडी/7911 इनोवा गाडी के चालक ने जगदम्बा प्रसाद को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे जगदम्बा प्रसाद गम्भीर रूप से जख्मी हो गयी। उन्हे उपचार के लिए अस्पताल में ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के भाई पटेश्वरी प्रसाद गुप्ता पुत्र महादेव निवासी ग्राम असनहरा,थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट मामले में चार नामजद

**बस्ती ।** मामूली बात को लेकर मारपीट के मामले में चार लोगो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्यवाही पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने किया है। मुण्डेरवा थाना क्षेत्र के मुण्डेरवा खास में मामूली बात के विवाद को लेकर शान्ती देवी को कुछ लोगो ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता शान्ती देवी पत्नी पत्नी इंदल प्रसाद निवासी मुण्डेरवा थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मिथिलेश, संदीप, प्रदीप, सिरपाती निवासीगण मुण्डेरवा थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ससुरालियों ने की महिला की पिटाई,सात पर केस

**बस्ती ।** एक महिला को उसके पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा मिलकर मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने पर लिखित तहरीर देकर सरिता देवी पत्नी आशुतोष शुक्ला निवासी बन्तला थाना वाल्टरगंज ने बताया कि उसके पति आशुतोष तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति आशुतोष शुक्ला पुत्र कृष्ण कान्त शुक्ला, कृष्ण कान्त शुक्ला, संजय पुत्र कृष्ण कान्त शुक्ला, कल्पना पत्नी, ममता, शुभम पुत्र कृष्ण कान्त शुक्ला, प्रतिमा पुत्री कृष्ण कान्त शुक्ला निवासीगण ग्राम वन्तला थाना वाल्टरगंज 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## दबंगों ने आटा चक्की में घुस कर मचाया उत्पात

# जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि समेत पांच नामजद

**हर्रैया (एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरहपुर निवासी जिला पंचायत प्रतिनिधि द्वारा महूघाट चौराहे पर एक आटा चक्की की दुकान में अपने चार अन्य सहयोगियों के साथ जमकर तांडव किया गया। पुलिस ने दुकानदार की तहरीर पर पांचों के विरूद्ध अपराध संख्या 90/2023 धारा 147, 148, 504, 506, 323, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार महूघाट निवासी रामू चौधरी पुत्र रामसागर ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया है कि बरहपुर निवासी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम सुरेश चौधरी रविवार को सायं लगभग 6:30 बजे स्कार्पियों संख्या यूपी 51 एएफ 2111 से अपने सहयोगी महूघाट निवासी मनोज पुत्र रामरक्षा, आदर्श व राहुल पुत्रगण प्रेमचन्द्र तथा छावनी थाना क्षेत्र के देवकली निवासी सौरभ पुत्र तिलकराम तथा अन्य पांच लोगो के साथ उनके दुकान पर पहुंचे। पुरानी बात को लेकर उक्त लोगो ने लाठी, डंडा, राड से मारना-पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई चन्द्रभान को भी जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर पीटा। दोनो जान बचाने के लिए दुकान में छिप गए। उपद्रवियों ने दुकान में घुस कर तांडव मचाया। सामान को तोडते हुए गल्ला में रखा पैसा छीट दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि समेत पांच नामजद के विरूद्ध बलबा, मारपीट एवं तोडफोड का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना महिला इंसपेक्टर अनीता यादव कर रहीं है। खबर लिखे जाने तक अभियुक्तों की गिरफ्तारी नही हुई थी।

# एक पखवाड़ा बाद दर्ज हुआ गैंग रेप का केस

**बस्ती (एसएनबी)।** सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव में लगभग एक पखवाड़ा पूर्व हुए गैंग रेप के मामले में नाबालिग बालिका की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है। जघन्य अपराध को अंजाम देने वाले आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने के लिए पीड़िता को थाने से लेकर पुलिस कप्तान तक से गुहार लगानी पड़ी। मुख्य आरोपित एक युवक की होली के दिन मार्ग दुर्घटना में मौत हो चुकी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका का कहना है कि लगभग तीन चार माह पहले वह लकड़ी लेने के लिए गांव के बाहर बाग में गई थी। इसी बीच दो युवक वहां आ पहुंचे तथा उनके द्वारा तमंचे की नोक पर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। यही नहीं उनके द्वार इसका वीडियो भी बना लिया गया। वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसे एक मोबाइल दिया गया और कहा गया कि वे जब भी बुलाएं उनसे मिल लिया करें, अन्यथा अंजाम बुरा होगा। 26 फरवरी की रात लगभग 11 बजे उनके द्वारा उसे फोन करके बुलाया गया। दोनों उसे बाइक पर बैठाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले गए। जहां उसके साथ पांच लोगों ने बारी बारी से दुष्कर्म किया। सुबह होने पर वे बालिका को बस्ती में किसी अज्ञात स्थान पर ले गए व पुनः दुष्कर्म किया।

आरोपित रात लगभग 10 बजे बालिका को उसके गांव के बाहर छोड़ गए। तब से पीड़िता थाने से लेकर एसपी कार्यालय तक का चक्कर काटती रही। लम्बे जद्दोजहद के बाद पुलिस ने थाना क्षेत्र के बनवधिया निवासी स्व. प्रेम पांडेय, आकाश तिवारी निवासी नौवागांव, अंकित चौधरी निवासी बदौगी, प्रिंस निवासी असनहरा व राहुल चौधरी निवासी बसडीला के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# एसपी कार्यालय पहुंचा दिनेश, कहा- मेरा किसी ने अपहरण नहीं किया

**बस्ती (एसएनबी)**। रूधौली थाना क्षेत्र के करमहिया निवासी दिनेश कुमार उपाध्याय के कथित अपहरण की आशंका मामले में नया मोड़ आ गया है। सोमवार को दिनेश कुमार उपाध्याय पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि उसके अपहरण के आशंका की अफवाह फैलाया जा रहा है। उसके भाई देवेन्द्र कुमार उपाध्याय और भाभी नीलम उसकी जमीन को हड़प लेना चाहते हैं।

पत्र में दिनेश कुमार ने कहा है कि उसके बड़े भाई के साढ़ू ने कुछ साल पहले गुजरात जाने वाले ट्रक में बैठा दिया था। एक स्वयंसेवी संस्था की मैडम ने उसे गुजरात से वापस बुलवाया। ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह ने उसे रूधौली लाकर छोड़ दिया था। उसके घर पर ताला लगा रहता है वह कहां खायेरहे



एसपी कार्यालय पहुंचकर फरियाद करता पीड़ित। फोटो : एसएनबी

उसके भाई, पत्नी व रिश्तेदार हमेशा जमीन लिखने की बात करते हैं। मैं अपनी जमीन उनको नहीं देना चाहता हूं।

पत्र में दिनेश कुमार ने कहा है कि उसका कोई अपहरण नहीं किया गया, वह अपने मन से काम करके इधर उधर रहता है। उसकी वजह से किसी को अकारण परेशान न किया जाय। ज्ञात रहे कि दिनेश कुमार की भाभी नीलम पत्नी देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आशंका व्यक्त किया था कि उसके देवर दिनेश कुमार उपाध्याय जो मंद बुद्धि के हैं उसका अपहरण कर कुछ लोग उसके हिस्से की सारी जायदाद बिकवाकर उसे गायब करा देना चाहते हैं। उसने अपने देवर की सुरक्षित बरामी कराये जाने की मांग एसपी से किया था।

# किशोरी से गैंगरेप, मृतक समेत पांच लोगों पर मुकदमा

असुरक्षित महिलाएं

- वीडियो बना ब्लैकमेल करते रहे, 26 फरवरी को पांचों आरोपियों ने किया गैंगरेप
- सोनहा पुलिस ने सोमवार को दर्ज किया केस, एक आरोपी की हादसे में हो चुकी है मौत

सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद। सोलह वर्षीय किशोरी संग गैंगरेप करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ एसपी की सख्ती के बाद सोनहा पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। इसमें से एक आरोपी की पिछले सप्ताह हादसे में मौत हो चुकी है। एक अन्य आरोपी जिले के एक जनप्रतिनिधि का प्रतिनिधि है। पुलिस कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसडीएम अतुल आनन्द और सीओ रुधौली प्रीति खरवार ने सोमवार को घटनास्थल मुआयना किया।

तहरीर देने वाली किशोरी ने बताया है कि करीब तीन-चार माह पूर्व वह दोपहर में लकड़ी की तलाश में बागीचे में गई थी। उसी समय क्षेत्र के ही प्रेम पांडेय निवासी बनवधिया और आकाश तिवारी आ धमके। तमंचा दिखाकर धमकाते हुए दोनों ने बलात्कार किया। वीडियो भी बना लिया। घटना की जानकारी किसी को देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आकाश ने एक मोबाइल दिया जिस पर वह बार-बार फोन कर धमकाता था कि हमारे हिसाब से नहीं करोगी तो तुम्हारे भाई को मार डालेंगे। घर जला देंगे। पीड़िता के मुताबिक 26 फरवरी की रात 11 बजे प्रेम पांडेय ने धमका कर गांव के बाहर बुलाया। वहां पर पहले से प्रेम के साथ मौजूद अंकित चौधरी बाइक से अन्जान जगह पर खाली मकान में ले गया। पूरी रात प्रेम, आकाश, अंकित निवासी बड़ौनी, प्रिंस निवासी असनहरा और राहुल चौधरी निवासी बसडीला ने दुष्कर्म किया। दूसरे दिन सुबह कार से बस्ती शहर स्थित किसी खाली मकान पर ले गए और वहां भी बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

**आरोपी धमकाते रहे, पुलिस भगाती रही :** पीड़िता के मुताबिक मां के साथ वह थाने पर मुकदमा लिखाने गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई। उसे भगा दिया गया। कई दिनों तक चक्कर लगाने के बाद भी किसी ने नहीं सुना तो उसने एसपी के यहां गुहार लगाई। एसपी की सख्ती के बाद 13 मार्च की सुबह सोनहा थाने पर गैंगरेप और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा लिखा गया। पीड़िता के मुताबिक इस आरोपी उसे और उसके परिजनों को सुलह के लिए धमका रहे हैं। वह काफी पैसे और पहुंच वाले हैं। सुलह नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## गांव के बाहर छोड़कर भाग गए आरोपी

पीड़िता के मुताबिक 27 फरवरी की रात दस बजे आरोपी उसे उसके गांव के बाहर छोड़कर भाग गए। घर पहुंचकर उसने आपबीती मां को बताई। लेकिन आरोपियों के डरवश किसी को जानकारी नहीं दी। पूना में काम करने वाले पिता सूचना पर घर पहुंचे तो उनके साथ अधिकारियों को तहरीर दी। इसी बीच 7 मार्च की रात कलवारी में आरोपी प्रेम पांडेय की हादसे में मौत हो गई। आरोपी आकाश तिवारी मुख्यालय पर स्थित एक सरकारी महकमें में जेई है।

# थानाध्यक्ष ने पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

**छावनी (एसएनबी)।** थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों तथा सड़क पर गुजरने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दिया। उन्होने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट लगाना न भूलें।

वाहनों को पार्किंग में सुरक्षित खडा करें। नशे में वाहन न चलाएं। उन्होने कहा कि हमें अपने निर्धारित लेन में ही चलना चाहिए। ओवर टेक के समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें। तेज गति से वाहन चलाने पर दुर्घटनाओं का खतरा अधिक रहता है। इसलिए निर्धारित गति से ही वाहन चलाएं। उन्होने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि अपने अभिभावकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए अवश्य टोंके।

# किशोरी को भगाया, तीन पर केस

**बस्ती ।** बहला फुसला कर शादी करने के लिए एक युवती को आरोपी अपने परिवार वालो के सहयोग से भगा ले गया। मामले में किशोरी के मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। मुण्डेरवा थाने पर लिखित तहरीर देकर एक महिला ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को आरोपी रंजीत उर्फ पटकन पुत्र दयाराम निवासी कुर्थिया थाना मुण्डेरवा ने शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। इस कार्य में उसके परिवार के लोगो ने भी सहयोग किया। मामले में पुलिस ने आरोपी रंजीत उर्फ पटकन पुत्र दयाराम, विजय पाल, विजयपाल के घर वाले निवासीगण कुर्थिया थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पेंशन के लिए रास्ता रोको आंदोलन

बस्ती। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले गोरखपुर में 15 मार्च को प्रस्तावित रास्ता रोको आंदोलन को लेकर सेवानिवृत्त कर्मियों ने सोमवार को मंडल अध्यक्ष आरपी सिंह की अध्यक्षता में रोडवेज परिसर में बैठक कर रणनीति बनाई।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने 1995 में निगम बने विभागों के लिए इम्प्लाइज पेंशन स्कीम बनाया था, जिससे बड़ी संख्या में कर्मी वंचित हैं। कहा कि हक के लिए सेवानिवृत्त कर्मी पूरे देश में एक साथ सड़क पर उतरने जा रहे हैं। ईपीएस-95 से वंचित सेवानिवृत्त कर्मियों को 5000 रुपये महीना पेंशन दिए जाने की मांग को लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है।

# दुकानदार व उसके भाई को पीटा, केस

बस्ती। हरैया क्षेत्र के महुघाट पर स्थित दुकान पर चार पहिया गाड़ी से पहुंचे कुछ लोगों ने दुकानदार व उसके भाई की पिटाई कर दी। महूघाट निवासी रामू वर्मा ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि इसी थाने के बरहपुर निवासी राम सुरेश चौधरी की लग्जरी गाड़ी में सवार होकर राम सुरेश, मनोज, आदर्श, राहुल निवासी महुघाट, सौरभ निवासी देवकली थाना छावनी पहुंचे। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# महिला से मारपीट, ससुराली नामजद

बस्ती। महिला थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। बन्तला थाना वाल्टरगंज निवासी सरिता देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पति आशुतोष शुक्ला, ससुर कृष्ण कान्त शुक्ला, जेठ संजय, जेठानी कल्पना, ममता, देवर शुभम व ननद प्रतिमा ने मारपीट की। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# गोटवा कस्बे में चोरों ने टावर से 24 बैटरी चुराई



**जागरण संवाददाता, गोटवा, बस्ती:** नगर थाना क्षेत्र के गोटवा कस्बे में लगे मोबाइल टावर से चोरों ने बैटरी चुरा ली। घटना की जानकारी सोमवार की सुबह तब हुई जब टेक्नीशियन टावर पर पहुंचे। हरैया थानाक्षेत्र के ग्राम मधवापुर निवासी टेक्नीशियन वीरेंद्र कुमार सिंह ने नगर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की रात टावर में लगी 24 बैटरी चोरी हो गई। थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# किशोरी से छेड़खानी, एफआईआर

बस्ती। हर्रैया थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ हुई छेड़खानी का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 10 मार्च को लवकुश व विशाल ने शाम करीब चार बजे उनकी बेटी को पकड़ लिया और अश्लील हरकत की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में मौत के मामले में मुकदमा

बस्ती। कलवारी पुलिस ने क्षेत्र के लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित शिव चौराहे पर बाइक से हुई दुर्घटना में मौत के मामले में केसपंजीकृत किया है। सुनीता ने तहरीर में बताया कि बेटा आशीष मिश्रा अपने दोस्त प्रेम प्रकाश के साथ सात मार्च की रात 12 बजे कलवारी थाना क्षेत्र के शिव चौराहे के पास दो पहिया वाहन खड़ा करके आपस में बात कर रहे थे। तभी पिकअप के चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में आशीष मौत हो गई थी। जबकि प्रेम प्रकाश की मौत इलाज के दौरान हो गई।

# डंपर से भिड़ी कार, बाल-बाल बचे सवार

- डंपर के अचानक ब्रेक लेने से पीछे चल रही कार उससे भिड़ी
- एयरबैग खुलने से चालक समेत दोनों लोग बाल-बाल बचे

दुबौलिया, हिन्दुस्तान संवाद। कलवारी-टांडा पुल पर सोमवार को डंफर से भिड़े कार के परखच्चे उड़ गए। शुक्र रहा कि एयरबैग खुल गया जिससे चालक समेत अन्य सवार बाल-बाल बच गए। पुल के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंची अलीगंज अंबेडकरनगर पुलिस ने क्रेन से वाहनों को नीचे उतारकर यातायात बहाल कराया।

सोमवार को सुबह करीब दस बजे अंबेडकरनगर जनपद के अलीगंज कोतवाली थानांतर्गत टांडा पुल पर टांडा से बस्ती के तरफ आ रहे डंफर के चालक ने अचानक बीच पुल पर ब्रेक लगा दिया। जिससे से पीछे आ रही कार डंफर से भिड़ गई। उसी दौरान उसके पीछे से आ रहे एक और डंफर ने पीछे से कार को बुरी तरीके से टक्कर मार दिया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रहा कि कार का एयरबैग खुल गया और अंदर बैठे प्रेम बहादुर सिंह निवासी ऊंचे गांव अम्बेडकर और अमित सिंह बाल-बाल बच गए। प्रेम जिला अस्पताल बस्ती में सीएमओ ऑफिस में बड़े बाबू हैं। सूचना पर पहुंचे अलीगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र शर्मा ने क्रेन से तीनों वाहनों को नीचे उतरवाया। करीब दो घंटे बाद यातायात बहाल हो सका।



सोमवार को कलवारी-टांडा पुल पर डंफर से भिड़ी क्षतिग्रस्त कार।

# भाई, भाभी व पिता पर मारपीट का केस

छावनी। छावनी थानान्तर्गत इन्दौली गांव में दो भाइयों में मारपीट हो गयी। सगे भाई ने अपने ही पिता, भाई व भौजाई के खिलाफ धमकाने व मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष छावनी ने बताया कि इन्दौली निवासी श्याम की तहरीर पर भाई शंभू प्रसाद, भौजाई सीमा और पिता बिकाऊ के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महंत राजूदास के ट्वीट पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

## कार्रवाई

- हनुमानगढ़ी के महंत ने धर्म परिवर्तन कराने का लगाया था आरोप
- परशुरामपुर पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**परशुरामपुर (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** हनुमानगढ़ी, अयोध्या के महंत राजू दास के मुख्यमंत्री और डीजीपी को ट्वीट करने के बाद बस्ती में चार आरोपियों पर धार्मिक वैमनस्यता व अफवाह फैलाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। रविवार देर रात परशुरामपुर थाने में मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य की तलाश जारी है।

हनुमानगढ़ी के महंत राजूदास ने 12 मार्च को मुख्यमंत्री और डीजीपी समेत आधा दर्जन लोगों को टैग करते हुए ट्वीट किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि थाना परशुरामपुर अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर उसकवापुरवा में मो. याकूब एक मुस्लिम तांत्रिक की मदद से जबरन धन का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहा है। अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने गांव निवासी जनार्दन महापात्रा की तहरीर पर अरमान, याकूब उर्फ अवतारे, नूर आलम और गुलाम मोहम्मद के खिलाफ आईपीसी की धारा 505(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया। तहरीर के मुताबिक नौ मार्च की रात आठ बजे गांव निवासी चारों आरोपियों ने पानीपत से आए बाबा के जरिए एक ग्रामीण को कलमा पढ़ा कर धर्म परिवर्तन कराया और उसकी फोटो ट्विटर और फेसबुक पर वायरल कर दिया। इस कृत्य से सौहार्द्र खराब हो सकता था। प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव ने बताया कि आरोपी नूर आलम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। शेष की तलाश जारी है।

उधर, जिस व्यक्ति का धर्म परिवर्तन कराए जाने का आरोप है वह 12 मार्च की रात से ही गांव से गायब है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति उससे इस संबंध में पूछताछ कर रहा है। पूछताछ में वह कभी गलती होने की बात कह रहा है तो कभी पूजा-पाठ में विश्वास करने की बात कह रहा है। कभी यह कहता दिख रहा है कि वह सभी धर्मों को एक समान मानता है तो कभी खुद को हिन्दू बताता है।

# मारपीट की चार घटनाओं में 17 के विरुद्ध मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मारपीट की चार घटनाओं में पुलिस ने 17 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मुंडेरवा निवासी शांती देवी पत्नी इंदल प्रसाद की तहरीर के आधार पर मिथिलेश, संदीप, प्रदीप व सिरपाती निवासी मुंडेरवा के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने के जनवल गांव निवासी सुहेल अहमद की तहरीर पर अवनीश मिश्रा उर्फ शुभम मिश्रा निवासी ग्राम गाना थाना कलवारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने के बंतला गांव निवासी सरिता देवी पत्नी आशुतोष शुक्ल की तहरीर पर पति आशुतोष शुक्ला, ससुर कृष्णकांत शुक्ला, जेठ संजय सहित कुल सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी बस्ती थाने के सुगर मिल चौराहा लखनौरा निवासी चंचल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रमेश गुप्ता, रमेश के पुत्र व भांजे तथा दो अन्य रिश्तेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** कलवारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के लुंबिनी- दुद्धी मार्ग पर स्थित शिव चौराहे पर सात मार्च की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के डमरुआ मोहल्ला निवासी सुनीता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा आशीष मिश्रा अपने दोस्त प्रेम पांडेय निवासी बनवधिया थाना सोनहा व अभिषेक धर द्विवेदी निवासी कूढ़ापट्टी दरियांव थाना नगर के साथ सात मार्च की रात 12 बजे कलवारी थाना क्षेत्र के शिव चौराहे के पास दो पहिया वाहन खड़ा करके आपस में बात कर रहे थे। तभी पिकअप के चालक ने उन्हें ठोकर मार दिया। हादसे में आशीष मिश्रा और प्रेम पांडेय की मौत हो गई।

# एसपी के निर्देश पर सामूहिक दुष्कर्म का केस

**जागरण संवाददाता, भानपुर, बस्ती :** एसपी के निर्देश पर एक पखवारे बाद सोनहा पुलिस ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पांच लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

सोनहा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का आरोप है कि तीन चार माह पहले वह लकड़ी लेने के लिए गांव के बाहर बाग में गई थी। इसी बीच दो युवक वहां पहुंचे और उनके द्वारा तमंचा दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। यही नहीं उनके द्वार इसका वीडियो भी बना लिया गया।

वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसे एक मोबाइल दिया गया और कहा गया कि वे जब भी बुलाएं उनसे मिल लिया करे। आरोप है कि 26 फरवरी की रात लगभग 11 बजे उनके द्वारा उसे फोन करके बुलाया गया। दोनों उसे बाइक पर बैठाकर किसी अज्ञात स्थान पर ले गए, जहां उसके साथ पांच लोगों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

सुबह होने पर वे उसे बस्ती में किसी अज्ञात स्थान पर ले गए व पुनः दुष्कर्म किया। इसके बाद दूसरे दिन आरोपित रात में लगभग 10 बजे किशोरी को उसके गांव के बाहर छोड़ गए। पीडिता का आरोप है कि पुलिस ने उसकी नहीं सुनी तो वह एसपी के पास पहुंची। बाद में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र के बनवधिया निवासी दिवंगत प्रेम पांडेय, आकाश तिवारी निवासी नौवागांव, अंकित चौधरी निवासी बड़ौंगी, प्रिंस निवासी असनहरा व राहुल चौधरी निवासी बसडीला के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**मुख्य आरोपित की सड़क हादसे में हो चुकी मौतः** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपित 22 वर्षीय प्रेम पांडेय निवासी बनवधिया थाना सोनहा की मुकदमा दर्ज होने के पहले ही सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। सात मार्च की देररात एक बजे तीन युवक एक ही बाइक से आंबेडकर नगर से बस्ती लौट रहे थे। इसी बीच उनकी बाइक कलवारी थाना क्षेत्र के शिवपुर तिराहे पर एक पिकअप से टकरा गई। हादसे में 17 वर्षीय बाइक सवार आशीष मिश्रा निवासी कटरा बाईपास डमरुआ थाना कोतवाली, 22 वर्षीय प्रेम पांडेय निवासी बनवधिया थाना सोनहा व 20 वर्षीय अभिषेक दूबे निवासी कटरा थाना कोतवाली बस्ती गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिला अस्पताल ले जाने पर डाक्टर ने आशीष मिश्रा व प्रेम पांडेय को मृत घोषित कर दिया था।

# छेड़खानी का आरोप, मुकदमा

बस्ती: हरैया थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री से 10 मार्च की शाम चार बजे गैस एजेंसी के पास विपक्षीगण द्वारा छेड़खानी की गई। विरोध का1रने पर अपशब्द कहा गया। पुलिस ने आरोपित लवकुश व विशाल के विरुद्ध छेड़खानी केस दर्ज किया है।

# धमकी देते हुए मारने पीटने को दौड़ाया, मुकदमा

**बस्ती:** गौर थाना क्षेत्र के बेतौहा निवासी रमेश चंद्र निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 10 मार्च को गांव के निकट स्थित गटरा पुल के पास पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने उन्हें अपशब्द कहा। जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपितों ने उन्हें मारने पीटने के लिए दौड़ाया। पुलिस ने चंदन साहनी, श्रवण, पवन साहनी व रामधनी निवासीगण बेतौहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मतांतरण की फैलाई अफवाह चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, परशुरामपुर, बस्ती :** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर गांव में एक व्यक्ति को मतांतरण करने की अफवाह फैलाने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर उसका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।

पुलिस को दी गई तहरीर में जगरनाथपुर निवासी जनार्दन प्रसाद महापात्र ने बताया कि नौ मार्च को रात में आठ बजे उनके गांव के अरमान, याकूब उर्फ अवतारे, नूरआलम व गुलाम मोहम्मद ने उनके भाई रामकुमार उर्फ रामू की मोबाइल से फोटो खींचकर उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। फोटो पर लिखा कि पानीपत से जो फकीर बाबा आए थे उन्होंने उसे कलमा पढ़ाकर पक्का मुसलमान बना दिया है। बताया कि उनके भाई रामू की दिमागी हालत ठीक नहीं है, ऐसे में आरोपितों ने उसे टोपी पहनाकर, फोटो वायरल कर विभिन्न वर्गों में शत्रुता व वैमनस्य का भाव पैदा किया।

प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपित नूर आलम को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# बाइक में टक्कर मारने पर पिकअप चालक पर रिपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

## सात मार्च को कलवारी थाने के शिवपुर चौराहे की घटना

**कलवारी।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के लुंबिनी दुद्धी मार्ग पर स्थित शिव चौराहे पर बाइक से हुई दुर्घटना में युवकी मौत के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में सुनीता निवासी डमरुआ थाना कोतवाली ने बताया कि उनका बेटा आशीष मिश्रा दोस्त प्रेम प्रकाश पांडेय निवासी बनवटिया थाना सोनहा व अभिषेक धर द्विवेदी निवासी कूढ़ा पट्टी दरियाब थाना नगर के साथ सात मार्च की रात 12 बजे कलवारी थाना क्षेत्र के शिव चौराहे के पास बाइक खड़ी करके बातचीत कर रहे थे। तभी पिकअप चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे आशीष मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रेम प्रकाश पांडेय की मौत जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान हो गई थी।

घायल अभिषेक धर द्विवेदी का इलाज अभी भी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

# मारपीट में चार पर केस दर्ज

**बस्ती।** मुण्डेरवा पुलिस ने मारपीट के एक मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में मुंडेरवा निवासी शांति देवी ने तहरीर दी है। इसमें मिथिलेश, संदीप, प्रदीप व सिरपती पर आरोप लगाया है। पुलिस ने सभी पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट

**बस्ती।** मुंडेरवा पुलिस ने किशोरी को ले जाने और इसमें सहयोग करने के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। किशोरी की मां ने तहरीर दी है कि गांव का रंजीत उर्फ पटकन विजय पाल व विजय पाल के घर वालों के सहयोग से उसकी 17 वर्षीय पुत्री को शादी का झांसा देकर ले गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

# युवक से मारपीट का मामला दर्ज

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने के लखनौरा में रंजिश को लेकर अपशब्द कहते हुए युवक से मारपीट के मामले में दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में चंचल सिंह ने तहरीर दी। एसओ योगेश कुमार सिंह ने बताया कि रमेश गुप्ता, रमेश का पुत्र व भांजे के अलावा दो रिश्तेदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

## अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने जमौलिया कट पर सड़क पार करते समय युवक को टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में जमौलिया माफी गांव निवासी ननकऊ की मौत हो गई थी। मृतक के पिता रामयश ने इस संबंध में तहरीर दी है। संवाद

## चार लोगों के खिलाफ मारपीट करने का केस दर्ज

**बस्ती।** गौर पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के गटरा पुल के पास पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहते हुए मारने के लिए दौड़ा लेने के संबंध में चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस बाबत रमेशचंद्र निषाद ने तहरीर दी। पुलिस ने चन्दन साहनी, श्रवण, पवन साहनी और रामधनी निवासी गण बेतौहा थाना गौर को नामजद किया है। संवाद

## कुत्ते पर बाइक चढ़ाने के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** कप्तानगंज थानाक्षेत्र के मंझरिया में शनिवार को रात कुत्ते के ऊपर मोटरसाइकिल चढ़ा देने के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में वहां के अजय कुमार ने तहरीर दी। इसमें राम कुमार, अजय उर्फ पिन्टु, विशाल व सचिन पर आरोप लगाया है। संवाद

# अफवाह फैलाने के चार आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

बस्ती। परशुरामपुर थानाक्षेत्र के जगरनाथपुर निवासी एक व्यक्ति के धर्म परिवर्तन संबंधी अफवाह फेसबुक, ट्विटर पर पोस्ट करने को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में जनार्दन प्रसाद महापात्रा ने तहरीर दी है।

उन्होंने बताया कि नौ मार्च को रात्रि में आठ बजे उसके गांव के अरमान, याकूब उर्फ अवतारे, नूरआलम और गुलाम मोहम्मद ने मोबाइल से फोटो खींचकर यह लिखते हुए पोस्ट कर दी कि पानीपत से एक बाबा आए थे, जो रामू पंडित यानी आवेदक के भाई का धर्म परिवर्तन कराया है। इसके कारण समाज में वैमनस्य फैल रहा था।

सीओ शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश की जा रही है। संवाद

# छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**विक्रमजोत।** छावनी थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने हाईवे से जा रहे छात्र-छात्राओं को पाठशाला लगाकर यातायात नियमों की जानकारी दी।

थानाध्यक्ष ने स्कूल से घर लौट रहे छात्रों को सड़क पर सुरक्षित चलने, सड़क पार करने, सड़क पर लगे यातायात संकेतों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सड़क पर चलते समय सावधान हो कर ही सड़क पार करना चाहिए। सड़क पर चलने, वाहन पर चढ़ने-उतरने, वाहन पार्किंग के समय सतर्कता बरतने से स्वयं को सुरक्षित रखा जा सकता है। छात्रों को बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

छात्रों को बताया गया कि सड़क क्रास करने के दौरान जेब्रा क्रॉसिंग का प्रयोग करें। इसके साथ ही दोनों तरफ यह देखकर सुनिश्चित कर लें कि किसी तरफ से ऐसा कोई वाहन तो नहीं आ रहा है जिससे उनके साथ कोई हादसा हो सकता है। संवाद

# बैट्री चोरी का केस दर्ज

**नगर बाजार (बस्ती)।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोटवा में लगे टॉवर की 24 बैट्री चोरों ने चुरा लिया। सोमवार की सुबह जब टेक्नीशियन वीरेंद्र कुमार सिंह टॉवर पर पहुंचे तब बैटरी चोरी होने की जानकारी हुई। पुलिस ने इस मामले में टेक्नीशियन की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 14-03-2023

# मुनादी के साथ नोटिस चस्पा

**डिइई ।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना शिवनगर पुलिस ने थाना क्षेत्र असनहरी गांव निवासी तथा न्यायालय बांसी में लम्बित दण्ड वाद संख्या 84/15 में वांत अभियुक्त गंण राजेंद्र सिंह पुत्र उदयभान सिंह, व उपेन्द्र सिंह तथा धर्मेन्द्र सिंह पुत्रगंण राद्र सिंह के घर व गांव में धारा 82 के तहत न्यायालय से जारी नोटिस को डुग्गी मुनादी र सोमवार को चस्पा कर दिया।

# अनुबंध समाप्त, मकान खाली कराने पंहुची पुलिस

**बांसी ।** अनुबंध की समय सीमा पूरा होने बाद भी मकान खाली नही होने पर मकान मालिक के प्रार्थना पत्र पर सोमवार को बड़ौदा यू पी बैंक की शाखा की खाली कराने पुलिस पहुची ।शाखा प्रबंधक के आश्वासन के पुलिस लोटी । नगर के पटेल नगर वार्ड निवासी हनुमान प्रसाद अग्रहरि पुत्र बाबू लाल अग्रहरि ने एस डी एम प्रमोद कुमार को प्रार्थना पत्र दिया की उसके मकान मे बड़ौदा यू पी बैंक की शाखा है ।इसे पांच साल तक संचालित करने के लिए 10 मई 2012 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया गया था ।यह अवधि 9 मई 2017 को पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद बैंक ने अनुबंध का नवीनीकरण नही कराया मेरे बार बर कहने के बाद हमे जिला मुख्यालय व रीजनल आफिस दोड़ाया गया ।इसके बाद भी कोई निष्कर्ष नही निकला ।प्रार्थी अब इस मकान का उपयोग स्वयं करना चाहता है ।ऐसे मे मेरा मकान खाली कराया जाय ।इस प्रार्थना पत्र को संज्ञान मे लेते हुए एस डी एम ने मामले की जांच कराकर विधि अनुसार कार्यवाही कराने का निर्देश कोतवाली पुलिस को दिया । उक्त आदेश के अनुपालन मे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचे एस आई योगेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि बड़ौदा यू पी बैंक के उच्च अधिकारियो ने जल्द मकान खाली करने का आश्वासन दिया है ।

# बैंक से किराए के मकान को खाली कराने पहुंची पुलिस

- अनुबंध की सीमा पूरी होने के बाद भी बैंक नहीं खाली कर रहा मकान
- एसडीएम के निर्देश पर भवन खाली करने पहुंची थी पुलिस

बांसी, हिन्दुस्तान संवाद। किराए पर दिए गए मकान के अनुबंध की समय सीमा पूरा होने के बाद भी बैंक की ओर से मकान खाली न करने पर मकान मालिक की प्रार्थनापत्र पर एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को जरूरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीएम के निर्देश पर सोमवार पुलिस टीम बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा पर भवन खाली कराने पहुंची। जहां शाखा प्रबंधक के शीघ्र खाली करने के आश्वासन के बाद पुलिस लौट गई।

नगर के पटेल नगर वार्ड निवासी हनुमान प्रसाद अग्रहरि ने एसडीएम प्रमोद कुमार को प्रार्थनापत्र दिया की उनके मकान में बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा है। इसे पांच साल तक संचालित करने के लिए 10 मई 2012 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया गया था। यह अवधि नौ मई 2017 को पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद बैंक ने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया। मकान स्वामी हनुमान प्रसाद अग्रहरि ने कहा कि उन्हें जिला मुख्यालय व रीजनल आफिस दौड़ाया गया। एसडीएम के निर्देश पर सोमवार को पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचे एसआई योगेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि बड़ौदा यूपी बैंक के उच्चाधिकारियों ने जल्द मकान खाली करने का आश्वासन दिया है।

# फ्रॉड हुई रकम खाते में वापस

सिद्धार्थनगर। साइबर सेल ने सोमवार को लकी ड्रा के नाम पर एक व्यक्ति के खाते से फ्राड हुए 43200 रुपये को पीड़ित के खाते में वापस करा दिया।

प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र के महदेवा बुजुर्ग गांव निवासी राम जीवन ने साइबर सेल में शिकायत की कि लकी ड्रा के नाम पर उससे 43200 रुपये का फ्रॉड हो गया। शिकायत के आधार पर साइबर सेल टीम सक्रिय हो गई और रविवार को पीड़ित के खाते में संपूर्ण धनराशि 43200 रुपये वापस करा दिया।

# 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। सदर पुलिस व एसओजी टीम ने सोमवार को 15 हजार के इनामिया गैंगेस्टर एक्ट के आरोपित को पकड़ी चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित सोनू यादव उर्फ राजकुमार यादव पुत्र कम्मल यादव उस्का बाजार थाना क्षेत्र के परसा खुर्द गांव का निवासी है। इस अवसर पर एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सदर थान प्रभारी सतीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# सफाईकर्मियों से झड़प, थाने पहुंचा मामला

सिद्धार्थनगर : सदर थाना के आजादनगर मोहल्ला में सोमवार दोपहर नगर पालिका में कार्यरत एक महिला सफाईकर्मी से युवक की झड़प हो गई। जैसे ही यह सूचना अन्य कर्मियों को मिली, वह मौके पर पहुंच गए। धरना देने की तैयारी शुरू हो गई थी कि सदर थाना की पुलिस ने उन्हें किसी प्रकार मनाया। दोनों पक्ष थाने पर पहुंचे और मान-मनौव्वल के बाद समझौता किया। एसएचओ सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि झाड़ू लगाने की बात पर महिला कर्मी व युवक में विवाद हुआ था। (जासं)

# एटीएम कार्ड बदल कर निकाल लिए 11 हजार

पथरा : पथरा थाने के सेहरी बुजुर्ग निवासी दूधनाथ का एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने उनके खाते से 11 हजार रुपये निकाल लिए। वह पथरा बाजार में सोमवार की शाम को एटीएम से रुपये निकालने आये थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने धोखे से उनका कार्ड बदल दिया। बाद में उनके खाते से 11 हजार रुपये निकाल लिया।थानाध्यक्ष रामकुमार राजभर ने बताया कि इस संबंध में उन्हें अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। (जासं)



ककरहवा बॉर्डर पर सुरक्षा समेत अन्य बिंदुओं का जायजा लेते एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्र। • हिन्दुस्तान


# कोरियाई तीर्थयात्रियों का जत्था कल जिले में पहुंचेगा

**सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता।** दक्षिण कोरिया के 108 तीर्थयात्री भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के मद्देनजर सारनाथ से श्रावस्ती तक पदयात्रा करने की कड़ी में टीम 15 मार्च को जिले में पहुंचेगी। दो दिन रहने के बाद 17 मार्च को सुबह श्रावस्ती जिले के लिए रवाना हो जाएगी। टीम के आगमन मद्देनजर प्रशासनिक व पुलिस महकमा अलर्ट हैं।

दक्षिण कोरिया के 108 तीर्थयात्री गौतम बुद्ध से जुड़े हुए स्थलों का पैदल भ्रमण पर निकले हैं। नौ फरवरी से शुरू कोरियाई बौद्ध धर्म के जोगे आर्डर से संबंधित तीर्थयात्रियों का जत्था 43 दिनों की अवधि में 1167 किलोमीटर की दूरी तय करने का लक्ष्य है। वह उत्तर प्रदेश और बिहार में बौद्ध पवित्र स्थलों और नेपाल में लुम्बिनी में बुद्ध की जन्मस्थली का दौरा करेंगे। इसके साथ ही वह धर्मसभाओं में भाग लेंगे। बिहार के गया से होकर लुंबिनी के बाद तीर्थयात्री 15 मार्च को ककरहवा बॉर्डर से जिले में प्रवेश करेंगे। वह कपिलवस्तु मुख्य स्तूप, गनवरिया आदि का पैदल भ्रमण करेंगे। इसके बाद कपिलवस्तु में ही रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 16 मार्च को कपिलवस्तु से शोहरतगढ़ के परसा स्टेशन जाएंगे, जहां सूर्या महाविद्यालय में विश्राम करेंगे। इसके बाद अंतिम दिन 17 मार्च को ढेबरुआ, जिगिनाधाम, बिस्कोहर होते हुए श्रावस्ती के लिए चले जाएंगे। यात्रियों के कार्यक्रम को देखते हुए एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र व सीओ अखिलेश वर्मा ने ककरहवा बॉर्डर पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। साथ ही जिम्मेदारों को उनके जाने वाले स्थलों व रात्रि विश्राम स्थल पर जरूरी व्यवस्थाएं परी कराने का निर्देश दिया।

# फर्जी शिक्षक की बर्खास्तगी में जुटा विभाग

**जागरण संवाददाता ,सिद्धार्थनगर :** जिला फर्जी शिक्षकों का गढ़ बना हुआ है। करीब 150 फर्जी शिक्षकों का नाम अभी तक इस मामले में सामने आ चुका है। ताजा मामला फतेहपुर के विजईपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बरहा की शिक्षिका अमिता शुक्ला से जुड़ा हुआ है। उनके नाम व अंक पत्र पर बुलंदशहर, बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में भी फर्जी शिक्षिकाएं काम कर रही हैं। इस मामले में नाम आने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग अब सिद्धार्थनगर की फर्जी शिक्षिका को बर्खास्त करने की तैयारी में जुटा है। बेसिक शिक्षा विभाग फर्जी शिक्षिका को अब तक दो नोटिस भेज चुका है। तीसरी नोटिस भेजने के बाद विभाग शिक्षिका को बर्खास्त कर देगा।



- **एक ही अंकपत्र पर नौकरी करने वालों में तीसरी शिक्षिका सिद्धार्थ नगर में**
- **अमिता के अंकपत्र पर बुलंदशहर बलरामपुर में नौकरी कर रही है शिक्षिका**

फर्जी शिक्षकों की भर्ती की जांच कर रही एसटीएफ की टीम ने बीएसए को भेजकर बताया है कि जनपद के नौगढ़ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बसडिलिया में तैनात प्रधानाध्यापिका अमिता शुक्ला के अभिलेख दूसरे के नाम पर है। असल में इसी नाम पर तीन शिक्षिका दूसरे जिलों के सरकारी स्कूलों में पढ़ा रही हैं। एसटीएफ ने इस बात का पर्दाफाश किया है कि अमिता शुक्ला नाम की शिक्षिका फतेहपुर जनपद के विजईपुर विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बरहा में कार्यरत हैं। इन्हीं के नाम पर बुलंदशहर, बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में भी शिक्षिका कार्यरत हैं। जांच में इन सभी के हाईस्कूल ,इंटर व स्नातक के अंकपत्र एक समान पाए गए हैं। विभाग से दो नोटिस मिलने के बाद भी वह अपने शैक्षिक व अन्य मूल अभिलेखों के साथ कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र पाल ने बताया कि नोटिस मिलने के बाद से ही वह विद्यालय नहीं आई। इसके बाद विभाग प्रक्रिया पूर्ण कर बर्खास्तगी की तैयारी में लगा हुआ है। देवरिया जनपद की रहने वाली अमिता शुक्ला ने विशिष्ट बीटीसी पूरा करने के बाद फरवरी 2009 में इटवा विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय सुखरामपुर में बतौर सहायक अध्यापक नियुक्ति पाई। बाद में सितंबर 2013 में पदोन्नति मिलने के बाद बसडिलिया में तैनाती हुई। इस प्रकार शिक्षिका 14 वर्ष तक विभाग से वेतन उठाती रहीं। विभागीय सूत्रों की मानें तो शक के दायरे में होने के कारण नियुक्ति के दो वर्ष तक उन्हें वेतन नहीं मिला। बाद में जुगाड़ से एरियर भी पाने में सफल हो गई। पूर्व में बर्खास्त शिक्षकों की भांति इस शिक्षिका से रिकवरी में विभाग के पसीने छूटेंगे। शिक्षिका को दो नोटिस भेजी जा चुकी है। तीसरी नोटिस भेजने के बाद उसे बर्खास्त कर दिया जाएगा।

## यह और अन्य खबरे देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html




गिरफ्तार गैंगस्टर के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह व एसओजी की टीम • जागरण

# कुख्यात गैंगस्टर सोनू यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जासं,सिद्धार्थनगर** : एसओजी व सदर पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को गैंगस्टर एक्ट के आरोपित 15 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपित बदमाश का नाम सोनू यादव उर्फ राजकुमार पुत्र कम्मल यादव है। यह उसका थाना क्षेत्र के परसाखुर्द गांव का निवासी है। प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश सेखुई कृष्णानगर थाना सदर का स्थायी निवासी है। वह कुछ दिनों से परसाखुर्द में रहता है। संयुक्त टीम ने उसे पकड़ी चौराहे से उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वह भागने की फिराक में था। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव,एसओजी में तैनात मुख्य आरक्षी राजीव शुक्ला,अवनीश सिंह आदि शामिल रहे।

**दंपती साथ रहने को राजी** : महिला थाने में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। चार पत्रावलियां विचारार्थ प्रस्तुत हुईं। आपसी सुलह- समझौते के आधार पर एक दंपती साथ रहने को राजी हुए। साथ ही तीन मामलों में अगली तिथि पर सुनवाई के लिए बुलाया गया। महिला थाना प्रभारी मीरा चौहान, महिला मुख्य आरक्षी सविता सिंह, आरक्षी प्रियम्बदा सिंह, नेहा सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

# ठगी के 43 हजार रुपये साइबर सेल ने कराए वापस

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: लकी ड्रा के नाम पर ठगे गये 43200 रुपये वापस कराने में साइबर सेल ने सोमवार को सफलता मिली है। पीड़ित सदर थाना क्षेत्र के महदेवा बुजुर्ग गांव निवासी राम जीवन ने सेल में शिकायत दर्ज कराया था कि उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति ने काल किया। उसने कहा कि उनका लकी ड्रा निकला है। उसने खाते में पैसा भेजने के लिए बैंक से जुड़ी जानकारी चाहिए। पीड़ित ने सभी जानकारी उसे उपलब्ध करा दिया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर एक संदेश आया। जैसे ही उन्होंने संदेश को खोला पता चला कि उनके खाते से 43200 रुपये कट गए हैं। बरामदगी टीम में सेल के उपनिरीक्षक हरीओम कुशवाहा, मुख्य आरक्षी अतुल चौबे, आशुतोष जायसवाल, राहुल मौर्या, शिवम मौर्या शामिल रहे।

**53 वाहनों का चालान**: सिद्धार्थनगर : यातायात पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। शहर के सनई, साड़ी, सिद्धार्थ, पेट्रोल पंप तिराहा पर वाहनों की जांच की। बिना हेलमेट व सीटबेल्ट लगाकर वाहन चला रहे 53 गाड़ियों का चालान किया गया। शमनशुल्क के रूप में 55500 रुपये वसूल किया गया। यातायात उपनिरीक्षक प्रभारी अमरेश कुमार यादव ने बताया कि यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ निरंतर जांच अभियान जारी रहेगा।

# दक्षिण कोरिया दल के प्रतिनिधि ने देखी व्यवस्था

**जागरण संवाददाता, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर** : बौद्ध व जनपद के भ्रमण पर आने वाले दक्षिण कोरिया के दल की आगवानी को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा है। दक्षिण कोरिया से 200 पर्यटकों का दल यहां आ रहा है। यह दल दो दिन यहां पर रुकेगा। ठहरने व भोजन की व्यवस्था देखेने के लिए पर्यटक दल के प्रतिनिधि ने भ्रमण किया। अधिकारियों से वार्ता की और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

15 मार्च को दक्षिण कोरिया का पर्यटक दल कपिलवस्तु आ रहा है। प्रशासन ने स्वागत के लिए मुख्य द्वार को फूल-मालाओं से सजाने का काम शुरू करा दिया है। लुंबिनी से यह दल पदयात्रा करते हुए ककरहवा पहुंचेगा। नंदनगर विद्यालय में विश्राम करने के बाद स्तूप पर आएंगे। रात्रि विश्राम सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के स्थान पर अब पर्यटन स्थल पर कैंप लगा कर करेंगे। अब टेंट हाउस, मोबाइल शौचालय,सेफ रूम, अस्पताल की व्यवस्था होगी। एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, बीडीओ बर्डपुर सुरेश कुमार, सिवि के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो दीपक बाबू, सीएचसी बर्डपुर प्रभारी डा. सुबोध चंद्रा, एसएचओ कपिलवस्तु ज्ञानेंद्र राय आदि मौजूद रहे।

# मकान में चल रहे बैंक को खाली कराने पहुंची पुलिस

**जासं, बांसी** : अनुबंध की समय सीमा समाप्त होने बाद भी मकान खाली न करने पर गृह स्वामी के प्रार्थना पत्र पर सोमवार को बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा को खाली कराने पुलिस पहुंच गई। शाखा प्रबंधक के आश्वासन पर पुलिस वापस लौट आई।

नगर के पटेल नगर वार्ड निवासी हनुमान प्रसाद अग्रहरि ने एसडीएम प्रमोद कुमार को प्रार्थना पत्र दिया की उनके मकान में बड़ौदा यू पी बैंक की शाखा संचालित है। इसे पांच वर्ष तक संचालित करने के लिए 10 मई 2012 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया गया था । यह अवधि नौ मई 2017 को पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद बैंक ने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं कराया। मेरे बार -बार कहने के बाद हमे जिला मुख्यालय व रीजनल आफिस दौड़ाया गया । । इस प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने मामले की जांच कराकर विधि अनुसार कार्यवाही करने का निर्देश कोतवाली पुलिस को दिया। पुलिस टीम के साथ बैंक पर पहुंचे एसआई योगेश मणि त्रिपाठी के बताया कि बैंक के अधिकारियों ने जल्द मकान खाली करने का
आश्वासन दिया
है ।



कपिलवस्तु क्षेत्र में निरीक्षण करते एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र, सीओ अखिलेश वर्मा व अन्य। संवाद

# टेंट में रहेगा कोरियाई दल

संवाद न्यूज एजेंसी

**कपिलवस्तु।** कोरिया से पांच सदस्यीय दल ने सोमवार को पुलिस प्रशासन के साथ कपिलवस्तु क्षेत्र में भ्रमण किया। उन्होंने उन स्थानों को देखा, जहां कोरिया से आने वाले 200 सदस्यों का दल जाने वाला है। यह दल 14 मार्च को दोपहर लुंबिनी से ककरहवा बार्डर होते हुए जिले में प्रवेश करेगा।

कोरियाई दल लुंबिनी से पदयात्रा करते हुए ककरहवा से निकलने के बाद नन्द नगर विद्यालय में विश्राम करने के पश्चात बुद्ध स्तूप पर पहुंचेगा। पहले दिन दल को रात में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय वाणिज्य भवन में ठहरने का प्रस्ताव था, लेकिन दल ने सोमवार को निरीक्षण किया तो उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के बाहर शिविर लगाने को लेकर एसडीएम सदर ललित कुमार मिश्र से बात की। एसडीएम ने सीओ अखिलेश वर्मा के साथ सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करने के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देशित किया।

दल के लिए टेंट हाउस, मोबाइल शौचालय के साथ पर्यटन में बना शौचालय, सेफ रूम, सेफ अस्पताल के निर्माण की बात कहीं। दल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल लगी रहेगी। पर्यटन स्थल से स्तूप, व राज महल गनवरिया तक साफ सफाई होगी। इस दौरान वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो दीपक बाबू, सीएचसी बर्डपुर प्रभारी डॉ सुबोध चंद्रा, कोतवाल ज्ञानेंद्र राय सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि कोरयाई दल बर्डपुर स्थित सुद्दोधन के अस्तबल में जाएगा।

वे गनवरिया, पिपरहवा स्तूप जाएंगे। वे कपिलवस्तु में स्तूप पूजन करेंगे। इस दल के लिए बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# पात्र गृहस्थी योजना का फर्जी कार्ड लेने का आरोप लगाया

## पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, जांच कर कार्रवाई की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

**तुलसियापुर।** ढेबरुआ थानाक्षेत्र के मटियार उर्फ भुतहवा के अमरनाथ ने एसपी और कोतवाल को शिकायती पत्र देकर गांव के 39 लोगों पर पात्र गृहस्थी योजना का फर्जी कार्ड लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आरटीआई के तहत मिली सूचना में खुलासा हुआ है कि जो कार्डधारक नहीं हैं, उनकी शिकायत पर दुकान निरस्त की गई थी।

क्षेत्र के मटियार उर्फ भुतहवा निवासी अमरनाथ के मुताबिक वह मटियार उर्फ भुतहवा के कोटेदार थे। 2016 में गांव के ही 39 लोगों ने पात्र गृहस्थी योजना का खाद्यान्न वितरित न करने का आरोप लगाया था। पूर्ति निरीक्षक ने उन लोगों के बयान के आधार पर 30 अगस्त 2016 को विपक्षी के दबाव में गलत रिपोर्ट दे दी। जिससे उनका कोटा निलंबित कर दिया गया।

इसके बाद पूर्ति निरीक्षक ने दोबारा 11 फरवरी 2017 को 39 कार्डधारकों का बयान लिया। उसके बाद एसडीएम ने कोटे को निरस्त कर दिया।

उन्होंने तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक से जनसूचना अधिकार के तहत मटियार उर्फ भुतहवा की 11 फरवरी 2017 तक की पात्र गृहस्थी की सूची मांगी तो सूची में उक्त सभी 39 लोगों के नाम से कोई पात्र गृहस्थी कार्ड जारी ही नहीं मिला। जबकि नियम के मुताबिक, वही व्यक्ति शिकायत कर सकता है जो कार्डधारक हो।

इस पर अमरनाथ ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के 39 लोगों पर पात्र गृहस्थी योजना के फर्जी कार्ड लेने का आरोप लगाया है। अमरनाथ ने एसपी से उक्त 39 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

अमरनाथ ने आरोप लगाया कि तत्कालीन पूर्ति निरीक्षक ने 194 पात्र गृहस्थी कार्ड होने की जानकारी दी है, जो पूरी तरह से गलत है। इस संबंध में ढेबरुआ एसएचओ छत्रपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस के साथ बैंक खाली करवाने पहुंचे मकान मालिक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बांसी।** अनुबंध की समय सीमा पूरी होने बाद भी मकान खाली नहीं होने पर सोमवार को बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा को खाली कराने पुलिस पहुंच गई। शाखा प्रबंधक के आश्वासन के बाद पुलिस लौटी।

नगर के पटेल नगर वार्ड निवासी हनुमान प्रसाद अग्रहरि ने एसडीएम प्रमोद कुमार को प्रार्थना पत्र दिया की उसके मकान में बड़ौदा यूपी बैंक की शाखा है। इसे पांच साल तक संचालित करने के लिए 10 मई 2012 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया गया था।

यह अवधि 9 मई 2017 को पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद बैंक ने अनुबंध का नवीनीकरण नहीं

## बड़ौदा यूपी बैंक शाखा प्रबंधक के आश्वासन के बाद लौटी पुलिस

कराया गया। बार-बार कहने के बाद हमें जिला मुख्यालय व रीजनल ऑफिस दौड़ाया गया। इसके बाद भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला। वह अब इस मकान का उपयोग स्वयं करना चाहते हैं।

एसडीएम ने जांच कराकर विधि अनुसार कार्रवाई का निर्देश कोतवाली पुलिस को दिया। आदेश के अनुपालन में पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसआई योगेश मणि त्रिपाठी ने बताया कि बड़ौदा यूपी बैंक के उच्च अधिकारियों ने जल्द मकान खाली करने का आश्वासन दिया है।

# न डेंजर जोन घोषित, न बचाव का इंतजाम

## बाणगंगा बैराज पर सुरक्षा व्यवस्था में ढिलाई जान पर पड़ रही भारी, चार वर्ष में नौ युवाओं की डूबकर हो चुकी है मौत



बाणगंगा बैराज पुल के दोनों छोर पर जाली नहीं लगाई गई है। संवाद





जगह-जगह लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर/शोहरतगढ़।** पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा बाणगंगा बैराज मौत का अड्डा बनता जा रहा है। यहां का झरने जैसा दृश्य लोगों को अपनी ओर खींच रहा है।

वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर करने का क्रेज युवाओं को यहां तक ला रहा है। कोई बैराज की फोटो बना रहा है तो कोई झरने जैसा गिरता पानी तो कोई नदी में डूबने का वीडियो बनाता है। वहीं कुछ लोग वहां पहुंचने के बाद न चाहते हुए भी निर्मल पानी देखकर छलांग लगा देते हैं।

यहां चार वर्ष के अंदर नौ लोगों की डूबकर मौत हो चुकी है। मरने वाले सभी युवा ही थे। इससे पहले भी न जाने की कितनों की मौत हुई होगी। लेकिन, मौत के बढ़ते सिलसिले को रोकने के लिए प्रशासन ने कभी ठोस कदम नहीं उठाया। डूबने वाले स्थान को न तो डेंजर जोन घोषित करके रस्सी लगाई गई, घेरा भी नहीं बनाया गया।

**बोर्ड लगाया, कर्मचारी नहीं :** घटना के बाद प्रशासन ने नदी के किनारे एक बोर्ड लगवाकर खानापूरी कर ली है, जबकि कर्मचारी की तैनाती और सुरक्षा घेरा भी होना चाहिए। सीसी कैमरा भी बंद है। हर साल होने वाली मौत के पीछे लोग प्रशासन की नाकामी गिना रहे हैं।

**केस 1** छह अगस्त 2019 को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बसहिया निवासी धर्मेंद्र (11) पुत्र धृतराज की डूबने से मौत हुई थी।

**केस 4** चार दिसंबर 2022 को बाणगंगा बैराज की उच्च धारा में 30 वर्षीय नेपाली महिला की डूबने से मौत हुई थी।

**केस 2** 12 नवंबर 2019 कार्तिक पूर्णिमा के दिन शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बगुलहवा निवासी विशाल (17) व सोनू कसौधन की मौत हुई थी।

**केस 3** 11 अप्रैल 2022 को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बढ़नी लाला निवासी प्रभु चौरसिया पुत्र भोला चौरसिया की मौत डूबने से हुई थी।

**केस 5** चिल्हिया थाना क्षेत्र के मनीष शुक्ल (20) पुत्र राजेंद्र शुक्ल का 21 जनवरी 2018 को शिवपति डिग्री कॉलेज के छात्रावास से लापता हो गया था। दूसरे दिन बाणगंगा बैराज पर उसके जैकेट मिले थे। पुलिस ने 29 जनवरी को जाल डालकर शव निकलवाया था। इस मामले पुलिस का दावा था कि उसने खुदखुशी की है। लेकिन परिजनों हत्या करार दिया था।

### पिकनिक स्पॉट बना बैराज

बाणगंगा बैराज पिकनिक स्पॉट के रूप में उभर रहा है। यहां आने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गर्मी में झरनों की तरह पानी गिरते देखकर लोग नहाने लगते हैं। नदी में पानी के स्तर व गहराई आदि की जानकारी नहीं होने से आए दिन डूबने से लोगों की मौत हो जा रही है। इसके बाद भी प्रशासन इसे दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र नहीं मान रहा है। होली के दिन स्नान करने दोस्तों के साथ आए चिल्हिया थाना क्षेत्र बडग़ो निवासी विक्की सिंह, अजीत सिंह व लोटन कोतवाली थाना व हाल मुक़ाम सदर थाना क्षेत्र के भीमापार निवासी उज्ज्वल मणि त्रिपाठी की डूबकर मौत हो गई थी। पूर्व में कई मौतों के बाद भी यहां सुरक्षा के इंजमाम नहीं करने पर प्रशासन पर सवाल उठे तो सिंचाई विभाग ने दुर्घटना सांकेतिक बोर्ड लगवा दिए हैं। और प्रशासन ने दो गार्ड की तैनाती कर दी है।

### देर से पहुंची थी एनडीआरएफ की टीम

होली के दिन तीन युवकों के डूबने के बाद देरी से एनडीआरएफ की टीम पहुंचने पर लोगों में रोष व्याप्त था। परिजन व मौजूद लोगों ने प्रशासन से कई सवाल किए थे और प्रशासन व जनता के बीच तनातनी हुई थी। उनका कहना था कि हर साल इस प्रकार की घटनाएं होती हैं। यहां बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं तो एनडीआरएफ टीम की तैनाती होनी चाहिए, जिससे डूबने वाले को बचाया सके। प्रशासन को युवकों का शव निकालने में कामयाबी नहीं मिली तो स्थानीय तैराकों से शवों को बाहर निकाला। क्षेत्र के रमेश कुमार शुक्ल, राजेश कुमार, अशोक कुमार ने कहा कि शोहरतगढ़ क्षेत्र नेपाल के पहाड़ी नदियों से घिरा हुआ है। इससे क्षेत्र बाढ़ की जद में रहता है और नदियों में आएदिन कोई न कोई डूब जाता है। पुलिस विभाग की तरफ से बाढ़ से राहत बचाव की टीम शोहरतगढ़ व ढेबरुआ थाने पर होनी चाहिए। यह टीम की तैनाती होती तो होली के दिन बचाव टीम डूबे हुए बच्चों को बचाई जा सकती थी।

### चार लोगों के डूबने के बाद भी नहीं आई याद

पिछले साल होली के दिन नदी में डूबने से तीन युवतियों/किशोरियों और एक युवक की मौत के बावजूद इस बार प्रशासन ने लोगों को जागरूक नहीं किया। जहां लोगों की डूबकर जान जाती है, उन स्थानों पर भी पुलिस सक्रिय होती तो बाणगंगा में तीन की जान नहीं जाती।

# 15 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

## सदर पुलिस ने पकड़ी चौराहे के पास से दबोचा

सिद्धार्थनगर। फरार चले रहे 15 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर को सोमवार को सदर पुलिस ने पकड़ी चौराहा के पास से दबोच लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि सोनू यादव उर्फ राजकुमार यादव निवासी परसाखुर्द राजेन्द्र नगर थाना उसका बाजार के खिलाफ कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत थी। पुलिस अधीक्षक की ओर से उसपर 15 हजार रुपये इनाम भी घोषित किया गया था। सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि वह पकड़ी चौराहे के पास मौजूद है।

सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव के साथ मौके पर टीम के साथ पहुंच गए। यहां पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। जवानों ने आगे बढ़कर उससे कुछ पूछना चाह तो भागने लगा।

जवानों ने उसे पकड़ लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करके उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# फरार चल रहे गोवध के अभियुक्तों की न्यायालय से मांगी कुर्की

**धनघटा (एसएनबी)**। पूर्व में गोवध अधिनियम के तहत नामजद होने के बाद पुलिस पकड़ से लगातार फरार चल रहे तीन अभियुक्तों की कुर्की करने के लिए धनघटा पुलिस ने न्यायालय से अनुमति मांगी है।

इस सम्बन्ध में न्यायालय को दिए गए प्रार्थनापत्र में स्थानीय पुलिस ने बताया है कि धनघटा थाने में दो वर्ष पूर्व अपराध संख्या 285 /21 धारा 3/5 ए /8 गोवध निवारण अधिनियम, 3/11 पशु क्ररता अधिनियम तथा 429 आईपीसी के तहत रब्बानी उर्फ लोही पुत्र जमालुद्दीन, राशिद पुत्र विस्कुट निवासीगण ग्राम सौफीगढ़ थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ तथा आलमगीर पुत्र इरशाद निवासी ग्राम खमौली, थाना बरहद जनपद आजमगढ़ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। दर्ज हुए उक्त मुकदमें की विवेचना पूरी कर पुलिस ने आरोपपत्र सम्वन्धित न्यायालय में भेज चुकी है लेकिन बार-वार सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी करने के बाद भी स्थानीय पुलिस उक्त तीनों नामजद अभियुक्तों को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इतना ही नहीं उक्त तीनों नामजद अभियुक्त अभी तक न्यायालय के समक्ष भी पेश नहीं हो रहे है।

न्यायालय को दिए गए प्रार्थनापत्र में पुलिस ने बताया कि उक्त तीनों अभियुक्त अपनी मौजूदगी लगातार छिपा रहे है। मुखबिर से प्राप्त सूचना का हवाला देते हुए पुलिस ने अभियुक्तों के उपर अपनी चल-अचल सम्पत्ति को हटाने की भी योजना बनाने की जानकारी प्रार्थनापत्र में देते हुए न्यायालय से उक्त अभियुक्तों की कुर्की करने के लिए आदेश पारित करने का याचना की है।

# दो वारण्टी गिरफ्तार

■ धनघटा।

सहारा न्यूज ब्यूरो।

धनघटा पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर दो वारण्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के नरचहां गांव निवासी रोरी पुत्र मजाक्की तथा थाना क्षेत्र के बालमपुर गांव निवासी बाबूलाल राजभर पुत्र स्व.हंसराज राजभर के विरूद्ध धनघटा थाने में पूर्व में अपराधिक मामले दर्ज थे जिसका परीक्षण संबंधित न्यायालय में चल रहा है।

उक्त दोनों अभियुंक्त न्यायालय द्वारा बार-बार समन भेजने के बावजूद न्यायालय के समक्ष तारीख पेशी पर पेश नहीं हो रहे थे तो न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों के बिरूद्ध गैर जमानती वारण्ट जारी कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने का निर्देश धनघटा पुलिस को दिया था जिसके अनुपालन में छापेमारी कर धनघटा पुलिस ने उक्त दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

# गैंगस्टर एक्ट में एक गिरफ्तार

सेमरियावां (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में जनपद में वांछित/गैंगेस्टर एक्ट में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में को प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में गठित टीम के उ.नि. सतीश कुमार मिश्रा, कां. रविक्रांत ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मल्लू उर्फ कादिर पुत्र वकील निवासी साफियाबाद थाना दुधारा को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

# असली शीशी में बिक रही नकली शराब आबकारी विभाग मौन

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कई सरकारी दुकानों पर बंटी बबली के नाम से मशहूर देशी शराब के ब्रांड में भी बिचौलियों द्वारा सेंध मारी कर असली शीशी में नकली शराब भरकर खुलेआम सरकारी दुकानों से वेची जा रही है। उक्त शराब को पीने वाले उल्टी,दस्त सहित तमाम बीमारियों की चपेट में आकर चारपाई पकड़ने को मजबूर हैं। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है। जबकि इसके संबंध में पूछने पर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। धनघटा तहसील क्षेत्र में विभाग द्वारा आवंटित अधिकांश दुकानों पर खुलेआम अवैध रुप से नकली शराब बिक रही है। जिसे पीकर आए दिन लोग बीमार हो रहे हैं।

सूत्र बताते हैं कि उक्त नकली शराब का कच्चा माल कई ईंट-भट्ठों व कच्ची कारोबारियों के ठिकानों से चोरी से लाया जाता है। जिसकी डिग्री निर्धारित नहीं होती है।

दारु की शीशी शराब की दुकानों सहित कबाड़ की दुकानों पर तथा ढक्कन व मोनोग्राफ गोरखपुर में आसानी से मिल जाती है। बताया जाता है कि 2 लीटर नकली शराब जिसमें अल्कोहल की मात्रा ज्यादा होती है तथा जिसकी डिग्री का निर्धारण नहीं होता है जिसमें से एक पेटी शराब तैयार की जाती है और इसे सरकारी शराब की दुकानों पर काफी सस्ते मूल्य पर बिचौलियों द्वारा बेचा जाता है। जिससे बिचौलिए तो माला-माल होते ही है साथ ही असली शीशी में नकली शराब बेचकर सरकारी लाइसेंस प्राप्त दुकानदार भी काफी मालामाल हो रहे हैं। जबकि इसे पीने वालों का लीवर, किडनी व आंख तक जाने का खतरा उनके सर पर मडरा रहा है। उल्टी, दस्त के शिकार होकर चारपाई पकड़ने वालों को आए दिन देखा जा सकता है। इस संबंध में स्थानीय आबकारी इंस्पेक्टर से उनका पक्ष जानने की कोशिश की लेकिन संपर्क नहीं हो सका। बाद में थाना प्रभारी निरीक्षक धनघटा व थाना प्रभारी निरीक्षक महुली से बात की गई तो उन्होंने इस तरह की जानकारी से इंकार करते हुए कहा कि अचानक छापेमारी कर ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**पीने वाले पड़ रहे हैं बीमार**

**बिचौलियों द्वारा की जा रही दुकानों पर आपूर्ति**

# न्यायालय के निर्देश पर पांच के खिलाफ केस

बखिरा (एसएनबी)। न्यायालय के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम देवकली निवासी पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले की जांच में पुलिस जुट गई। न्यायालय में दिये गये प्रार्थना पत्र में श्रीकृष्णा पुत्र रामपत ग्राम देवकली थाना बखिरा ने कहा है कि वह मकान निर्माण करा रहा था। बीते 15 जनवरी को दोपहर लगभग 12 बजे बालू व मोरंग रखने के विवाद को लेकर गांव के ही राजकुमार पुत्र रामकरन समेत पांच लोग लाठी डंडे से लैस होकर गाली-गुप्ता देने लगे। आरोप लगाते हुए कहा है कि विरोध करने पर आरोपियों ने मारने पीटने लगे जान बचाकर जब वह घर में भागा तो आरोपी घर में घुस कर मारे-पीटे और बाल्टी, फावड़ा आदि लेकर भाग गये। न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 452, 427 भादवि के तहत केस दर्ज कर किया है।

# जुआ खेल रहे चार जुआरी गिरफ्तार

बखिरा। थाना क्षेत्र के सिहटीकर स्थित एक बाग में जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। तलाशी में 720 नगदी व ताश के पत्ते बरामद हुए। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस ने जुआ अधिनियम में कार्रवाई की है।

एसओ श्याममोहन ने बताया कि चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार सिंह पुलिस कर्मियों के साथ कस्बे में वाहन चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिलने पर सिहटीकर-हटवा स्थित बगीचे में घेराबंदी कर जुआ खेल रहे चार व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। 720 नगदी व ताश के 52 पत्ते बरामद हुए। कोतवाली के ख़लीलाबाद के जंगलकला निवासी अमित साहनी, बखिरा के भवनीगाढ़ा निवासी राजेन्द्र गुप्त, सिहटीकर निवासी कादिर अली व बघौली निवासी विवेक रावत के खिलाफ कार्रवाई हुई।

# गैंगस्टर एक्ट के वांछित को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध विधिक कार्रवाई किया। प्रभारी निरीक्षक थाना दुधारा अनिल कुमार दूबे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाना दुधारा पर पंजीकृत यूपी गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त मल्लू उर्फ कादिर पुत्र वकील निवासी साफियाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# कोर्ट के आदेश पर पांच के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी एक युवक ने गांव के ही एक परिवार पर निर्माणाधीन दीवाल गिराने व गोलबंद होकर मारने पीटने का आरोप लगाया है। दो महीने तक चक्कर लगाने के बावजूद पुलिस अधीक्षक व पुलिस ने कार्रवाई नही किया। न्यायालय के आदेश पर बखिरा पुलिस ने बलवा, घर में घुसकर मारने-पीटने, जान से मारने की धमकी व आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप में पति-पत्नी, दो बेटों व बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

श्रीकृष्ण पुत्र रामपत (25) का आरोप है कि वह घर निर्माण का कार्य करा रहा था। विगत 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे गांव निवासी रामकरन, उसकी पत्नी, दो बेटे व बेटी एक राय होकर हाथ में फावड़ा, लाठी, डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आकर उसे अपशब्द से अपमानित करने लगे। विरोध करने पर उसकी नवनिर्मित दीवाल को गिरा दिए। विरोध पर उसके माता, पिता, भाई व बहन को आरोपीगण अपशब्द कहते हुए मारने पीटने लगे। जान बचाकर वह घर में चला गया, किन्तु विरोधियों ने घर में घुसकर बाल पकड़कर घसीटते हुए उसे बाहर लाकर मारापीटा। भीड़ जुटने पर आरोपीगण जानमाल की धमकी देते हुए निर्माण कार्य के लिए रखा हुआ बाल्टी, फावड़ा भी लेते गए। पीड़ित ने बताया कि घटना में पूरे परिवार को काफी चोट आई थी। कार्रवाई के लिए बखिरा थाने का चक्कर लगाया, किन्तु आरोपियों पर पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की और न ही मेडिकल जांच कराया।

## प्रधान समेत चार के खिलाफ मुकदमा

नाथनगर। न्यायालय के आदेश पर महुली पुलिस ने अछती निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत चार लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारने पीटने, चाकू से हमला करने व तोड़फोड़ की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

कोर्ट को दिए गए प्रार्थना पत्र में महुली थाना क्षेत्र के ग्राम अछती निवासी कुलदीप पुत्र बिरई ने बताया कि 15 दिसम्बर 2022 की शाम पांच बजे पुरानी रंज़िश को लेकर गांव का अरूण कुमार उसे गाली देने लगा , जब उसने एतराज किया तो अरूण कुमार पुत्र रामेश्वर तिवारी, ग्राम प्रधान राजू चौहान पुत्र जोखन चौहान, रामरक्षा तिवारी पुत्र गंगा तिवारी व ग्राम प्रधान का भाई नरसिंह पुत्र जोखन चौहान पहुंच गए और एक जुट होकर घर में घुस गए। लाठी डंडे से हमला बोल दिया।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन जांच के दौरान विधिक कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों से जुर्माना भरवाया। पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 86 वाहनों के चालकों से 70 हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में छापेमारी की। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त बाबूलाल पुत्र हंसराज निवासी बालमपुर व रोरी पुत्र मजाकी निवासी नरचहा को न्यायालय भेजने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# तथ्य छिपाकर पासपोर्ट बनवाने वालों पर शिकंजा

## पुलिस अधीक्षक ने मुख्यालय से पत्राचार कर ब्योरा मांगा, निरस्त किए जाएंगे पासपोर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पासपोर्ट सत्यापन में बड़ा खेल हुआ है। पासपोर्ट मुख्यालय लखनऊ की जगह जिले स्तर से ही आईडी पासवर्ड का गलत इस्तेमाल कर पासपोर्ट का अंतिम सत्यापन कर दिया जाता था। इस खेल में आरोपी दरोगा, एलआईयू के मुख्य आरक्षी और एक बाहरी व्यक्ति पर कार्रवाई तो हो गई, लेकिन तथ्य छिपाकर पासपोर्ट बनवाने वाले भी कार्रवाई की जद में आएंगे।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पासपोर्ट सत्यापन में गड़बड़ी की शिकायत पर सीओ सदर अंशुमान मिश्रा से प्रारंभिक जांच कराई थी। सीओ की जांच में पाया गया कि वर्ष 2021-22 में 101 पासपोर्ट के सत्यापन में हेराफेरी की गई है। थानों से पासपोर्ट


थानों की रिपोर्ट बदल कर पासपोर्ट के आ

10 मार्च को छपी खबर।

के जो आवेदन संस्तुति नहीं किए जाते थे, उन्हें पासपोर्ट सेल में तैनात दरोगा कामेश्वर मिश्रा और एलआईयू के मुख्य आरक्षी मनोज पटेल जनपदीय आईडी पासवर्ड से संस्तुति करके भेज देते थे।

इसमें बाहरी व्यक्ति विधियानी निवासी वीरेंद्र यादव से सहयोग लेते थे। बाहरी वीरेंद्र यादव के जरिये प्रति पासपोर्ट 3,000 रुपये दिया जाता था। पुलिस की जांच जैसे-जैसे बढ़ रही है, चौकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। पासपोर्ट का अंतिम सत्यापन पासपोर्ट मुख्यालय लखनऊ से किया जाता है, लेकिन गलत ढंग से आईडी पासवर्ड के जरिये उसे जिले स्तर से ही कर दिया जाता था। 101 पासपोर्ट में जो हेराफेरी की गई है, उसमें 70 प्रतिशत पासपोर्ट कोतवाली क्षेत्र का है।

इसके अलावा दुधारा, महुली और धनघटा क्षेत्र का गलत पता दर्शा कर लोगों ने पासपोर्ट का सत्यापन कराया है। छह ऐसे लोगों का पासपोर्ट सत्यापन हुआ है, जिनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। एसपी की ओर से पासपोर्ट मुख्यालय लखनऊ को पत्र भेजकर यह जानकारी मांगी गई है कि 101 पासपोर्ट में से कितने लोगों का पासपोर्ट बन चुका है। इसमें कितने लोग किन-किन देशों में गए हैं। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस ऐसे लोगों का पासपोर्ट निरस्त कराते हुए उन्हें वापस बुलाएगी।

*जांच में 101 पासपोर्ट के सत्यापन में हेराफेरी पाई गई है। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पासपोर्ट मुख्यालय लखनऊ जो अंतिम सत्यापन करता है, उसे जिले स्तर से ही गलत ढंग से आईडी पासवर्ड का इस्तेमाल करके कर दिया जाता था। पासपोर्ट मुख्यालय लखनऊ से यह जानकारी मांगी गई है कि 101 पासपोर्ट के आवेदनों में से कितने का पासपोर्ट बन चुका है। इसकी जानकारी होते ही विदेश गए लोगो का पासपोर्ट रद्द कराया जाएगा। तथ्य छिपाकर फर्जी अभिलेखों के जरिये पासपोर्ट सत्यापन कराने अथवा बनवाने वाले लोगों पर कार्रवाई तय है।*

– सत्यजीत गुप्ता, एसपी

# चार आरोपितों पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने अलग-अलग मामले में चार आरोपितों को पकड़कर कानूनी शिकंजा कसा। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना महुली पुलिस ने दो और थाना बखिरा पुलिस ने दो आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया। पुलिस ने सभी आरोपितों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# घायल को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। यूपी 112 पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर विवाद के वजह से हुई मारपीट की घटना में घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

पीआरवी 1492 को थाना धनघटा क्षेत्र के हड़िया माफी गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद मारपीट की घटना में तीन महिलाओं के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर वहां चल रहे विवाद को शांत कराकर घायलों को एबुंलेंस की मदद से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शनिचरा बाजार भेजवाकर घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा पुलिस को अवगत कराया।

# प्रधान समेत दो पर छेड़छाड़ का केस दर्ज करने का दिया आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी एक्ट दिनेश प्रताप सिंह ने एक गांव के प्रधान और उसके सहयोगी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश एसओ धनघटा को दिया है । 15 दिन के अंदर आख्या भी प्रस्तुत करने को कहा है।

अधिवक्ता शिवनंदन ने बताया कि धनघटा क्षेत्र की रहने वाली 27 वर्षीय पीड़िता ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके गांव के वर्तमान प्रधान उससे फर्जी शिकायत कराना चाहते है।

इसके लिए उसे एवं उसके परिवार पर तरह-तरह का नाजायज दबाव बनाते हैं। उसके मना करने पर प्रधान और सहयोगी खफा हैं। गांव से निष्कासित कराने की धमकी दी जा रही है।

तरह-तरह से प्रताड़ना दिया जा रहा है। आरोप है कि पांच नवंबर 2022 को शाम 7:00 बजे वह बाजार से अपने घर वापस आ रही थी। गांव के बाहर सड़क पर सूनसान जगह पाकर अचानक ग्राम प्रधान एवं उनके सहयोगी उसे अकेला पाकर

## पीड़िता ने गांव से निष्कासित करने की धमकी देने का आरोप भी लगाया

छेड़खानी करने लगे। जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि जानमाल की धमकी दी गई। विरोध करने पर और राहगीरों को आता देखकर ग्राम प्रधान और उनके सहयोगी फरार हो गए। पीड़िता ने धनघटा थाने पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी संतकबीरनगर को जरिये डाक सूचना दी गई, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़िता ने रजिस्ट्री अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली को भी शिकायती पत्र भेजा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने मजबूर होकर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने सुनवाई के बाद वर्तमान प्रधान और उसके सहयोगी के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश धनघटा पुलिस को दिया है। साथ ही आख्या भी मांगी है।

# अपराध संक्षेप

## रंजिश में युवक को पीटा, केस दर्ज

**बखिरा।** क्षेत्र के कुसम्हा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पीड़ित को एक युवक पर मारने पीटने का आरोप लगा है। पीड़ित गोरखनाथ पांडेय का आरोप है कि गांव निवासी राकेश शर्मा से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। 11 मार्च की शाम को आठ बजे राकेश शर्मा उसे अपशब्द कहने लगे। मना करने पर उसकी लाठी-डंडे से पिटाई की। ग्रामीणों के जुट जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। एसओ श्याममोहन ने बताया आरोपी राकेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## जुआ खेलते चार लोग गिरफ्तार

**बखिरा।** क्षेत्र के सिंहटीकर स्थित बगीचे में जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया। तलाशी में 720 रुपये नकदी व ताश की गड्डी बरामद हुआ। एसओ श्याममोहन ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए लोगों की पहचान कोतवाली क्षेत्र के जंगलकला निवासी अमित साहनी, बखिरा क्षेत्र के भवनीगाढ़ा निवासी राजेंद्र गुप्ता, सिंहटीकर निवासी कादिर अली व बघौली निवासी विवेक रावत के रुप में हुई। सभी आरोपियों को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। संवाद

## गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने सोमवार को गैंगस्टर एक्ट के वांछित को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल दूबे ने बताया कि मल्लू उर्फ कादिर निवासी साफियाबाद दुधारा गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा था। इसके खिलाफ गोवध और गैंगस्टर समेत कई मुकदमें दर्ज है। सूचना के आधार पर गैंगस्टर एक्ट के आरोपी मल्लू उर्फ कादिर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

## युवक से मारपीट का मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने के लखनौरा में रंजिश को लेकर अपशब्द कहते हुए युवक से मारपीट के मामले में दो नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में चंचल सिंह ने तहरीर दी। एसओ योगेश कुमार सिंह ने बताया कि रमेश गुप्ता, रमेश का पुत्र व भांजे के अलावा दो रिश्तेदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

## वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने ट्रैक्टर पलट जाने के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक की मौत हो गई थी। रविवार को थाना क्षेत्र के नदायें गांव निवासी विपिन कुमार श्रीवास्तव (48) ट्रैक्टर की सर्विसिंग कराने हर्रैया कस्बे में एक वर्कशॉप पर आए थे। सायं करीब पौने चार वजे लौटते समय मुरादीपुर गांव के आगे मनोरमा नदी के पुल के पास हाईवे पर पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। संवाद

# कोर्ट के आदेश पर दंपती समेत पांच पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## दीवार गिराने और घर में घुसकर पिटाई करने का लगा है आरोप

बखिरा। कोर्ट के आदेश पर बखिरा पुलिस ने सोमवार को क्षेत्र के देवकली गांव निवासी दंपती समेत पांच लोगों पर केस दर्ज किया। आरोप है कि आरोपियों ने दीवार गिरा दिया और विरोध करने पर घर में घुस कर मारपीट की। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित श्रीकृष्ण का आरोप है कि वह घर निर्माण करे रहे थे। 15 जनवरी को दोपहर 12 बजे गांव निवासी रामकरन, उसकी पत्नी, दो बेटे व बेटी एक राय होकर हाथ में फावड़ा, लाठी-डंडा लेकर उसके दरवाजे पर चढ़ आए और उसे अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर उसकी नवनिर्मित दीवार को गिरा दी। आरोप है कि उसके माता-पिता, भाई व बहन की पिटाई की। जान बचाकर परिवार के लोग घर में गए तो घर में घुस गए।

आरोपियों ने बाल पकड़कर घसीटते हुए उसे बाहर ले आए। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण जुट गए। भीड़ जुटने पर आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए निर्माण कार्य के लिए रखा हुआ बाल्टी, फावड़ा उठा ले गए।

पीड़ित ने बताया कि उस घटना में पूरे परिवार को काफी चोटे आई थी। कार्रवाई के लिए बखिरा थाने का चक्कर लगाकर थक गया, लेकिन आरोपियों पर पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नही किया। मेडिकल जांच तक नहीं कराया।

बाद में पुलिस अधीक्षक को भी रजिस्टर्ड डाक से कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। एसओ श्याममोहन ने बताया देवकली निवासी आरोपी रामकरन यादव, राजकुमार, राजेश, विद्यावती व राधा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# मारपीट में चार लोगों पर केस दर्ज

टिकरी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नगवा गांव में दबंगों ने भूमि विवाद में मारपीट की। घटना में 05 लोगों को गंभीर चोंटे आई हैं। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नगवा गांव के बाबा ज्ञानदास पुरवा मजरा निवासी तेज बहादुर उर्फ रोहित पुत्र रामनरायन ने थाने पर तहरीर दी। इसके मुताबिक विपक्षी कांशीराम, रामकुमार, राकेश व विनोद मेरी भूमि कब्ज़ा करना चाह रहे थे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने पंहुचे रामबहादुर, सावित्री, मंजू और रोहित को भी मारा-पीटा। प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पांडे ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में चार पर मुकदमा

खरगूपुर। दहेज के लिए विवाहिता को तीन वर्षो से प्रताड़ित किया जा रहा था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, जेठ व देवर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न, मारपीट के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।

मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया के मजरा रामलाल पुरवा का है। गांव की निवासी सकीना पुत्री साहब अली ने थाने पर दर्ज कराए गए प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि उसका निकाह तीन वर्ष पूर्व गांव के ही इदरीश पुत्र मोहब्बत अली के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसके पति, सास खैरुल निशा पत्नी मोहब्बत अली, जेठ शमशाद अली, देवर वसीम एक राय होकर दहेज में मोटरसाइकिल, सोने की अंगूठी व 50 हजार रूपये नकद की मांग करने लगे।

# एक हफ्ते पहले गायब किशोर को किया बरामद

रुपईडीह। नेवादा हाशिमपुर में एक सप्ताह पहले घर से साइकिल चलाने निकला किशोर को पुलिस ने बाराबंकी के मसौली से बरामद कर बाल कल्याण समिति गोंडा के समक्ष प्रस्तुत किया । थानाध्यक्ष कौडिया विद्यासागर पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के नेवादा हासिमपुर से एक किशोर एक सप्ताह पहले घर से साइकिल चलाने के लिए गया हुआ था। जिसके बाद शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की परंतु नहीं मिला।

# छह पर धोखाधड़ी का केस

गोण्डा, संवाददाता। महिला से जबरन फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी कराने और जालसाजी करते हुए दबाव बनाकर लखनऊ स्थित बिल्डिंग का गिफ्ट डीड कराने के मामले में खलील टायर सहित छह के खिलाफ सोमवार को धोखाधड़ी, जालसाजी का केस दर्ज किया गया। यह मुकदमा डीआईजी के आदेश पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ।

शहर के राजेंद्र नगर निवासिनी शायरा बानो ने तहरीर में कहा कि उसके पति रमजान अली के मौत के बाद से विपक्षी उसकी जमीन-जायदाद पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि विपक्षियों ने मिलकर लखनऊ स्थित उसकी एक बिल्डिंग सायरा अपार्टमेंट को जबरन दबंगई के बल कब्जा करके अपने नाम गिफ्ट डीड करा लिया। बाद में मारपीट कर जबरन धमकाते हुए पावर ऑफ अटॉर्नी बन गए।

# सीओ विनय सिंह को जिम्मेदारी मिली

गोण्डा । पहले करनैलगंज सर्किल में तैनात रहे सीओ विनय सिंह को अब बाल एवं महिला सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब वह महिला थाना,एएचटीयू, महिला संबंधित अपराध का अनुश्रवण के साथ ही महिला सहायता प्रकोष्ठ का पर्यवेक्षण करेंगे।

क्षेत्र के धमसड़ा गांव में 23 फरवरी की रात हरीश मिश्रा के घर में करीब आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोल दिया था। बदमाश घर में लूटपाट कर ही रहे थे कि हरीश के घर वालों ने शोर मचाना शुरू कर दिया था । गांव वालों से घिर जाने के बाद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी थी । बदमाशों की गोली से 10वीं का छात्र सिद्धांत पांडेय व सुशील मिश्रा घायल हो गए थे। इस घटना के बाद भी क्षेत्र में घटना के दूसरे दिन भी चोरी की घटनाएं हुईं थीं। जिसके बाद एसपी आकाश तोमर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सीओ विनय सिंह को वहां से हटा दिया था। तब से वह खाली ही बैठे थे। अब उन्हें फिर से एसपी ने नई जिम्मेदारी सौंपी है।

## आग लगते ही गोण्डा से करनैलगंज तक की दौड़ लगाती हैं अग्निशमन विभाग की गाड़ियां

# करनैलगंज में फायर स्टेशन का इंतजार

■ अजीत दीक्षित

करनैलगंज। हर साल गर्मी का सीजन शुरू होते ही करनैलगंज तहसील क्षेत्र में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इसमें अधिकतर गरीबों के आशियाने जलकर राख हो जाते हैं। कभी कभी तो शहरी इलाकों में भी आग लगने से काफी नुकसान झेलना पड़ता है। गर्मियों के मौसम में एक चिंगारी को शोले में बदलते हुए देर नहीं लगती। इसके बाद भी तहसील मुख्यालय पर निर्माणाधीन फायर स्टेशन के पूरा होने की क्षेत्रवासी करीब दो वर्ष से इंतजार कर रहे हैं।

ऐसा भी नहीं है कि क्षेत्रीय लोग आग से बचाव के लिए इंतजाम की मांग नहीं उठाते हैं। सरकार किसी भी दल की रही हो, सबके सामने फायर स्टेशन की मांग रखी गई। हर बार कभी बजट तो कभी निर्माण के लिये जमीन का बहाना देकर फायर स्टेशन बनाने की मांग अनदेखी कर दी जाती रही। करीब दो वर्ष पहले तहसील के बगल पुराने स्वास्थ्य केन्द्र में फायर स्टेशन के लिए स्थान चयनित करके निर्माण भी शुरू कर दिया गया। जिसमें बोरिंग के साथ-साथ एक तरफ की दीवार खड़ी कर दी गयी।

इसके बाद से निर्माण एजेंसी इस तरफ का रूख करना तक भूल गयी। जिससे गर्मी के मौजूदा सीजन में इस बार भी तहसील क्षेत्र के लोगों को आग लगने जैसी आपात घटना पर गोण्डा फायर स्टेशन से ही मदद की उम्मीद है।

■ फायर स्टेशन के नाम पर सिर्फ एक दीवार खड़ी कर भूल गये जिम्मेदार
■ हर साल गर्मी में आग लगने की घटनाओं से होती है बड़े पैमाने पर तबाही



करनैलगंज तहसील मुख्यालय पर फायर स्टेशन के लिए खड़ी की गई दीवार।

**आग बुझाने को गोण्डा से करनैलगंज की दौड़:** जिले का महत्वपूर्ण तहसील मुख्यालय करनैलगंज में फायर स्टेशन अब तक नहीं खुल सका है। जिस कारण कहीं भी आग लगने पर इसे बुझाने की जिम्मेदारी 30 किलोमीटर दूर गोण्डा के फायर स्टेशन की है। इससे जाहिर है अगर यहां कोई अग्निकांड हुआ तो इससे बचाव को तात्कालिक तौर पर कोई बंदोबस्त नहीं है।

**ग्रामीण क्षेत्र सहित सभी भगवान भरोसे:** ग्रामीण क्षेत्र सहित निजी भवनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक इकाइयों, धार्मिक स्थलों, बैंक आदि स्थानों में अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय भगवान भरोसे हैं। तहसील स्तर पर आग से बचाव का अपना कोई इंतजाम नहीं है। गर्मी के माह में सिर्फ एक फायर टेंडर की गाड़ी जरूर तहसील मुख्यालय भेज दी जाती है।

**मात्र दो ड्राइवरों के सहारे चल रही दमकल की चार गाड़ियां:** जिला मुख्यालय पर स्थापित फायर स्टेशन की हालत भी कुछ अच्छी नजर नहीं आ रही है। यहां तीन बड़ी व दो छोटी फायर टेंडर की गाड़ियों को चलाने के लिये मात्र दो ही चालक उपलब्ध है। जिससे किसी आपात स्थिति में फायरमैन सिपाहियों को अपने रिस्क पर वाहन चला कर ले जाना होता है।

### प्रदेश पुलिस आवास निगम पर है निर्माण का जिम्मा

फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम को करनैलगंज का फायर स्टेशन बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। लेकिन ग्रान्ट न मिल पाने की दशा में निर्माण को गति नहीं मिल पा रही है। मात्र कुछ काम करके ही निगम का काम ठप पड़ा हुआ है।

> "सीमित संसाधनों के बीच फायर कर्मी सेवा में तैनात हैं। विभाग में ड्राइवर की कमी है जिसके लिये पत्र व्यवहार किया जा रहा है। अभी और गर्मी बढ़ने पर करनैलगंज तहसील मुख्यालय पर फायर टेंडर की गाड़ी भेजी जायेगी।
>
> -राम सुमेर त्रिपाठी, सीएफओ

# होमगार्ड जवान की मौत, शव पोस्टमार्टम को भेजा

गोण्डा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के धुसवा दुल्लापुर गांव निवासी होमगार्ड पवन मिश्रा की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। मृतक के पुत्र रवि मिश्रा ने बताया कि उसके पिता होम गार्ड विभाग में थे। वर्तमान में तहसीलदार के यहां ड्यूटी करते थे। वापस घर जाते समय उनकी तबीयत खराब हो गई। उन्हें अयोध्या में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई।

# रंजिश में तीन को पीटा, अज्ञात पर केस दर्ज

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र में रंजिश को लेकर एक कार सवार को कुछ लोगों ने रोककर तीन दोस्तो को मारा पीटा गया। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ में मुकदमा दर्ज कराया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के खैराखास निवासी अरुण मिश्र पुत्र शिवानन्द मिश्रा नगर कोतवाली में मुकदमा लिखाया है, जिसमें उसने कहा कि वह अपने कार से जय नरायन चौराहे की तरह जा रहा था। रास्ते में दूसरे कार ने ओवरटेक करके रोक लिया और उसको और उसके दोस्त मंगल पाठक, रोहित मिश्रा को मारा पीटा गया। जान से मारने की धमकी दी गई।

# दहेज उत्पीड़न में पांच के खिलाफ मुकदमा

**संसू, मनकापुर (गोंडा) :** बक्सराआज्ञाराम के मजरे चौहानपुरवा की रहने वाली रुसमा ने दी गई तहरीर में कहा कि दस वर्ष पूर्व उसकी शादी बलरामपुर जिले के थाना सादुल्लानगर के ग्राम ककरहवा के रहने वाले विफई चौहान के साथ हुई थी। आरोप लगाया कि पति, सास, ससुर, जेठ व जेठानी दहेज की मांग को लेकर पिटाई की और घर से भगा दिया। इसके बाद उसका पति दूसरी पत्नी ले आया। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने कहा कि पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# चार के खिलाफ केस

**संसू, खरगूपुर :** ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया के मजरा रामलालपुरवा की रहने वाली सकीना ने कहाकि उसका निकाह तीन वर्ष पूर्व गांव के ही इदरीश के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही पति, सास खैरुल निशा, जेठ शमशाद अली, देवर वसीम दहेज की मांग करने लगे। दहेज की मांग न पूरी होने पर उसकी पिटाई की गई। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# कुएं में गिरने से बालक की मौत, बुजुर्ग को ग्रामीणों ने बचाया

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : करुवा के नचनी गांव में खेलने के दौरान कुएं में गिरने से बालक की डूबने से मौत हो गई। जबकि उसे बचाने के लिए कुएं में कूदे बुजुर्ग को ग्रामीणों ने सकुशल बाहर निकाल लिया।

बताया जाता है कि सोमवार को करीब 11 बजे ग्राम पंचायत करुवा के नचनी गांव में अवधेश गोस्वामी उर्फ मंगू का बेटा सौरभ गोस्वामी भगेलू दरवाजे पर खेल रहा था। खेल के दौरान घर के समीप स्थित कुएं में वह गिर गया। हल्ला गोहार सुनकर लोग पहुंचे। बुजुर्ग शिव कैलाश सौरभ को बचाने के लिए कुएं में कूद गए, लेकिन वह भी डूबने लगे।

ग्रामीणों ने उन्हें व बच्चे को कुएं से बाहर निकाला। तब तक सौरभ की मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना मिलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। सौरभ दो भाईयों में छोटा था। मां कामनी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



कर्नलगंज करूवा के नचनी गांव में बालक की मौत के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों से जानकारी लेते पुलिस कर्मी ● जागरण

तहसीलदार नृसिंहनरायन वर्मा पहुंचकर परिवारजन से घटना की जानकारी ली। बताया कि घटना की बाबत जानकारी ली गई है। राहत दिलाई जाएगी।

# पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस

**खरगूपुर (गोंडा)।** ग्राम पंचायत खरगूपुर इमिलिया रामलाल पुरवा निवासी साहब अली की पुत्री सकीना ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका निकाह तीन वर्ष पूर्व गांव के ही इदरीश से हुआ था। सकीना का आरोप है कि पति, सास खैरुलनिशा, जेठ शमशाद अली, देवर वसीम दहेज में बाइक, सोने की अंगूठी व 50 हजार रुपये नकदी की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सभी लोगों ने पीटा व जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पति, सास, जेठ व देवर के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# पांच के खिलाफ केस दर्ज

**मनकापुर (गोंडा)।** बक्सरा आज्ञाराम के चौहानपुरवा निवासी रुपमा चौहान ने सोमवार को थाने में तहरीर दी। इसमें बताया कि उसकी शादी दस साल पहले सादुल्लाहनगर निवासी विफई चौहान से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग मारपीट करने लगे। पति के अलावा ससुर, सास, जेठ व जेठानी ने पीटकर घर से निकाल दिया। पति ने दूसरी युवती से शादी कर ली। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि मामले में पति समेत पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# जमीन फर्जीवाड़े में पांच के खिलाफ मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** जमीन के फर्जीवाड़े में कोतवाली नगर में सोमवार को एक व्यक्ति को नामजद करते हुए पांच लोगों के खिलाफ जालसाजी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शहर के राजा मोहल्ला निवासी अभिषेक रस्तोगी ने आईजी के निर्देश पर कोतवाली नगर में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उनकी मां कांता रस्तोगी ने वर्ष 2013 में नगर क्षेत्र के खाले झंझरी गांव में जमीन का बैनामा कराया था। तभी से उस जमीन पर काबिज था। 19 फरवरी 2023 को सूचना मिली कि कुछ लोग उनकी जमीन पर टिन शेड रखकर कब्जा कर रहे हैं। इसकी जानकारी होने पर नौकर बबलू कश्यप के साथ मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि कब्जा करने से मना किया तो खाले झंझरी के रहने वाले विनोद शुक्ला ने बताया कि उन्होंने जमीन खरीद ली है। अपने चार साथियों के संग मिलकर मारापीटा और भगा दिया। अभिषेक ने बताया कि विनोद ने जमीन लेने के लिए 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर हुई कार्रवाई

## होमगार्ड जवान की मौत

**गोंडा।** नवाबगंज के धुसवा दुल्लापुर निवासी होमगार्ड जवान पवन मिश्रा की अचानक तबियत खराब होने से मौत हो गई। पवन के पुत्र रवि ने बताया कि पिता होमगार्ड विभाग में थे। तहसीलदार के यहां ड्यूटी करते थे। रविवार को तबियत खराब हो गई। उन्हें अयोध्या के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। संवाद

# सीओ विनय सिंह को मिली नई जिम्मेदारी

**गोंडा।** एसपी आकाश तोमर ने प्रतीक्षारत क्षेत्राधिकारी विनय सिंह को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा वह महिला थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, महिला संबंधी अपराध का अनुश्रवण, महिला हेल्प डेस्क, महिला सहायता प्रकोष्ठ परामर्श केंद्र, महिला सम्मान कोष आर्थिक सहायता व महिला आयोग एवं महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिम्मेदारी भी निभाएंगे। एसपी ने बताया कि सीओ सिटी के लिंक अधिकारी सीओ करनैलगंज होंगे। सीओ सदर एवं सीओ मनकापुर एक-दूसरे के लिंक अधिकारी होंगे। जबकि सीओ करनैलगंज एवं सीओ तरबगंज एक-दूसरे के लिंक अधिकारी होंगे। इसी तरह सीओ लाइन के लिंक अधिकारी सीओ मनकापुर होंगे। (संवाद)

# विवाद में छप्पर फूंकने का आरोप

**करनैलगंज (गोंडा)।** जमीन विवाद में फूस से बने घर को आग के हवाले कर दिया गया। जिससे गृहस्थी का सामान जल गया। पीड़ित मुकदमा लिखाने के लिए थाने का चक्कर लगा रहा है। हीरापुर कमियार निवासी रामकली पत्नी लल्लू ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि रविवार रात गांव के ही चार लोगों ने मिलकर उनके मड़हे में आग लगा दी। आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मार डालने की धमकी भी दी। घटना की सूचना यूपी 112 सहित स्थानीय पुलिस को भी दी गई, लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। प्रभारी कोतवाल कुबेर तिवारी का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# पुलिस कर्मियों के तबादले पर दी विदाई

महराजगंज तराई। महाराजगंज तराई थाना में तैनात सात पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण जिले के अन्य थाना पर होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने सभी को फूल माला पहनाकर विदाई दी। थाना प्रभारी ने राज कुमार अवस्थी, अखिलेश यादव, मनोज कुमार, रानू व अन्य दो पुलिसकर्मियों को फूल माला पहनाकर विदाई दी।

# खेत में छुपाकर रखी 17 बोटा खैर बरामद

बलरामपुर। जनकपुर वन रेंज की टीम व एसएसबी जवानों ने बघेलखण्ड बीट के हथियागढ़ गांव में गन्ने के खेत में छुपाकर रखी गई 17 बोटा जंगली खैर की लकड़ी बरामद की है।

प्रभागीय वनाधिकारी डा. सेम्मारन ने बताया कि सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव में एक व्यक्ति ने खैर की लकड़ी गन्ने के खेत में छुपा रखी है। मौके पर जनकपुर वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद, वन दरोगा शशिकांत शुक्ला को एसएसबी जवानों के साथ भेजा। वहां से लकड़ी बरामद कर ली गई। केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना रेहरा बाजार पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया। पुलिस ने शराब के अवैध कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

उपनिरीक्षक तेज नारायण गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम के साथ मानापार बहेरिया के पास से दो व्यक्तियों को पकड़ा है। जिनके पास से एक किलो 450 ग्राम गांजा के साथ 2020 रुपया बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम पता दिनेश यादव व हरिश्चंद्र वर्मा बताया, जिनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत गिरफ्तार कर लिया गया है।

# वकीलों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

- बीते दिनों वकीलों के साथ हुई घटनाओं पर रोष
- बैठक में कोर्ट का कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया

बलरामपुर, संवाददाता। कलेक्ट्रेट संघ भवन में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वकीलों के साथ बीते दिनों हुई घटनाओं में पुलिस की कार्य प्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन के कार्य व्यवहार से वकील क्षुब्ध दिखे। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि वकीलों के साथ हुई घटनाओं में कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक से मिलकर आज ज्ञापन सौंपा जाएगा। वहीं सिविल जज जूनियर डिवीजन के कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय भी बैठक में लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र ने किया। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि सिविल जज जूनियर डिवीजन का कार्य व्यवहार वकीलों के प्रति ठीक नहीं है। न्यायिक अधिकारी कोर्ट रूम में ही अधिवक्ताओं पर टीका टिप्पड़ी करती हैं। बताया कि हाल ही में अधिवक्ता शत्रुघ्न यादव के साथ मारपीट की घटना हुई है, जिसमें पुलिस अधिवक्ता के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत कर लिया। जबकि अधिवक्ता की तहरीर पर केस दर्ज नहीं किया। इसके अलावा अधिवक्ता जीवन लाल मिश्र के घर पर हुई चोरी की घटना में भी लापरवाही बरत रही है।

# पेड़ों की कटान का नहीं थम रहा सिलसिला

तुलसीपुर। स्थानीय थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलोहा बनकसिया की ग्राम प्रधान गंगोत्री देवी ने बताया कि ग्राम सभा में ग्राम पंचायत की भूमि पर लगे पेड़ों का अवैध कटान का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसकी जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों को दी गई लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान गंगोत्री जयसवाल ने बताया गाटा संख्या 662/00.77 हेक्टेयर पानी खाते के नाम दर्ज है, जिसमें भिलोर के पेड़ लगे थे। 20 जनवरी की रात दो पेड़ चोरी से काट ले गए।

# सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण

बलरामपुर। नगर में सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। लगभग पांच माह पूर्व अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। इसका असर कुछ दिनों तक दिखाई पड़ा। अब व्यापारी अपनी दुकानें सड़क पर दोबारा सजाने लगे हैं। जिससे बाजार में आवागम ने करने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# मेले में अभेद्य होगी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा

**तैयारी**

■ जीतेंद्र श्रीवास्तव

तुलसीपुर। भारत नेपाल सीमा स्थित 51 शक्ति पीठों में शामिल देवीपाटन मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद्य होगी। मंदिर प्रशासन की ओर से पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का खाका तैयार किया जा रहा है। इसमें आपातकालीन और आतंकवादी घटनाओं से निपटने के इंतजाम होंगे। मंदिर की सुरक्षा के लिए फैंटम व स्थाई मोर्चा जोन में बांटा जाएगा। दोनों में अलग-अलग सेक्टर बनाए जाएंगे।

देवीपाटन को देश के 51 शक्तिपीठों में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यहां देश के कोने-कोने से श्रद्धालु मां पाटेश्वरी का दर्शन करने आते हैं। चैत्र नवरात्रि व शारदीय नवरात्र में यहां लाखों श्रद्धालुओं का आगमन होता है। यह मंदिर नेपाल राष्ट्र के लोगों की आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस शक्तिपीठ के मुख्य संरक्षक हैं। चैत्र नवरात्रि में 30 दिवसीय तथा शारदीय नवरात्रि में 15 दिवसीय मेला लगता है। जिसे सरकार ने राजकीय मेला घोषित किया है। नेपाल सीमा पर स्थित होने के कारण शक्तिपीठ की संवेदनशीलता अधिक है। जिसके मद्देनजर शक्तिपीठ की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। इसे लेकर सुरक्षा मुख्यालय एक मानक तैयार कर रहा है। सुरक्षा ऐसी होगी जिसमें परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। मानकों के अनुसार मंदिर की सुरक्षा के लिए पांच स्तरीय खाका तैयार किया जा रहा है।



शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर मे श्रद्धालुओं की लगी भीड़।

> सुरक्षा मुख्यालय की सहायता से मंदिर सुरक्षा संचालन सिद्धांत को संशोधित किया जा रहा है। सभी प्रवेश द्वार पर डोर फार्म मेंटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। जवानों के लिए बैरक व स्थाई ड्रोन कैमरे का भी प्रस्ताव किया गया है। महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था होगी।
>
> –केशव कुमार, एसपी बलरामपुर

# पोक्सो एक्ट के दोषी को 15 साल की सजा

बलरामपुर, संवाददाता। पोक्सो एक्ट के तहत एक दोषी व्यक्ति को न्यायालय ने 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। दोषी को 15 हजार रुपए अर्थदंड भी देना होगा। अन्य तीन सह अभियुक्तों को पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। एसपी केशव कुमार ने बताया कि आपरेशन शिकंजा के तहत प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाई गई है। वर्ष 2017 में न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर एक महिला ने पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की अपील की थी। न्यायालय के आदेश पर दर्ज मुकदमें में पुलिस ने अमित कुमार, प्रवीन कुमार, कृष्ण कुमार व अरावेन्द्र कुमार के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय भेजी। न्यायालय में अमित कुमार को 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई, जबकि सह अभियुक्तों को अर्थदंड देना होगा।

सुरक्षा मुख्यालय की सहायता से मंदिर सुरक्षा संचालन सिद्धांत को संशोधित किया जा रहा है। सभी प्रवेश द्वार पर डोर फार्म मेंटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे। जवानों के लिए बैरक व स्थाई ड्रोन कैमरे का भी प्रस्ताव किया गया है। महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था होगी।

–केशव कुमार, एसपी बलरामपुर

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

**हरैया सतघरवा** : पुलिस ने चोरी के सामान के साथ चोर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि ग्राम डेरवा के मजरा सहिजना निवासी मुन्नन को दो सोलर बैट्री के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाने में इसके खिलाफ नौ मुकदमे दर्ज हैं। (संसू)

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा** : पुलिस ने बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना ललिया के मटियरिया निवासी प्रश्नजीत को ग्राम सिकंदर बोझी के पास हेंगहा नाला से बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली के साथ अवैध खनन में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। (संसू)

# दो को पकड़ा

**रेहरा बाजार** : प्रभारी निरीक्षक ओपी सिंह चौहान ने बताया कि गोंडा जिले के कोतवाली नगर के ग्राम पोर्टरगंज पथवलिया निवासी दिनेश यादव व रेहरा बाजार के मुसाहेबगंज के मजरा मानापरा बहेरिया निवासी हरिश्चंद्र वर्मा को एक किग्रा 450 ग्राम अवैध गांजा व 2020 नकद बरामद किया है। (संसू)

# दबंगों की धमकी से परेशान परिवार ने आत्महत्या की दी चेतावनी



पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने जाते पीड़ित परिवार ● जागरण

**संसू, बलरामपुर** : दबंगों के धमकी से परेशान देहात कोतवाली के गंगापुर लखना के नानमून पासवान के परिवार ने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार को प्रार्थना पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने व सुरक्षा देने की गुहार लगाई है।

नानमून पासवान, चंद्र प्रकाश व पुष्पा ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उनके गांव के कुछ दबंगों ने धारदार हथियार से हमला करके परिवार को मारा पीटा था। घटना में दिनेश पासवान, चंद्र प्रकाश व पुष्पा घायल हो गई थी। दिनेश का लखनऊ में इलाज चल रहा है। चंद्र प्रकाश व पुष्पा को भी चोटें आई है। दबंग परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यदि दबंगों के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो पूरा परिवार कलेक्ट्रेट में आकर आत्महत्या करने को मजबूर होगा।

# अतिक्रमण हटवाने की मांग

**सादुल्लाहनगर** : रामपुर अरना बाजार में सड़क की पटरियों पर दुकानदारों के अतिक्रमण करने से राहगीरों को आवागम्न में परेशानी होतीं है। नंदू, संतोष कुमार, नकछेद, गनेश दत्त मिश्र व राकेश उपाध्याय ने पटरियों से अतिक्रमण खाली कराने की मांग की है। (संसू)

# छेड़खानी मामले में एक को 15 साल का कारावास

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश जहेन्द्र पाल सिंह ने छेड़खानी के मामले में पाक्सो अभियुक्त को 15 साल कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है। इसके साथ ही अन्य तीन आरोपितों को भी अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि अधीनस्थ न्यायालय ने 19 मार्च 2017 को अमित कुमार, प्रवीण कुमार, कृष्ण कुमार व अरविंद कुमार पुत्रगण सुखराम को एक महिला के परिवाद पर बतौर अभियुक्त तलब किया था। न्यायालय द्वारा 17 मई 2022 को राज्य मुकदमे के रूप में परिवर्तित किया। आरोप था कि थाना कोतवाली नगर की एक नाबालिग लड़की स्कूल से घर वापस आ रही थी। उसके साथ आरोपित चारों लोगों ने छेड़खानी कर दुर्व्यवहार किया। अभियोजन की ओर से गवाहों के बयान और तर्क सुनने के बाद आरोपित अमित कुमार को छेड़खानी में पांच साल पांच हजार, मारपीट में एक साल एक हजार, अपशब्द के मामले में दो साल दो हजार, जानमाल धमकी देने के मामले में दो साल दो हजार व पाक्सो के आरोप में पांच साल पांच हजार की सजा सुनाते हुए आदेश दिया कि उपरोक्त सजाएं एक के बाद एक क्रम में चलेगी। अन्य तीनों आरोपियों को पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करते हुए निर्देश दिया कि अर्थदंड न जमा करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# नाबालिग से छेड़खानी में पांच साल की जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** नाबालिग से छेड़खानी करने के दोषी को न्यायालय ने पांच साल की कैद व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मामले में शामिल तीन अन्य सगे भाइयों को मारपीट का दोषी मानते हुए पांच-पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया गया है।

विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो एक्ट पवन कुमार शुक्ल ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव की एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि 17 अक्तूबर 2016 को दिन के समय गांव में रहने वाले चार सगे भाइयों ने उसकी नाबालिग बेटी से छेड़खानी की।

## तीन अन्य दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना

विरोध पर मारपीट की और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया तो पीड़िता ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद न्यायालय ने परिवाद के तहत मुकदमा पंजीकृत कर गवाहों का बयान लिया।

बयान के आधार पर न्यायालय ने अमित कुमार, प्रवीण कुमार, कृष्ण कुमार व अरविंद कुमार को तलब किया। न्यायालय में वादिनी, नाबालिग पीड़िता सहित पांच गवाहों ने बयान दर्ज कराया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जहेंद्र पाल सिंह ने अमित कुमार को नाबालिग से छेड़खानी करने का दोषी मानते हुए पांच साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

न्यायाधीश ने अन्य तीनों भाई प्रवीण कुमार, कृष्ण कुमार व अरविंद को मारपीट का दोषी मानते हुए सभी पर पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को तीन-तीन माह का कारावास भुगतना पड़ेगा।

## कुएं में गिरने से मासूम की मौत

**करनैलगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के ग्राम करुआ नचनी में सोमवार को अवधेश गोस्वामी का छह वर्षीय पुत्र सौरभ घर के सामने खेलते समय कुएं में गिर गया। परिजनों व ग्रामीणों ने सौरभ को कुएं से निकाला मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। (संवाद)

amarujala.com
अमर उजाला
जोश! सच का!
गोण्डा शहर में अमर उजाला के लिए सर्वे
कार्य हेतु उत्साही युवक/युवतियों की

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार

**हरैया।** स्थानीय पुलिस ने सोमवार को बरदौलिया चौराहे पर चेकिंग के दौरान ग्रामीणों के सहयोग से डेरवा के मुन्नन को पकड़ा। इसकी निशानदेही पर चोरी की गई दो बैट्री बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है। रेहरा बाजार के हुसैनाबाद चौकी प्रभारी तेज नारायन गुप्ता ने हरीश चंद्र ग्राम मुसाहेबगंज निवासी व दिनेश यादव पोर्टरगंज निवासी को को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। (संवाद)

# पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**महाराजगंज तराई।** थाने में सात पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण जिले के अन्य थाने पर होने पर सोमवार को समारोह का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने स्थानांतरित पुलिस कर्मियों को फूल-माला पहनाकर विदाई दी। (संवाद)

# अवैध खनन में एक गिरफ्तार

**हरैया।** हरैया पुलिस ने सोमवार को अवैध खनन का मामला पकड़ा। उपनिरीक्षक सुनील कुमार पाल सोमवार को जन शिकायतों के निस्तारण में गए थे। रास्ते में सिकंदर बोझी गांव के पास अवैध खनन कर ले जाई जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज कर दिया। साथ ही मटेयरिया गांव के प्रश्नजीत को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

हिन्दुस्तान

# ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को लेकर बरजोरों ने दूधिए को पीटा

- सिर पर रॉड लगने से हालत गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती
- पुलिस ने दर्ज किया केस, आरोपितों की हो रही तलाश

बहराइच, संवाददाता। शहर के सालरगंज हसन नगर निवासी दूधिया दूध बिक्री के लिए जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को कहा तो दबंगों ने उसकी पिटाई कर दी। हमले में दुधिया घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला सालारगंज के हसन नगर के जाफर अली दूध बिक्री का कार्य करता है। वह दूध लेकर दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र के दोनक्का मार्ग पर बाइक से जा रहा था। आरोप है कि दुलारपुर टोल प्लाजा के पास सड़क पर ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। दूधिए ने ट्रैक्टर-ट्रॉली हटाने को कहा तो छोटन पुत्र समी उल्ला और एक अन्य ने अपशब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर सभी ने राड से दूधिए के सिर पर वार कर दिया। जिससे युवक घायल होकर गिर गया। उसे आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती कराया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक राम दवन मौर्य ने बताया कि एक नामजद और एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

हिन्दु

# परिवार परामर्श में तीन दम्पतियों में सुलह

बहराइच। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पर काउंसलिंग टीम के समझाने पर तीन दम्पतियों ने आपसी विवाद का पटाक्षेप किया। यह दम्पति साथ- साथ रहने को राजी हुए। इन तीनों दम्पतियों को रविवार को कुशलक्षेम जानने को बुलाया गया है।

काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, अनुराधा श्रीवास्तव व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव, महिला सिपाही निशा सिंह, निहारिका वर्मा, राशि शुक्ला, आरक्षी किरन दुबे व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलह-समझौते का प्रयास किया गया।

महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। एसएचओ शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं।

हिन्दुस्तान

# बकरी चरा रही महिला पर तेंदुए का हमला

## हमले के समय जंगल से लगी सुरक्षा खाईं के पास टीले पर बैठी थी महिला, सीएचसी मोतीपुर में भर्ती

**दहशत**

**बहराइच, संवाददाता।** निशानगाड़ा रेंज के जंगल में बकरी चरा रही महिला पर घात लगाकर सोमवार को दोपहर तेंदुए ने हमला कर दिया। जिंदगी बचाने के लिए महिला भिड़ गई। इसके साथ ही शोर सुनकर अन्य ग्रामीण भी दौड़ पड़े। इससे तेंदुआ जंगल में भाग गया। सिर में गहरी चोट लगने से महिला को पीएचसी ले जाया गया। रक्तस्राव न रुकने पर उसे मोतीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है, हालत स्थिर बनी है।



सीएचसी में भर्ती हमले में घायल हुई महिला।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज से फकीरपुरी गांव लगा हुआ है। सुरक्षा के मद्देनजर जंगल के किनारे खांई खोदी गई है। दोपहर में गांव की 43 वर्षीय लल्लू देवी पत्नी रामप्रताप बकरी चराने गई हुई थी। जंगल में बकरी चर रही थी और महिला टीले पर बैठी थी। तभी जंगल से निकलने तेंदुए ने उन पर पीछे से हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लल्लू जान बचाने के लिए तेंदुए से भिड़ गई। तभी आसपास के खेतों में मौजूद ग्रामीण भी पहुंच गए। हांका लगाने पर तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल में चला गया। हमले में महिला के सिर में गहरी चोट लगने से हालत गंभीर हो गई। गांव के लोग उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली लेकर पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर भेज दिया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर वन दारोगा टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पीड़ित के परिजनों से मुलाकात कर जानकारी ली। हमले की सूचना डीएफओ को दी गई है। इस हमले के बाद वन कर्मियों ने गांव के लोगों को सुरक्षा खाइं के पास न जाने का सुझाव दिया है, टीम कांबिंग भी कर रही है।

> महिला पर बाघ नहीं तेंदुए ने हमला किया है। घायल महिला का इलाज चल रहा है, वह स्वस्थ है। आर्थिक सहायता दी गई है। पकड़ी गई मादा तेंदुआ को ट्रांस गेरुआ में छोड़ दिया गया है।
>
> आकाशदीप बधावन, डीएफओ

**पीड़ित को मिली 5000 की सहायता : बहराइच।** डीएफओ ने बताया कि पीड़ित महिला की सेहत ठीक है।

पीड़ित महिला को आर्थिक मदद के रूप में 5000 रुपये दिए गए हैं। सुरक्षा को लेकर टीम लगाई गई है।

### ट्रांस गेरुआ में छोड़ी गई कैद तेंदुआ

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज से लगे सोमई गौढ़ी में लगाए गए पिंजरे में रविवार को मादा तेंदुआ कैद हो गई थी। चिकित्सकीय परीक्षण में स्वस्थ होने पर सोमवार को सुरक्षा के बीच ट्रांस गेरुआ में उसे छोड़ दिया गया है। तीन माह से सोमईगौढ़ी में कई बच्चों पर तेंदुए ने हमले किए थे। हमले में मौतें भी हुई थीं। हालांकि वन विभाग की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि पकड़ी गई मादा तेंदुआ हमलावर तेंदुआ ही है।



# साइबर अपराध रोकने के लिए स्थापित होगा थाना

मुकेश पांडेय • बहराइच

- साइबर अपराध रोकने की दिशा में पुलिस विभाग की पहल
- पुलिस लाइन के सामने बनेगा थाना भवन, जमीन चिह्नित

लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को रोकने की दिशा में पुलिस विभाग ने अहम पहल की है। इसके तहत जिला मुख्यालय पर साइबर थाना स्थापित होगा। भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन किया जा चुका है। इससे साइबर अपराधियों कानून के शिकंजे में लाने में आसानी होगी।

बीते अक्टूबर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिला मुख्यालयों पर साइबर थाना स्थापित करने के निर्देश दिए थे। यहां भी थाना भवन का निर्माण कराया जाएगा। थाना भवन निर्माण के लिए पुलिस लाइन के सामने जमीन चिह्नित की गई है। यहां आठ हजार वर्ग मीटर जमीन पर भवन निर्माण कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी पुलिस आवास निर्माण निगम को सौंपी गई है। अभी पुलिस अधीक्षक आवास पर साइबर सेल का संचालन किया जा रहा है, लेकिन नेपाल से सटा होने के कारण लगातार बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए साइबर थाना की जरूरत महसूस की जा रही है।

> साइबर थाना भवन निर्माण के लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द ही भवन का निर्माण पूरा कर प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती की जाएगी।
>
> –प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक



### क्या करती है साइबर पुलिस

डेटा हैकिंग, फिशिंग मेल, ओटीपी फ्राड और मोबाइल फ्राड, सेक्सटार्शन जैसे तमाम अपराध साइबर अपराधी अंजाम देते हैं। साइबर क्राइम से जुड़े मामलों को पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां देखती है। साइबर फ्राड का शिकार होने पर 1930 हेल्पलाइन नंबर पर डायल करना चाहिए।

### ये हैं साइबर क्राइम

ईमेल धोखाधड़ी, सोशल मीडिया धोखाधड़ी, बैंकिंग धोखाधड़ी, साइबर जासूसी, पहचान की चोरी, क्लिक जैकिंग, स्पाईवेयर आदि साइबर अपराध है। यहां खास तौर पर चकमा देकर ठगी के मामले ज्यादा आ रहे हैं।

### ये है कानून

साइबर क्राइम के मामलों में सूचना तकनीक कानून 2000 और सूचना तकनीक (संशोधन) कानून 2008 लागू होते हैं। कई मामलों में भारतीय दंड संहिता (आइपीसी), कापीराइट कानून 1957, कंपनी कानून, सरकारी गोपनीयता कानून और आतंकवाद निरोधक कानून के तहत भी कार्रवाई की जा सकती है।

# ... तो तराई में भी मिल रहा अतीक का 'कनेक्शन'

## बिल्डर समेत **दो को एसटीएफ ने उठाया** संदिग्धों की कुंडलियां खंगाल रहीं सुरक्षा एजेंसियां

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

भारत-नेपाल सीमा से सटे बहराइच जिले में भी अतीक का 'कनेक्शन' खंगाला जा रहा है। प्रयागराज के अधिवक्ता उमेश पाल हत्याकांड के बाद एसटीएफ व अन्य जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। माफिया अतीक अहमद व उससे जुड़े लोगों की कुंडलियां खंगाली जा रही हैं। सूत्रों कि मानें तो सोमवार को एसटीएफ ने जिले के एक बड़े बिल्डर समेत दो लोगों को उठाया है। अतीक की बेनामी संपत्तियां होने की चर्चा ने भी जोर पकड़ा है। हत्याकांड में शामिल बेटे असद अहमद का भी जिले के रास्ते नेपाल फरार होने की आशंका जताई जा रही है।



रुपईडीहा स्थित भारत-नेपाल सीमा का मुख्यद्वार • जागरण

उमेश हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे असद अहमद के अलावा गुड्डू मुस्लिम समेत अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी एसटीएफ समेत पुलिस की अन्य टीमों की नजर तराई के इस जिले पर भी टिकी है।

> एसटीएफ टीम द्वारा किसी को उठाने की जानकारी मुझे नहीं है। सीमा पर लगातार सतर्कता बरती जा रही है। एसएसबी व नेपाल के अधिकारियों से सामंजस्य बैठाकर अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। सीमा से सटे थानों को पहले से अलर्ट रखा गया है।
>
> – प्रशांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक बहराइच



जिले में अतीक अहमद के पार्टनर के भाई के नाम एक होटल के होने की आशंका है। इस बात की आशंका भी जताई जा रही है कि जो होटल है, वह अतीक की बेनामी संपत्ति है। घटना में शामिल अपराधियों के इस होटल में शरण लेने व उसके बाद नानपारा व रुपइडीहा के रास्ते नेपाल भाग निकलने की आशंका है। फिलहाल पुलिस विभाग के अधिकारी अभी इस मामले में भले ही कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं, लेकिन जल्द ही पुलिस किसी बड़े राजफाश के फेर में भी लगी है। नेपाल सीमा पर एसएसबी व पुलिस की सक्रियता बढ़ी है। हर आने-जाने वालों की सघन जांच होने के बाद ही सीमा के पार जाने दिया जा रहा है।

**जिले की महत्वपूर्ण खबरें**
**www.jagran.com पर पढ़ें**

# लाठी के सहारे बाघ से भिड़ी महिला, बचाई जान

## साहस : पांच मिनट तक किया संघर्ष, कतर्नियाघाट रेंज के कटियारा बीट की घटना

**संसू, बिछिया (बहराइच)** : महज एक लाठी के सहारे महिला बाघ से भिड़ गई। पांच मिनट तक चले संघर्ष में आखिरकार महिला जान बचाने में कामयाब रही, हालांकि इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोटें आई हैं। काका हाथरसी की सलाह 'लाठी में गुण बहुत है, सदा राखिए संग...' आखिरकार उसके काम आ ही गई।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज अंतर्गत फकीरपुरी गांव निवासी थारू जनजाति के रामप्रताप की पत्नी लल्लू देवी (48 वर्ष) जंगल के समीप स्थित अपनी गेहूं की फसल मवेशियों से बचाने के लिए खेत गई थीं। सुबह लगभग 11 बजे जंगल से निकलकर आए बाघ ने उस पर हमला बोल दिया।

लल्लू देवी हाथ में लाठी लिए हुई थीं और उसी के सहारे बाघ से भीड़ गईं। लगभग पांच मिनट तक उसका संघर्ष चलता रहा। संघर्ष के दौरान बाघ की दहाड़ व उसकी चीख सुनकर आसपास के खेत में काम

- **सिर पर आई गंभीर चोट, मवेशियों से फसल बचाने गई थी खेत**
- **स्वजन ने निजी वाहन से पीएचसी सुजौली में कराया भर्ती**



भारत नेपाल सीमा के समीप बाघ के हमले में घायल थारू महिला लल्लू देवी • जागरण

कर रहे किसानों ने हांका लगाना शुरू किया। लोगों की चहलकदमी देख बाघ ने उसे छोड़ दिया और जंगल की ओर भाग गया।

खून से लथपथ घायल महिला को स्वजन ने निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली ले जाकर भर्ती कराया। महिला के सिर में काफी चोटें आई हैं। सूचना के बाद वन क्षेत्राधिकारी ताराशंकर यादव एवं वन दारोगा मनोज पाठक घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को सतर्क रहने को कहा। वन दारोगा मनोज पाठक व अमर सिंह की जांच में घटनास्थल कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत कटियारा बीट में पाया गया।

## स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ट्रांस गेरुआ के जंगल में छोड़ी गई मादा तेंदुआ

**संसू, मिहींपुरवा (बहराइच)** : कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग स्थित मोतीपुर वन रेंज में रविवार को पिंजरे में कैद मादा तेंदुआ स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ट्रांस गेरुआ जंगल में छोड़ी गई। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज में एक बालिका समेत दो लोगों को तेंदुआ निवाला बना चुकी थी। प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र मौर्य की निगरानी में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया था। सोमईगौढ़ी निवासी मालती यादव के खेत में लगे पिंजरे में बंधे बकरे का शिकार करने के चक्कर में तेंदुआ कैद हो गई थी। तीन चिकित्सकों के पैनल ने मादा तेंदुआ का चिकित्सीय परीक्षण किया। जांच में साढ़े तीन वर्षीय मादा तेंदुआ के स्वस्थ पाए जाने पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उसे ट्रांस गेरुआ जंगल में छोड़ दिया गया।

# 13 उप निरीक्षकों समेत 29 पुलिसकर्मियों का तबादला



**जासं, बहराइच :** कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एसपी ने 13 उप निरीक्षकों समेत 29 पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें दो चौकी इंचार्ज भी शामिल हैं। तबादले के बाद से विभागीय कर्मियों की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि विभिन्न थानों में तैनात उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि नवाबगंज थाने में तैनात रहे एसआइ राघवेंद्र सिंह को बेड़नापुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है। बेड़नापुर से विपिन कुमार को कुंडासर चौकी का प्रभार दिया गया है।

कोतवाली मुर्तिहा में तैनात एसआइ कमलेंद्र प्रताप सिंह को खैरीघाट थाने में, रामगांव में तैनात रहे शैलेंद्र कुमार शर्मा को सुजौली थाना, नवाबगंज थाने से अयोध्या प्रसाद को रामगांव थाना, रामगांव में तैनात रहे रविंद्र सिंह तोमर को नवाबगंज, रुपईडीहा के आस मुहम्मद को हरदी, सुभाषचंद्र यादव को हरदी से खैरीघाट, रामशंकर यादव को खैरीघाट से सुजौली, रामदवन यादव को खैरीघाट से कोतवाली नगर, भुवनेश्वर यादव को खैरीघाट से जरवल रोड, बौंडी के गोपाल तिवारी को हुजूरपुर, रामगांव के सुनील कुमार सिंह को रिसिया थाना में तैनाती की गई है। इसके अलावा विभिन्न थानों और पुलिस लाइन में तैनात 16 सिपाहियों के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया है।

# जिंदगी की चाह और न ही नियम की परवाह

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच

यातायात नियमों को ताक पर रखकर सड़क पर फर्राटा भरने वाले किशोर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। किताब थामने वाले हाथों ने बाइक व ई-रिक्शा की स्टेयरिंग पकड़ ली है। इन्हें न तो नियमों की परवाह है और न खुद की जिंदगी की।

45 फीसद हादसे अप्रशिक्षित वाहन चालकों व नियमों की अनदेखी पर हो रहे हैं। अगर सख्ती से काम लिया जाए तो 30 फीसद हादसों में कमी लाई जा सकती है। अभी कुछ माह पहले यातायात नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नाबालिग के हाथों में स्टेयरिंग, हेलमेट व सीट बेल्ट न होने पर जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई का प्रविधान किया गया है। यातायात व्यवस्था की खामियों को काफी हद तक दूर किया गया है। परिवहन विभाग के साथ पुलिस भी सतर्क हुई है। सड़कों पर नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों पर नजर टेढ़ी किए हुए है। खासकर शहरी क्षेत्र में यातायात नियमों के उल्लंघन पर वाहनों को सीज करने के साथ हर रोज राजस्व के रूप में मोटी रकम भी वसूली जा रही है। इसका असर कुछ हद तक दिख भी रहा है, लेकिन परिवर्तन अभी भी नहीं हो पाया है। इसका खामियाजा नाबालिग जिंदगी गंवाकर भुगत रहे हैं तो दूसरे लोग भी चपेट में आकर काल के गाल में समा रहे हैं।





बहराइच-नानपारा हाईवे पर कुछ एक बाइक पर सवार होकर जाते पांच युवक व शहर में ई-रिक्शा लेकर घूमते किशोर ● जागरण

**जागरण विशेष**

- **नियमों का सख्ती से पालन होने पर 30 फीसद हादसों में हो सकती है कमी**

**नियमों की सीख दे रहे यातायात प्रभारी** : शहर में यातायात व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस पर है। यातायात प्रभारी जेपी सिंह की पहचान माइक वाले दारोगाजी के रूप में हो रही है। वजह माइक से वे शहर के हर चौक-चौराहे पर यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए जुटे रहते हैं। इसका असर है कि माइक की आवाज सुनते ही सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े वाहन लेकर चालक चलते बनते हैं। नाबालिग को रोक कर यातायात नियमों की सीख देते हैं। अन्य चालकों को नियमों की अनदेखी न करने की हिदायत देते हैं।



आसाम चौराहा पर स्कूटी सवार किशोरों को समझाते यातायात पुलिसकर्मी ● जागरण

# दो बहनों का दिनदहाड़े अपहरण, मुकदमा

**संसू, हुजूरपुर(बहराइच)** : दो बहनों का कार सवार लोगों ने अपहरण कर लिया। घटना की जानकारी स्वजन ने पुलिस को दी। दोनों आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस तलाश कर रही है।

रानीपुर थाना क्षेत्र में चचेरी बहनें दो दिन पूर्व गांव के बाहर नहर पटरी पर गईं थीं। आरोप है कि पहले से घात लगाकर बैठे दो युवकों ने दोनों का जबरन कार में बैठा लिया। बहनों के साथ गई सात वर्षीय बालिका को जानमाल की धमकी देकर सभी भाग गए।

बालिका ने घर पहुंचकर अपहरण की कहानी बताई तो स्वजन हतप्रभ रह गए। स्वजन ने जिगनिया महिपालपुर निवासी इम्तियाज व मोइन के खिलाफ लड़कियों को भगा ले जाने की तहरीर दी। छोटकऊ व गूंजा पर अपहरणकर्ताओं का साथ देने का आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष शिवनाथ गुप्त ने बताया आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही दोनों बहनों को बरामद कर लिया जाएगा।



POWERED BY
NPCI

चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। संवाद इन्हें खदेड़ने के लिए कोई नहीं पहुंचा। से भी पकड़ा जाएगा।

# तेंदुए से भिड़ गई महिला, बची जान

## मोतीपुर रेंज के खेत में काम करने के दौरान तेंदुए ने किया हमला

संवाद न्यूज एजेंसी

**मोतीपुर(बहराइच)।** कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग से सटे एक गांव में सोमवार की सुबह खेत में काम कर रही महिला पर तेंदुए ने पीछे से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से महिला सहम गई लेकिन उसने जमकर मुकाबला किया। महिला के संघर्ष और अन्य ग्रामीणों द्वारा हांका लगाने पर तेंदुआ महिला को छोड़ कर जंगल में भाग गया।

घायलावस्था में महिला को इलाज के लिए पीएचसी ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे सीएचसी मोतीपुर रेफर कर दिया। महिला के सिर में गंभीर घाव हुए हैं। ग्रामीणों का मानना है कि ये बाघ का भी हमला हो सकता है। हमले की जांच के लिए मौके पर वनटीम रवाना की गई है।

### ग्रामीण जता रहे बाघ की आशंका, जांच को गई टीम



तेंदुए के हमले में घायल महिला। -संवाद

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग का फकीरपुरी गांव जंगल से सटा है। सोमवार की सुबह गांव निवासी लल्ली देवी(40) खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान जंगल से निकले एक तेंदुए ने उसके ऊपर पीछे से हमला कर दिया। बताया जाता है, कि तेंदुए ने महिला के सिर को दबोच लिया था। लेकिन महिला ने तेंदुए के साथ संघर्ष किया और शोर मचाया।

शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे अन्य ग्रामीण भी आ गए और सभी ने हांका लगाया। कुछ मिनटों के संघर्ष के बाद तेंदुआ महिला को छोड़ कर जंगल में भाग गया। कई ग्रामीण महिला पर बाघ के हमला करने की बात कह रहे हैं। डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि अभी तक तेंदुए के हमले की आशंका है। क्षेत्रीय वन क्षेत्राधिकारी की टीम जांच पड़ताल कर रही है, रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# दो किशोरियों का अपहरण, तनाव

## रानीपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में कार सवार युवकों ने अंजाम दी वारदात, मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम शौच को गईं दो किशोरियों का कार सवार युवकों ने अपहरण कर लिया। किशोरियों के साथ गई छोटी बच्ची को जान से मारने की धमकी दी। बच्ची ने घर आकर परिजनों को आपबीती सुनाई तो उनके होश उड़ गए।

घर पर पुरुष मौजूद नहीं थे। इसके चलते अगले दिन थाने पहुंच कर गांव निवासी चार लोगों के खिलाफ अपहरण की तहरीर दी। आरोप है कि सोमवार को आरोपितों का घर जलाने का प्रयास किया गया। मामला दो समुदायों के बीच का होने के चलते गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

रानीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो 16 वर्षीय चचेरी बहनें शनिवार शाम शौच के लिए निकली थीं। उनके साथ एक 10 वर्षीय बहन भी थी। इसी दौरान अचानक पहुंचे कार सवार चार युवकों ने दोनों किशोरियों को खींच कर जबरन कार में बैठा लिया और फरार हो गए। अपहरण के दौरान चिल्लाने पर अपहरणकर्ताओं ने तीसरी बहन को जान से मारने की धमकी भी दी। वह दौड़ कर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। घटना के अगले दिन परिजन रानीपुर थाना पहुंचे और गांव निवासी समुदाय विशेष के चार युवकों पर अपहरण का आरोप लगाया।

परिजनों की तहरीर पर थाना प्रभारी ने चारों आरोपियों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। वहीं, मामला दो समुदायों के बीच का होने के चलते तनाव की स्थिति बनी हुई है। आरोप है कि सोमवार को लड़की पक्ष ने आरोपियों का घर जलाने का प्रयास किया।

इसके बाद से गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। सोमवार को एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह और सीओ सिटी राजीव सिसौदिया ने भी दलबल के साथ गांव का भ्रमण किया और शांति बनाए रखने की अपील की।

### एएसपी नगर व सीओ सिटी ने किया गांव का निरीक्षण, एततियातन पुलिस बल तैनात

"गांव निवासी दो किशोरियों के अपहरण की बात सामने आई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। सोमवार को गांव का भ्रमण कर सभी से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। गांव में पुलिस बल तैनात है। **कुंवर ज्ञानंजय सिंह,** एएसपी नगर



गांव में तैनात पुलिस बल। -संवाद

### प्रधान समेत दो पर मारपीट व छेड़खानी का आरोप

**बौंडी (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने ग्राम प्रधान व एक अन्य व्यक्ति पर उसके साथ मारपीट करने और घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। महिला ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। तेजवापुर विकासखंड के गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया कि उसके घर से कुछ दूरी पर सोख्ता गड्ढा खुदवाया जा रहा है। लेकिन गड्ढे का निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसको लेकर उसने ग्राम प्रधान से शिकायत दर्ज करवायी। लेकिन ग्राम प्रधान को शिकायत नागुजार लगी और ग्राम प्रधान ने एक अन्य सहयोगी के साथ उसके घर पर धावा बोल दिया। महिला ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान ने एक अन्य व्यक्ति के साथ उसके साथ मारपीट की।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 14-03-2023

# 62 मृत हिस्ट्रीशीटरों के अभिलेख जलाए

**लापरवाही**

श्रावस्ती। आपरेशन सफाया के तहत मर चुके 62 हिस्ट्रीशीटरों का खाका नष्ट कराया गया। एसपी के निर्देशन में सभी हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन कराया गया। इसमें उनके मृत होने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उनके अभिलेख जला दिए।



हिस्ट्रीशीटरों के अभिलेख जलाते पुलिसकर्मी।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की ओर से आपरेशन सफाया अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर नकेल कसने के साथ ही उनका सत्यापन किया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर 62 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के अभिलेख जला दिए गए। यह वे हिस्ट्रीशीटर अपराधी थे जो पुलिस अभिलेख में दर्ज थे और उनकी मृत्यु हो चुकी है। पुलिस के अनुसार अभियान में ऐसे हिस्ट्रीशीटर अपराधी जिनकी मृत्यु हो चुकी है तथा उनकी हिस्ट्रीशीट संबंधित थाने पर अभी भी चल रही थी। उनके एचएस खाका को नियमानुसार नष्ट कराया जा रहा है। बताया कि ऑपरेशन सफाया के तहत के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व सभी क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में थानों पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी अपने थाना क्षेत्र के ऐसे हिस्ट्रीशीटर जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उनका सत्यापन कर विवरण तैयार किया गया।

# 250 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

श्रावस्ती। सोमवार को गिलौला थाने के थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस टीम ने रेडगवा मोड़ चन्द्रावा के पास से एक व्यक्ति के कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद किया। बरामद चरस को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विशाल पुत्र बब्बूलाल निवासी गिलौला के रूप में हुई। मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज भेजा है।

# नियम उल्लंघन पर 47 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की। 47 वाहन नियमों का उल्लंघन करते मिले। वाहन स्वामियों पर 93 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# पुलिस व एसओजी टीम को किया सम्मानित

हरिहरपुररानी। भंगहा बाजार में बीते दिनो ज्वैलरी व रेडीमेड की दुकान से हुई लाखों की चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस व एसओजी टीम को दुकानदार ने फूलों का माला पहनाकर तथा टॉर्च गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

# गश्त कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया

श्रावस्ती। कानून व्यवस्था बनाये रखने व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस की ओर से नियमित गश्त किया जा रही है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन में विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने अपने अपने क्षेत्र में पैदत गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने लोगों से आस पास के गतिविधियों की जानकारी ली साथ ही उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इसके अलावा सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी।

# मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया

श्रावस्ती। महिला बीट पुलिस अधिकारी, शक्ति मोबाइल, नारी सुरक्षा दल की ओर से रविवार को भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता के लिए-108, पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 के बारे में जानकारी दी गई और उसके उपयोग के बारे में बताया गया।

# महिलाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**श्रावस्ती** : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के समापन पर सोमवार को वृद्धाश्रम भिनगा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक कुमार शर्मा ने महिलाओं को विभिन्न कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। माला शर्मा, संदीप यादव, अलखराम, राजकुमार, रमेश मौजूद रहे। (वि.)

## 250 ग्राम चरस बरामद

**श्रावस्ती :** गिलौला पुलिस टीम ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना रोड गिलौला निवासी विशाल को रेझावा मोड़-चंद्रावा मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 250 ग्राम चरस बरामद हुआ। आरोपित के एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। (वि.)

## 47 वाहनों का ई-चालान

**भिनगा :** यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने व नियमों का पालन कराने के लिए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच कर 47 वाहनों का ई-चालान करते हुए 93 हजार रुपये का सम्मन किया। (वि.)

## शांतिभंग में 15 पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थानों की पुलिस ने अभियान चलाकर शांतिभंग की आशंका में 15 आरोपितों को पाबंद किया। सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। (वि.)

## 'देश रहेगा सुरक्षित तो हम भी रहेंगे सुरक्षित'

**जासं, श्रावस्ती :** 62वीं वाहिनी कमांडेंट आरके राजेश्वरी के निर्देशन में सोमवार को सीमा चौकी डी समवाय ककरदरी के ककरदरी गांव में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता सहायक कमांडेंट भारत भूषण ने की। उन्होंने कहा कि हमारा देश सुरक्षित रहेगा तभी हम भी सुरक्षित रहेंगे।

सहायक कमांडेंट ने कहा कि भारत-नेपाल की खुली सीमा होने की वजह से सीमा क्षेत्र में अराजकतत्व अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं। साथ ही मानव व मादक पदार्थों की तस्करी समेत अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हम सभी को देश हित में काम करना होगा। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में सभी को एसएसबी का सहयोग करने और उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तो तत्काल सूचना देने को कहा। ककरदरी की ग्राम प्रधान के पति राजू ने एसएसबी के व्यवहार व उनकी ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्य की सराहना की। बैठक में ग्राम प्रधान पति ने गांव के सड़क की मरम्मत व जिन घरों में सोलर लाइट नहीं है, उनको सोलर लाइट की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया। बैठक में फारेस्टर अशोक कुमार सिंह, मल्हीपुर थाने के उपनिरीक्षक विपेंदर कुमार, ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य व एसएसबी जवान मौजूद रहे।

# 62 मृत हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का नष्ट कराया गया खाका

**जासं, श्रावस्ती :** आपरेशन सफाया के तहत ऐसे हिस्ट्रीशीटर अपराधी जिनकी मौत हो चुकी है तथा उनकी हिस्ट्रीशीट संबंधित थाने पर अभी भी चल रही थी, उनके एचएस खाका को नियमानुसार नष्ट कराया जा रहा है। अभियान के तहत 62 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों का एचएस खाका नष्ट कराया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि आपरेशन सफाया अभियान के तहत एएसपी प्रवीण कुमार यादव नेतृत्व में थानों पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी अपने थाना क्षेत्र के ऐसे हिस्ट्रीशीटर जिनकी मौत हो चुकी है, उनका सत्यापन कर विवरण तैयार किया गया। 67 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की मौत होना पाया गया। इसमें 62 अपराधियों का एचएस खाका नष्ट किया गया। शेष पांच अपराधियों के खाका नष्ट कराने की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।



हरदत्तनगर गिरंट थाना में मृत अपराधियों का खाका नष्ट कराती पुलिस टीम ● जागरण

# 67 हिस्ट्रीशीटरों की हो चुकी मौत, 62 का खाता बंद

## ऑपरेशन सफाया के तहत पुलिस ने चलाया अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी



हिस्ट्रीशीटर नष्ट करते पुलिस कर्मी। -संवाद

**श्रावस्ती।** कुख्यात अपराधियों की हिस्ट्रीशीट थानों में खोली जाती है। इसे अपराधी की मौत के बाद ही बंद किया जाता है। जिले में 67 हिस्ट्रीशीटरों की मौत अरसा पहले हो चुकी है। इनमें से 62 का खाता पुलिस ने ऑपरेशन सफाया में बंद किया।

कुख्यात अपराधियों की पुलिस हिस्ट्रीशीट खोलती है। इस हिस्ट्रीशीट में माह में कम से कम दो बार पुलिस हिस्ट्रीशीटरों द्वारा किए जा रहे कृत्यों को लिखती है ताकि उन पर निगरानी रहे। एक बार यदि यह हिस्ट्रीशीट खुल जाए तो अपराधी की मृत्यु व फिर लापता होने के दस वर्ष बाद बंद किया जा सकता है। लेकिन यदि इस बीच अपराधी के कार्य सराहनीय होते हैं तो उस पर निगरानी जरूर बंद कर दी जाती है।

जिले में 67 ऐसे हिस्ट्रीशीट को आपरेशन सफाया के तहत चिह्नित किया गया जिनकी मौत वर्षों पहले हो चुकी है। इसके बावजूद थानों में लगी हिस्ट्रीशीटरों की सूची में उनका नाम अंकित है। इसको देखते हुए एसपी प्राची सिंह ने सभी थानों में मृतक हिस्ट्रीशीटरों के साथ साथ ऐसे हिस्ट्रीशीट जो लापता हों और जिनका पता दस वर्ष तक न चला हो। उनकी सूची मंगवाई थी। इसमें 67 हिस्ट्रीशीटर मृत पाए गए थे जिसमें से 62 की हिस्ट्रीशीट को नष्ट करा दिया गया। अब ऐसे मृतक हिस्ट्रीशीटरों का नाम सूची से हटा दिया गया है।

पांच हिस्ट्रीशीटरों का खाता बंद करने की कार्रवाई चल रही है। एसपी प्राची सिंह का कहना है कि हिस्ट्रीशीटर का खाता बंद करना जटिल प्रक्रिया है। इसके तहत अपराधी का मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई अभिलेख एकत्र करने होते हैं। इसके बाद हिस्ट्रीशीट बंद होती है। जिले में 67 हिस्ट्रीशीटर मृत पाए गए हैं। जिनका खाका नष्ट करने की कार्रवाई चल रही हैं।

# शांतिभंग के आरोप में 15 गिरफ्तार

श्रावस्ती। पुलिस ने रविवार रात को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 15 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने सोमवार को संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 47 वाहनों का ई चालान किया। साथ ही पुलिस ने 93000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद